सूर्योदय 6:20 सूर्यास्त 5:53

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 12.3 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 14.8 न्यू | 28.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81381.36 |
| निफ्टी | 24964.25 |
| सोना | 74,810 |
| चांदी | 96,000 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 13 अक्तूबर 2024 | 28 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 297, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस में भारत की कमानी करेंगे उथप्पा

पृष्ठ 14 पर

## न्यूज शॉर्ट्स

### शिमला में लगे भूकंप के झटके, 3.0 रही तीव्रता




**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के शिमला और आसपास के इलाकों में शनिवार दोपहर 3:32 बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के मुताबिक, भूकंप की तीव्रता 3.0 थी। भूकंप का केंद्र खाशाधार, चिड़गांव में था। हालांकि, झटकों की तीव्रता कम होने की वजह से ज्यादातर लोग इन्हें महसूस नहीं कर पाए।

### पीएम ने दी देशवासियों को विजयदशमी की बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोगों को विजयदशमी की शुभकामनाएं दीं। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर कहा कि देशवासियों को विजयादशमी की असीम शुभकामनाएं। मां दुर्गा और प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से आप सभी को जीवन के हर क्षेत्र में विजय हासिल हो, यही कामना है।

### सुभाष चंद्रा बनाएंगे रतन टाटा पर बायोपिक

**मुंबई।** जी समूह के संस्थापक डॉ. सुभाष चंद्रा ने दिवंगत उद्योगपति रतन टाटा की जिंदगी पर फिल्म बनाने का ऐलान किया है। प्रसिद्ध उद्योगपति एवं टाटा संस के मानद अध्यक्ष पद्म विभूषण रतन एन टाटा का बुधवार को निधन हो गया था। सुभाष चंद्रा ने कहा कि रतन टाटा के जीवन के ऊपर एक फुल लेंथ बायोग्राफिकल फिल्म बनाई जाएगी। यह फिल्म सभी भाषाओं में बनेगी। पूरे देश और दुनिया को वियोन के माध्यम से वह फिल्म दिखाई जाएगी।

### सांसद इंजीनियर की अंतरिम जमानत बढ़ी



**नई दिल्ली।** सांसद इंजीनियर राशिद की अंतरिम जमानत 15 अक्तूबर तक बढ़ा दी गई है। राशिद को यह राहत दिल्ली की पटियाला हाउस स्पेशल कोर्ट से मिली है। उन्हें टेरर फंडिंग के केस में 10 सितंबर को कोर्ट ने अंतरिम जमानत दी थी।

### थरूर की याचिका पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट सोमवार को कांग्रेस सांसद शशि थरूर की याचिका पर सुनवाई करेगा, जिसमें दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी गई है। हाईकोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को निशाना बनाकर की गई थरूर की कथित 'शिवलिंग पर बिच्छू' वाली टिप्पणी के लिए उनके खिलाफ मानहानि की कार्यवाही रद्द करने से इनकार कर दिया था।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशालाओं का शेड्यूल जारी -पेज 2
- केसीसी बैंक में खाली पड़े पदों पर भर्तियां जल्द : कुलदीप पठानिया -पेज 6
- त्रुटियों से सराबोर सहायक पुस्तकाध्यक्षों की वरिष्ठता सूची -पेज 9
- रेल दुर्घटनाओं को लेकर कब जागेगी सरकार: राहुल गांधी -पेज 13
- ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी जीत की दरकार -पेज 14


# एचआरटीसी कर्मचारियों को भी मिलेगा चार फीसदी डीए

## गोल्डन जुबली पर सीएम सुक्खू ने 55 माह का ओवरटाइम देने का किया ऐलान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**


एचआरटीसी के 50वें स्थापना दिवस पर कर्मचारियों को संबोधित करते सीएम सुक्खू।

**हिमाचल** सरकार ने हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) के चालकों और परिचालकों को दिवाली का गिफ्ट दिया है। शिमला में एचआरटीसी के 50वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने एचआरटीसी कर्मियों को लंबित डीए, ओवरटाइम, मेडिकल बिल भुगतान सहित कई तोहफे दिए।

सीएम ने सरकारी कर्मचारियों की तर्ज पर एचआरटीसी कर्मियों को भी चार फीसदी डीए देने की घोषणा की। वहीं, इस माह 28 अक्तूबर को वेतन और पेंशन देने का भी ऐलान किया। सुक्खू ने कहा कि नौ करोड़ के लंबित मेडिकल बिलों का भुगतान एचआरटीसी कर्मियों का दो माह में कर दिया जाएगा, जबकि 55 माह से अटके 97 करोड़ के भत्ते, ओवराटाइम के रूप में 50 करोड़ देने की भी मुख्यमंत्री ने घोषणा की है। 31 मार्च तक सभी लंबित भुगतान कर दिया जाएगा। सुक्खू ने कहा कि 40 वर्ष पूर्व मेरे पिता जी ने भी एचआरटीसी में चालक के रूप में कार्य किया है, इसलिए वह एचआरटीसी कर्मियों के दर्द को समझते हैं। उन्होंने कहा कि उस वक्त निगम के बेड़े में 800 बसें थीं, जो अब 3200 से ज्यादा हैं। प्रदेश सरकार एचआरटीसी को 700 करोड़ से अधिक की ग्रांट सरकार हर वर्ष देती है, लेकिन अब एचआरटीसी को भी कार्यप्रणाली में बदलाव लाना पड़ेगा, ताकि निगम को घाटे से उभारा जा सके। इसके लिए ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट को अगले महीने में शुरू करेंगे। सुक्खू ने एचआरटीसी की कॉफी टेबल बुक का विमोचन भी किया और विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले एचआरटीसी के अधिकारियों और कर्मचारियों को सम्मानित किया। उपमुख्यमंत्री एवं परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी 50 साल से अपनी वचनबद्धता के साथ लोगों को गांव-गांव तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। एचआरटीसी में रोजाना छह लाख लोग सफर करते हैं। घाटे की हालात के बावजूद वर्तमान सरकार ने एचआरटीसी के कर्मचारियों को वेतन व पेंशन देने में एक दिन भी कोताही नहीं बरती। एचआरटीसी कर्मचारियों के वेतन पर 45 करोड़, पेंशन पर 25 करोड़ और डीजल पर 45 करोड़ खर्च कर रही है।

## दशहरा: बुराई का अंत, सत्य जीवंत


प्रदेशभर में बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व विजयदशमी हर्षोल्लास से मनाया गया। सोलन में धू-धू कर जलते रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले। वहीं, राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दशहरा पर्व की हार्दिक बधाई दी।

## पाकिस्तान में बंदूकधारियों ने वाहन पर बरसाईं गोलियां, 11 की मौत

**एजेंसी, पेशावर**



**पाकिस्तान** के उत्तर पश्चिमी खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक यात्री वाहन पर अज्ञात बंदूकधारियों की गोलीबारी में 11 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि छह अन्य घायल हो गए। अफगानिस्तान से सटे कुर्रम जिले के कांज अलीजाई क्षेत्र में बंदूकधारियों ने घात लगाकर यात्री वाहन पर हमला किया। सेना के जवानों ने पूरे इलाके को घेर लिया।

आरोपियों की तलाश में सर्च ऑपरेशन शुरू कर दिया है। इस हमले की किसी भी संगठन ने जिम्मेदारी नहीं ली है।

# कांग्रेस ने चुनाव आयोग को भेजी लिस्ट

## हरियाणा चुनाव में 20 सीटों पर ईवीएम में हुई गड़बड़ी : पवन खेड़ा

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** ने हरियाणा चुनाव में ईवीएम की गड़बड़ी का दावा करते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की है।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि 20 सीटों पर मतगणना के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी पाई गई है। इन सीटों के उम्मीदवारों ने लिखित और मौखिक शिकायतें दर्ज की हैं। पार्टी ने 20 सीटों की सूची चुनाव आयोग को भेजी है। उम्मीदवारों ने 99 प्रतिशत बैटरी चार्ज होने की लिखित और मौखिक शिकायतें की हैं। यह मुद्दा मतगणना के दिन उठाया गया था, यह एक अजीब संयोग है कि जिन मशीनों में 99 प्रतिशत बैटरी चार्ज दिखाई गई, वे वही मशीनें थीं, जिन पर कांग्रेस को हार का सामना करना पड़ा। 60-70 प्रतिशत बैटरी चार्ज वाली मशीनें वे थीं, जिन पर कांग्रेस जीती। हमारी मांग है कि जांच पूरी होने तक उन मशीनों को सील और सुरक्षित रखा जाना चाहिए। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि हम एक मीटिंग करने जा रहे हैं और एक रिपोर्ट भी तैयार होगी।

## हरियाणा में शपथ समारोह की तीसरी बार बदली तिथि, प्रधानमंत्री मोदी होंगे शामिल

# नायब सैनी 17 को लेंगे सीएम पद की शपथ

**एजेंसी, चंडीगढ़**



**हरियाणा** में नई भाजपा सरकार का शपथ ग्रहण समारोह 17 अक्तूबर को पंचकूला के सेक्टर 5 स्थित परेड ग्राउंड में होगा। पार्टी ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी।

तीसरी बार शपथ ग्रहण समारोह की तारीख बदली गई है। इससे पहले 12 और फिर 15 अक्तूबर को समारोह होने की बात सामने आई थी। 11 अक्तूबर को केंद्रीय नेतृत्व ने कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को दिल्ली बुलाया था। यहां सैनी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। जहां देर रात तक बैठक हुई, जिसमें शपथ ग्रहण समारोह और सैनी मंत्रिमंडल पर चर्चा हुई। शनिवार को सैनी वापस हरियाणा आ गए। समारोह में नायब सैनी के साथ विपुल गोयल, महीपाल ढांडा, कृष्ण बेदी, कृष्णलाल पंवार, रणबीर गंगवा, सुनील सांगवान, बिमला चौधरी, लक्ष्मण यादव, अरविंद शर्मा, श्याम सिंह राणा शपथ ले सकते हैं। शपथ समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अलावा अमित शाह और राजनाथ सिंह समेत कई केंद्रीय मंत्री और भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

## बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को होंगे बंद

**गोपेश्वर (उत्तराखंड)।** उत्तराखंड में बद्रीनाथ धाम के कपाट 17 नवंबर को रात नौ बजकर सात मिनट पर शीतकाल के लिए बंद कर दिए जाएंगे। बद्रीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने बताया कि परंपरा के अनुसार, हिंदू कैलेंडर और खगोलीय पिंडों की स्थिति के आकलन के बाद शनिवार को विजयदशमी के अवसर पर कपाट बंद करने की तिथि और समय का मुहूर्त तय किया गया। इस वर्ष बद्रीनाथ में 11 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों ने दर्शन किए हैं।

## बोइंग कंपनी करेगी छंटनी 17,000 की जाएगी नौकरी

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

**विमानन** क्षेत्र की दिग्गज कंपनी बोइंग कर्मचारियों की छंटनी करेगी। ऐसे में 17,000 कर्मचारियों को बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

कंपनी ने कहा कि सिएटल क्षेत्र में हड़ताल के मद्देनजर तीसरी तिमाही में बड़ा नुकसान हुआ है, जिसके बाद यह फैसला लिया गया है। सीईओ केली ऑर्टबर्ग ने कर्मचारियों को एक विज्ञप्ति जारी की, जिसमें उन्होंने कहा कि मौजूदा ऑर्डर पूरा करने के बाद, बोइंग 2027 में वाणिज्यिक 767 मालवाहक विमानों का उत्पादन भी बंद कर देगी। कंपनी को बढ़ते घाटे और मशीनिस्टों की हड़ताल का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण विमान कारखानों में परिचालन पांच सप्ताह के लिए रुका हुआ है। मुख्य कार्यकारी केली ऑर्टबर्ग ने कहा कि विमानन क्षेत्र की कंपनी इन दिनों काफी वित्तीय संकट से गुजर रही है, जिसे सही करने के लिए कार्यबल के स्तर को फिर से ठीक करना होगा।

# हरियाणा में कार नहर में गिरी, एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत

**एजेंसी, कैथल (हरियाणा)**



**हरियाणा** के कैथल में शनिवार को एक कार नहर में गिर गई। इस हादसे में एक ही परिवार के आठ लोगों की जान चली गई। मृतकों में तीन महिलाएं और पांच युवतियां शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि चालक को बचा लिया गया, लेकिन कार में सवार आठ अन्य लोग डूब गए। ये लोग दशहरा के मौके पर आयोजित बाबा राजपुरी मेले में जा रहे थे। वहीं, पीएम मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट साझा कर इस दुर्घटना को 'हृदय विदारक' बताया और पीड़ितों के परिजनों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की देखरेख में स्थानीय प्रशासन पीड़ितों की मदद के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भी इस हादसे पर दुख जताया है।

# हिमाचल के पांच पुलों समेत 75 प्रोजेक्ट राष्ट्र को समर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**राज्यपाल शुक्ल ने रक्षा मंत्री का जताया आभार**

**राज्यपाल** शिव प्रताप शुक्ल ने बीआरओ की ओर से प्रदेश में निर्मित पांच महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाएं राष्ट्र को समर्पित करने के लिए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त किया। देशभर में बुनियादी ढांचा विकास के लिए निर्मित 75 परियोजनाओं में प्रदेश के लिए पांच महत्वपूर्ण पुलों का निर्माण शामिल है।

राज्यपाल राजभवन से वर्चुअल माध्यम से इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं से भारत-चीन सीमा पर संपर्क और सामरिक महत्व की सड़कों, पुल व अन्य तैयारियों को बल मिलेगा। ये परियोजनाएं न केवल सेना और उपकरणों की आवाजाही को सुदृढ़ करने, बल्कि स्थानीय लोगों के सामाजिक व आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इन परियोजनाओं में एनएच-3 (मनाली-सरचू सड़क), एनएच-5 (पोवारी-पूह-शिपकिला सड़क) और एनएच-505 (खाब -समदो-ग्रांफू सड़क) पर मुन्नी (40 मीटर), भागा (30 मीटर), डोगरी (65 मीटर), हबसर (50 मीटर) और शलखर-11 (45 मीटर) सहित पांच पुलों का निर्माण शामिल है।







## न्यूज ब्रीफ

### धमकी से नहीं डरने वाला बागवान : बरागटा

**अनंत ज्ञान, शिमला।** औवेसी की पार्टी के नेता शोएब जामाई का ये कहना कि भारत का विशेष समुदाय हिमाचल प्रदेश के सेब न खरीदे बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। प्रदेश प्रवक्ता चेतन बरागटा ने औवेसी की पार्टी के शोएब जामाई के इस ब्यान की कड़ी निंदा की है। उन्होंने कहा कि बागवान ऐसी धमकियों से डरने वाला नही है। सेब बागवानी हमारे पूर्वजो की द्वारा स्थापित किया गया उद्योग है। जो हमारी आर्थिकी का प्रमुख साधन है,जिसको चलाना और संभावना बागवान भली-भांति जानता है। बरागटा ने कहा कि शोएब जमाई कान खोलकर सुन ले, बागबान अपनी मेहनत से अपनी मार्केट खुद बनाने में सक्षम है। शिमला जिला का काग्रेस नेतृत्व और यहां के मंत्री ने इस पर भी चुप्पी साधे रखी। वो बागवानी पर कुछ नही बोलते, आज जब औवेसी की पार्टी के नेता ने बागवानों को धमकी दी है उस पर भी वो चुप बैठे है। इससे एक बात स्पष्ट हो जाती है कि उनको बागवानों और बागबानों की परेशानियों से कोई लेना देना नही है।

### महंगाई भत्ता और वेतन भुगतान से मिलेगी राहत : रंजन

**दशमी रावत, रोहड़ू।** हिमाचल प्रदेश बागवानी सेवा संघ ने हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू का धन्यवाद करते हुए कर्मचारियों को महंगाई भत्ता (डीए) में 4 फीसदी वृद्धि की घोषणा का स्वागत किया है। यह वृद्धि 1 जनवरी 2023 से लागू होगी। इसके साथ ही संघ ने दिपावली से पहले कर्मचारियों को 28 अक्तूबर को वेतन प्रदान करने के निर्णय का भी आभार व्यक्त किया है। बागवानी सेवा संघ के अध्यक्ष डॉ. रंजन शर्मा, उपाध्यक्ष डॉ. समीर सिंह राणा, महासचिव डॉ. कुशाल सिंह मेहता व प्रेस सचिव डॉ. राहुल ने कहा कि यह निर्णय राज्य सरकार द्वारा कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति में सुधार और उनकी मेहनत की सराहना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि इससे न केवल कर्मचारियों को राहत मिलेगी, बल्कि उनकी काम के प्रति प्रतिबद्धता भी बढ़ेगी। संघ ने इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के बागवानों और कर्मचारियों को दीपावली की अग्रिम शुभकामनाएं दी है।

### कांग्रेस सरकार झूठ बोलने में सबसे आगे : नंदा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने नेरवा ग्राम केंद्र में सदस्यता अभियान को बल देते हुए नेरवा बाजार में सदस्यता अभियान को लेकर एक बैठक ली और घर घर सदस्यता अभियान में भाग लिया। कर्ण नंदा ने कहा की हिमाचल में कांग्रेस की सरकार झूठ बोलने में सबसे आगे हैं वो कहते थे आपको गोबर के बदले पैसे देंगे, दूध की खरीदी 100 रुपए लीटर तक बढ़ा कर किसानों की आय बढ़ाएँगे, बहनों को 1500 रुपए देंगे, 5 लाख नौजवानों को रोजगार देंगे। कांग्रेस ने वादों की झड़ी लगा दी थी लेकिन दिया किसी को कुछ भी नहीं। कांग्रेस की सरकार में केवल भ्रष्टाचार बढ़ा है और हिमाचल की जनता को तकलीफ ही मिली है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पीएम आवास योजना के अंतर्गत पहले ही देश में 4 करोड़ आवास बनाए जा चुके है और आगे 3 करोड़ नए पीएम आवास बनाए जाएंगे। केवल हिमाचल राज्य को ही पीएम आवास योजना के तहत 93 हज़ार आवास दिए गए है। पिछले वर्ष हिमाचल में त्रासदी घटी थी जिसके बाद केंद्र से 12 हज़ार पीएम आवासों को स्वीकृत किया गया था लेकिन आजतक हिमाचल की सरकार ने कोई हिसाब नहीं दिया।

### शिमला जिले में हैं सबसे ज्यादा तेंदुए

**शिमला।** जिले में सबसे ज्यादा तेंदुए हैं, उसके बाद सोलन, मंडी, सिरमौर, किन्नौर, कुल्लू, कांगड़ा, चम्बा, हमीरपुर, ऊना और लाहौल-स्पीति में इनकी संख्या ज्यादा है। जनगणना के अनुसार तेंदुओं का घनत्व 100 वर्ग किलोमीटर में 1.5 है, जबकि काले भालुओं का घनत्व थोड़ा अधिक यानी 100 वर्ग किलोमीटर में 2 है। जूलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वैज्ञानिक भीम दत्त जोशी ने कहा कि यह हिमाचल में काले भालुओं और तेंदुओं की पहली ऐसी गणना है, जो राज्य में बढ़ते मानव-वन्यजीव संघर्ष के मद्देनजर और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। यह जानकारी हिमाचल प्रदेश के वन विभाग के साथ मिलकर जुटाई गई, जिससे वन्यजीवों की बेहतर समझ हो सके और मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम किया जा सके।

### छात्रों ने पोस्टर्स से एचआईवी से सुरक्षा का दिया संदेश



**अनंत ज्ञान, इंदुरा।** महाविद्यालय इंदुरा में रेड रिबन क्लब की ओर से रील मेकिंग इवेंट का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के रेड रिबन इकाई के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इसमें छात्रों ने पोस्टर के माध्यम से रील्स निर्माण करके एचआईवी से सुरक्षा के लिए समाज को महत्वपूर्ण संदेश दिया। इसका मुख्य उद्देश्य समाज में एचआईवी से संबंधित जागरूकता फैलाना है। इस इवेंट में महाविद्यालय के 12 विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### स्वयंसेवियों ने एनएच 103 के किनारे की सफाई



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धधोल में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत प्राध्यापक महेश और मुकेश के द्वारा योग एवं प्राणायाम के साथ हुई। उसके बाद स्वयंसेवियों द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास पड़े प्लास्टिक कचरे को बोरियों में इकट्ठा किया, जिसमें पाठशाला के प्रधानाचार्य डॉक्टर सुरेश भारद्वाज प्रवक्ता अधिकारी कुलदीप शर्मा, सुनीता देवी साथ रहे। इसके बाद पाठशाला परिसर में उगी हुई झाड़ियां की कटाई की गई तथा परिसर सौंदर्यीकरण के लिए स्वयंसेवियों ने 3 घंटे तक श्रमदान किया। बौद्धिक सत्र में सेवानिवृत्त प्रिंसिपल कश्मीर कमल, जिन्होंने पाठशाला को गोद भी लिया है, स्रोत व्यक्ति के रूप में उपस्थित हुए और बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए तरह-तरह की जानकारियां साझा की। पाठशाला प्रधानाचार्य सुरेश भारद्वाज ने रिसोर्स पर्सन का बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए धन्यवाद किया।

### नाल्टी में स्कूल में करवाई संयुक्त मॉक ड्रिल



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** उत्कृष्ट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नाल्टी में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन एक संयुक्त मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें उपस्थित टीम प्रशामक विनय कुमार, कंपनी कमांडर मदन लाल शर्मा, राजेश, महेंद्र तथा सुनील चंद ने बहुत ही उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जहां एक ओर विनय कुमार ने आग के वर्गीकरण व विभिन्न परिस्थितियों में आग पर काबू पाने व सिलेंडर में लगी आग को बुझाने के तरीके वालंटियर के सामने उम्दा तरीके से प्रदर्शित किया, वहीं कंपनी कमांडर मदनलाल शर्मा ने भी आपदाओं के प्रकारों व आपातकाल के दौरान अपनाए जाने वाले आपातकालीन बचाव के तरीकों पर प्रकाश डाला जिसमें आदमी को बैसाखी, पीठ के बल उठाने, उल्टी पीठ के बल उठाने, फायरमैन लिफ्ट, दो आदमी बैसाखी तथा तीन हस्त सीट आदि शामिल रहा। इस कैंप में प्रभारी संतोष ठाकुर, सह प्रभारी केएन ठाकुर कमांडर व राष्ट्रीय सेवा योजना के सभी स्वयंसेवि विद्यमान रहे। यह बौद्धिक सभी स्वयंसेवियों के लिए काफी ज्ञानवर्धक रहा।

# सीएम ने रिमोट दबाकर किया रावण दहन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**







मुख्यमंत्री द्वारा रिमोट दबाने के बाद जलते हुए पुतले व (नीचे) सीएम को सम्मानित करते हुए।

दशहरे का पर्व देश भर में धूमधाम से मनाया जाता है। वहीं हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला की जाखू मंदिर में भी दशहरा उत्सव एक ऐतिहासिक परंपरा रही है। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने दशहरे के शुभ अवसर पर श्री हनुमान मंदिर जाखू में पूजा-अर्चना की और प्रदेश की समृद्धि के लिए प्रार्थना की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने रावण, मेघनाथ और कुंभकरण के पुतलों का दहन भी किया। विधायक हरीश जनारथा, महापौर सुरेंद्र चौहान, स्थानीय पार्षद अतुल गौतम, नगर निगम के अन्य पार्षदगण, विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि, उपायुक्त अनुपम कश्यप, पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी, नगर निगम के आयुक्त भूपेंद्र अत्री और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

बता दें कि पहले ही उपायुक्त शिमला और शिमला पुलिस अधीक्षक सुरक्षा और व्यवस्था का निरीक्षण करने जाखू मंदिर पहुंचे थे। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने कहा कि दशहरा बहुत महत्वपूर्ण उत्सव है इसको देखते हुए जाखू में भी व्यवस्था चाक चौबंद कर दी गई थी। इस दौरान एसपी शिमला संजीव कुमार गांधी ने बताया कि जाखू मंदिर में दशहरा उत्सव ऐतिहासिक परंपरा रहा है इसकी महत्वता है इसको देखते हुए पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से तैयार था। जिला प्रशासन ने भी पूरी तैयारियां की थी।

# सुन्नी में देवताओं के आगमन से आरंभ हुआ दशहरा मेला

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**



मेले के दौरान देव नृत्य करते देवलु

शिमला ग्रामीण के सुन्नी में जिला स्तरीय दशहरा उत्सव का शुभारंभ देवताओं के आगमन से हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक रामपुर एवम वित आयोग के अध्यक्ष नंद लाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस दौरान मुख्यातिथि ने देवताओं से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा की सरकार में प्रदेश में विकासात्मक कार्य करने में प्रयासरत है। उन्होंने कहा की मेले हमारी परंपरा है और हमें अपनी संस्कृति को बचाने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। इस दौरान उन्होंने लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री के माध्यम से मेला कमेटी को 50000 की राशि देने तथा अपनी ओर से 40000 की राशि देने की भी घोषणा की।

मेले में दानों देवता सुन्नी, नाग तलहा,नाग शाड़ा डूम, माता शकरोडी, देवता पन्दोई, देव कुर्गन मंडोड़, देवता बथिंदलू, माता कोयला, देवता जीजाड नलग, देवता हरशंग चनावग, सुन्नो देवता ग्राओं,देवता वाथिंदलू पंज्याली तथा शिव चेबड़ी ने मेले में शिरकत कर मेले की शोभा बड़ाई।

# 'आप' शुरू करेगी सदस्यता अभियान

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में भाजपा व युवा कांग्रेस के बाद अब आम आदमी पार्टी भी सदस्यता अभियान शुरू करेगी। इसे लेकर जल्द ही प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में पूरी रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके साथ ही संगठन की मजबूती के लिए क्या-क्या कदम उठाए जा सकते हैं, इसे लेकर आम आदमी पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुरजीत ठाकुर भी नए सिरे से अपनी रिपोर्ट प्रदेश प्रभारी को सौंपेंगे। सूचना के अनुसार इस माह के अंत तक पार्टी की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक प्रस्तावित है। देखा जाए तो प्रदेश में आम आदमी पार्टी को उम्मीदों के अनुरूप परिणाम नहीं मिले हैं। ऐसे में अब नए सिरे से सदस्यता अभियान चलाकर संगठन को चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा। इसके साथ ही अंदरखाते चर्चा यह भी है कि आगामी नवम्बर माह में प्रदेश से लेकर जिला व ब्लॉक कार्यकारिणी में भी फेरबदल किया जा सकता है। प्रदेशाध्यक्ष सुरजीत ठाकुर ने कहा कि प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक जल्द होगी। इसमें सदस्यता अभियान के साथ ही संगठन की आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

# भाजपा सदस्यता अभियान की कार्यशालाओं का शेड्यूल जारी

**अनंत ज्ञान, शिमला**

भाजपा प्रदेश महामंत्री डॉ सिकंदर कुमार ने कहा प्राथमिक सदस्यता अभियान के बाद अब सक्रिय सदस्यता अभियान 16 अक्तूबर से 31 अक्तूबर 2024 तक चरणबद्ध तरीके से चलेगा। सक्रिय सदस्यता अभियान के निमित्त प्रदेश सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति, जिला सक्रिय सदस्यता समीक्षा समिति व मंडल सक्रिय सदस्यता सहयोगी की नियुक्तियां हो चुकी है। सक्रिय सदस्यता अभियान के दृष्टिगत 14 अक्तूबर से 16 अक्तूबर, 2024 जिलाशः सक्रिय सदस्यता प्रत्यक्ष कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। जिला कार्यशालाओं में अपेक्षित श्रेणी में जिला से सम्बन्धित सांसद, विधायक एवं प्रत्याशी, जिला एवं मंडल सदस्यता टीम, मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं मंडल सक्रिय सदस्यता सहयोगी अपेक्षित रहेंगे।

इस दौरान 14 अक्तूबर को जिला चंबा, नूरपुर, पालमपुर, हमीरपुर, महासू और शिमला की आयोजित कार्यशाला में मुख्यवक्ता राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार, प्रदेश सचिव सुमित शर्मा, विधायक त्रिलोक जमवाल, प्रदेश सचिव संजय ठाकुर और पूर्व मंत्री डॉ राजीव सैजल उपस्थित रहेंगे। 15 अक्तूबर को जिला सोलन, बिलासपुर और देहरा की कार्यशाला में मुख्यवक्ता राज्यसभा सांसद डॉ. सिकंदर कुमार, राष्ट्रीय परिषद सदस्य पुरषोत्तम गुलेरिया और प्रदेश सचिव राजेश ठाकुर उपस्थित रहेंगे।

16 अक्तूबर को जिला लाहौल स्पीति, कुल्लू, मंडी, सुंदरनगर और किन्नौर की कार्यशाला में मुख्यवक्ता मुख्य प्रवक्ता राकेश जमवाल, प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष गोविंद ठाकुर और किसान मोर्चा अध्यक्ष संजीव देष्टा उपस्थित रहेंगे।

# वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट पर होगी शिक्षकों की पदोन्नति : शिक्षा मंत्री

**अनंत ज्ञान, शिमला**



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में अब शिक्षकों की पदोन्नति और वार्षिक मूल्यांकन रिपोर्ट में परीक्षा परिणाम भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। राज्य सरकार ने शिक्षकों की जवाबदेही बढ़ाने के लिए पुराने नियमों में बदलाव करते हुए यह निर्णय लिया है। कम परीक्षा परिणाम देने वाले शिक्षकों की एसीआर में नकारात्मक टिप्पणियां दर्ज की जाएगी और लगातार प्रदर्शन में गिरावट आने पर वेतन वृद्धि भी रोकी जाएगी।

शिक्षा मंत्री रोहित ने इस नए दिशा-निर्देश के तहत विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। पिछले दो दशकों में सरकारी स्कूलों में छात्रों की संख्या में 5 लाख से अधिक की कमी आई है, जिससे 500 से अधिक स्कूलों को मर्ज करना पड़ा। लागू किए गए नए नियमों के अनुसार, अब पदोन्नति केवल समय अवधि पूरी करने पर नहीं, बल्कि परीक्षा परिणाम के आधार पर भी होगी। विशेष रूप से 116 स्कूलों के 250 शिक्षकों को हाल ही में 10वीं कक्षा के परीक्षा परिणामों में 25 फीसदी से कम प्रदर्शन के कारण नोटिस जारी किए गए हैं। इन शिक्षकों को इस बार वार्षिक इंक्रीमेंट नहीं मिलेगा और ऐसे स्कूलों में जहां परीक्षा परिणाम शून्य रहा है, वहां भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# अलसिंडी में धू-धू कर जला दशानन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

अलसिंडी में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रतीकात्मक रावण जलाकर बुराई पर अच्छाई की जीत का जश्न मनाया गया। देर शाम अलसिंडी में रावण दहन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी। दूर दूर से लोग रावण दहन देखने के लिए पहुंचे।

दशहरा मेला का शुभारंभ देवता श्री देव शंकर के आगमन से हुआ। उसके पश्चात देवता की मौजूदगी में रावण दहन हुआ। दशहरा उत्सव के दौरान अलसिंडी में सांस्कृतिक एवम खेल गतिविधियों का भी आयोजन किया गया।

दशहरा उत्सव में भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश सचिव कमल ठाकुर बतौर मुख्यतिथि शरीक हुए। मुख्यतिथी ने रिबन काटकर वॉलीबॉल मैच का आगाज किया। इस मौके पर कमल ठाकुर ने प्रदेशवासियों को दशहरा पर्व की बधाई दी और कहा कि दशहरा बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व माना जाता है।कमल ठाकुर ने दशहरा कमेटी अलसिंडी के सभी सदस्यों को इस आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में इस तरह के आयोजन बहुत आवश्यक है।

वहीं लक्ष्मी नाट्य निकेतन अलसिंडी के अध्यक्ष मोहन सिंह ठाकुर ने दशहरा उत्सव के सफल आयोजन के लिए लक्ष्मी नाट्यनिकेतन अलसिंडी के सभी सदस्यों तथा समस्त गांववासियों का आभार व्यक्त किया।

# मां दुर्गा, सरस्वती, लक्ष्मी, गणेश और कार्तिकेय की धूमधाम से की विदाई

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

बाबा नाहर सिंह बजिया के धौलरा मंदिर में प्रथम नवरात्र से आरंभ हुए शारदोत्सव यानी दुर्गा पूजा उत्सव का शनिवार को धूमधाम से समापन हो गया। सुबह साढ़े 7 बजे से साढ़े 11 बजे तक मां दुर्गा की महादशमी विहीत पूजा संपन्न हुई। सुबह साढ़े 11 मां दुर्गा को पुष्पांजलि अर्पित की गई। मंदिर में हवन यज्ञ के बाद माता को भोग लगाने के बाद उनकी आरती की गई। मां के श्रृंगार को दर्पण के माध्यम से दिखाया गया व इसी के साथ महाभंडारा शुरू हो गया, जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने मां भगवती के प्रसाद को ग्रहण किया।

दोपहर डेढ़ बजे मंदिर में स्थापित कलशों सहित मां दुर्गा, मां सरस्वती, मां लक्ष्मी, भगवान गणेश व भगवान कार्तिकेय की मूर्तियों की विदाई के रूप में विसर्जन यात्रा आरंभ हुई। बाबा नाहर सिंह मंदिर परिसर से आरंभ होकर शहर के बीच से गुजर कर यह यात्रा गोविंदसगर सागर झील किनारे लुहणू मैदान में समाप्त हुई। मां दुर्गा की विदाई यात्रा शुरू होने से पहले श्रद्धालुओं ने धौलरा मंदिर में जमकर होली भी खेली। मां दुर्गा की इस दसवीं विहित पूजा व विसर्जन यात्रा में विशेष ओलंपिक भारत की राष्ट्रीय अध्यक्षा डॉ. मल्लिका नड्डा, विधायक जीत राम कटवाल व विधायक त्रिलोक जम्वाल, प्रो. जगत भूषण नड्डा, चेतना महासचिव हरीश नड्डा, बिलासपुर व्यापार मंडल के अध्यक्ष नरेंद्र पंडित भाजपा प्रदेश सहमीडिया प्रभारी स्वदेश ठाकुर, दुर्गा पूजा समिति के महासचिव प्रमोद बिट्ठू, मोहित शर्मा, दीपक शर्मा, प्रवीण कुमार, राम पाल ठाकुर, क्रांति, ओम प्रकाश गर्ग, हरीवल्लभ कौशल, सतीश सोनी, सुरेंद्र शर्मा, राजेंद्र कुमार जेपी, आशीष शर्मा, अभिलाषा शर्मा, अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा, जसविंद्र जस्सी, अश्विनी शर्मा, नगर पार्षदा संतोष जोशी व वीना पंडित, सुभद्रा नड्डा, अंजू राणा, हेमलता शर्मा, रविंद्र कपिल, अशोक सोहड़, निरूपमा सोहड़, देशराज शर्मा, प्यारेलाल शर्मा, शिवा, निक्की, सुनीता शर्मा, अमरनाथ शर्मा, सुनीता शर्मा सहित सैकड़ों भक्तजनों ने भाग लिया।

### गोबिंदसागर झील में किया मूर्तियों का विसर्जन



**शनिवार** शाम साढ़े 4 बजे यह यात्रा गोबिंदसागर झील के लुहणू घाट पहुंची। जहां से 21 मोटर बोटों के माध्यम से इन मूर्तियों को श्रद्धालुओं द्वारा झील के मध्य में ले जाया गया व झील के मध्य में ही इनका विसर्जन कर दिया गया। इस शोभा यात्रा में श्रद्धालुओं ने नाचते गाते मां के जयकारे लगाते व भजन गाते हुए सारे शहर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। विसर्जन से पहले गोबिंदसागर झील के किनारे शिमला से आए पुजारी सुधांशु महाराज के सानिध्य में मां दुर्गा की विशेष पूजा भी संपन्न हुई। विसर्जन के पश्चात दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य पुनः धौलरा मंदिर पहुंचे जहां सभी ने पुजारी से शांतिजल ग्रहण किया व इसी के साथ शारदोत्सव का समापन हो गया।

### लाखों की चोरी मामले में पुलिस के हाथ खाली

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** पुलिस थाना घुमारवीं के तहत घुमारवीं शहर में बीते 24 अगस्त को दिनदहाड़े घर में घुसकर लाखों रुपए की चोरी के मामले में पुलिस के हाथ खाली है। घटना के डेढ़ माह बाद भी पुलिस चोरों तक नही पहुंच पाई है। पुलिस की माने तो लगातार शहर में लगे सीसीटीवी की फुटेज को खंगाला जा रहा है। जांच में पुलिस के हाथ कुछ अहम सुराग भी पुलिस के हाथ लगे है और चोर जल्द ही पुलिस की गिरफ्त में होंगे। बताते चले कि बीते 24 अगस्त को दिनदहाड़े घुमारवीं शहर में चोरों ने घर में घुसकर लाखों रुपये के गहनों पर हाथ साफ कर दिया था। शिकायतकर्ता के अनुसार वह सुबह 10 बजे अस्पताल गया था जबकि उसकी पत्नी जो निजी स्कूल में अध्यपिका है। वह स्कूल चली गयी थी। जैसे ही वह अस्पताल से कुछ देर बाद वापस आए तो उनके घर का ताला टूटा हुआ था। इसके बाद वह अंदर गए तो देखा कि कमरे की अलमारी खुली हुई थी और अलमारी का सारा सामान बिस्तर पर बिखरा पड़ा हुआ था। बिस्तर पर गहनों के खाली डिब्बे पड़े हुए थे। वहीं डीएसपी घुमारवीं चंद्र पाल सिंह ने बताया कि पुलिस शहर में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। पुलिस जल्द ही चोरों तक पहुंच जाएगी और जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

# राम और लक्ष्मण ने कुंभकर्ण मेघनाद व रावण का किया वध



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

नगर के पुराना बस स्टैंड परिसर में आदर्श राम नाटक समिति के बैनर तले चल रही राम लीला के नवें दिन कुंभकर्ण, मेघनाद और अहिरावण-महि रावण वध के दृश्य दिखाए गए। इस संध्या में कलाकारों के अदाकारी देखने के लिए जन सैलाब उमड़ा। इस संध्या में समाजसेविका मल्लिका देवी ने अपनी पुत्री सुषमा शर्मा और पौत्री जाह्नवी शर्मा के साथ राम दरबार में प्रभु श्री राम से आशीर्वाद प्राप्त किया। विधिवत आरती पूजन के बाद राम लीला का मंचन शुरू हुआ। इसमें रावण कुंभकर्ण को उसकी नींद से जगा कर सारे प्रकरण से अवगत करवाता है तथा सहायता मांगता है। हालांकि कुंभकर्ण भी रावण को समझाने का प्रयास करता है कि सीता हरण ठीक कार्य नहीं है। फिर भी वह अपने भाई की सहायता के लिए निकल पड़ता है। भीषण युद्ध में कुंभकर्ण राम के हाथों मारा जाता है। जब इस बड़ी घटना का पता रावण को चलता है तो दरबार में मेघनाद दोनों वनवासियों को एक बार फिर से ललकारता है, जिसमें मेघनाद लक्ष्मण के हाथों काल का ग्रास बनता है। धीरे-धीरे रावण के सभी करीबी मृत्यु को प्राप्त हो रहे थे। फिर रावण को अपने भाइयों अहि और महि रावण का स्मरण होता है। वह सेनापति महोदर को उन्हें सहायता के लिए बुलाता है। पाताल लोक में रहने वाले इन दोना भाइयों में अहि रावण एक ऐसा राक्षस था, जो विभिषण का रूप धारण कर सकता था। इसी छल से वह राम और लक्ष्मण को पाताल लोक हर कर ले जाता है। उनकी तलाश में वीर हनुमान पाताल लोक जाकर राम और लक्ष्मण को राक्षसी बंधन से मुक्त करते हैं तथा अहि और महि रावण का वध करते हैं। अंत में श्रीराम रावण का भी वध कर देते हैं।

# राज्यों को उनके हिस्से की राशि देकर कोई एहसान नहीं कर रहा केंद्र : रामलाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



**कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर किया पलटवार**

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मंत्री रामलाल ठाकुर ने भाजपा के पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के इस वक्तव्य पर पलटवार करते हुए भारी आश्चर्य व्यक्त किया है, जिसमें जयराम ठाकुर ने दावा किया है कि यदि केंद्र सरकार हिमाचल को उसके करों का हिस्सा नहीं देती तो दिवाली से पहले हिमाचल सरकार कर्मचारियों को अग्रिम वेतन देने की स्थिति में बिलकुल नहीं होती।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए रामलाल ने कहा कि जयराम पूरे 5 वर्ष तक प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे हैं और उन्हें अच्छी तरह पता है कि हिमाचल को देश की अन्य राज्य सरकारों की तरह केंद्र सरकार से विभिन्न मदों के अधीन विभिन्न कार्यों व योजनाओं के लिए उनकी देय राशियां प्राप्त होती हैं, वहीं सभी प्रदेश सरकारों से भी हजारों करोड़ रुपए की आय कर व अन्य फीसों के रूप में केंद्र सरकार के पास जमा होती रहती हैं, जो एक संवैधानिक प्रक्रिया है। राज्यों को उनके हिस्से की राशि देना केंद्र में बैठी किसी भी सरकार का किसी भी राज्य सरकार पर कोई एहसान नहीं है।

उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री का वक्तव्य अर्थहीन व बेबुनियाद है। केवल लोगों को भ्रमित करने के लिए ऐसे आधारहीन व बेतुके वक्तव्य देना कतई उचित नहीं है इसलिए भाजपा नेताओं को संयम से काम लेना चाहिए।

**स्थापना दिवस** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने मनाया विजयदशमी पर्व और स्थापना दिवस

# संघ ने किया पथ संचलन, शस्त्र पूजन भी किया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने विजयदशमी के पावन पर्व व अपने स्थापना दिवस पर बिलासपुर नगर के स्वयंसेवकों का पथ संचलन यानी मार्चपास्ट निकाला व शस्त्र पूजन भी किया। नगर के स्वयंसेवकों का एकत्रीकरण सुबह 9 बजे रौड़ा सेक्टर स्थित बास्केटबाल मैदान में हुआ। यहीं से बैंड की धुन पर यह पथ संचलन रौड़ा सेक्टर, गुरुद्वारा चौक, कॉलेज चौक, चेतना चौक, मेन मार्कीट, चंपा पार्क चौक, गांधी मार्कीट होता हुआ पुनः रौड़ा मैदान पहुंच कर समाप्त हुआ। इस कार्यक्रम में विधायक त्रिलोक जम्वाल ने भी एक साधारण स्वयंसेवक के रूप में भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत्त अधिशाषी अभियंता जगतार सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आरएसस. के विभाग संपर्क प्रमुख सुरजीत सिंह रहे। मंच पर नगर संघ संचालक सुरेंद्र सांख्यान भी मौजूद रहे। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रभु श्री राम की तस्वीर के सम्मुख दीप प्रज्जवलित किया गया व शस्त्र पूजन भी किया गया।

मुख्य वक्ता सुरजीत सिंह ने कहा कि भगवान श्री राम ने वनवास काल में उत्तर से लेकर दक्षिण तक समस्त हिंदू समाज को एक करने का कार्य किया। सभी जनजातियों को एकत्रित कर अपनी सेना अधर्म से लड़ने के लिए तैयार की। समस्त हिंदू समाज को जागृत किया। भगवान राम ने पीड़ित, शोषित, वंचित वर्ग को हमेशा गले लगाया। उनका यह संदेश हमें मानना है व हिंदू समाज को जातिपाति के बंधन को तोड़ना होगा। लंका विजय के बाद भगवान राम ने लंका को अपने राज्य के अधीन नहीं किया अपितु उन्हीं के बीच के एक धर्मपरायण श्रेष्ठ व्यक्तित्व विभीषण को लंका का राज सौंप दिया, यही हिंदुत्व की परिभाषा है।




# चूड़धार का शिरगुल महाराज मंदिर : 52 साल बाद 'शांद महायज्ञ' में देव आस्था का महाकुंभ

सिरमौर जिले की सबसे ऊंची चोटी चूड़धार में बने शिरगुल महाराज मंदिर में 52 साल बाद शांद महायज्ञ हुआ जिसमें 20 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं ने भाग किया। बता दें कि चोटी पर 'शिरगुल महाराज' मंदिर की भी स्थापना की गई है। इन्हें सिरमौर और चौपाल का देवता माना जाता है। मंदिर को सजाने के लिए पांच क्विंटल फूल मंगवाए गए थे। सजावटी फूलों पर करीब एक लाख 25 हजार की राशि खर्च की गई।

**क्या है शांद यज्ञ**

महिषासुर के वध के बाद महाशक्ति का रूप विकराल हो गया। उन्होंने सृष्टि का संहार करना शुरू कर दिया। महाशक्ति को शांत करने के लिए शिव भगवान उनके रास्ते में लेट गए। देवी जब उधर से गुजरी तो अनजाने में ही उनका एक पांव शिव की छाती पर पड़ गया। महाशक्ति को जब अपनी भूल का एहसास हुआ और उन्होंने अपनी इस भूल की शिवजी से क्षमा मांगी। इसके बाद देवी का भयंकर रूप एक दम से शांत हो गया। इसी के बाद शांत या शांद महायज्ञ का आयोजन होने लगा।








देव जलेब के दौरान मंडी की सेरी चाणणी के पास से शाही ठाठ-बाठ से प्रस्थान करते मंडी रियासत के राजा श्रीराज माधव राय।



अद्भुत रथ में विराजमान मंडी रियासत के देव विट्ठू नारायण।



छोटी काशी मंडी में जलेब के दौरान पंक्ति में चौहार घाटी के देवता।




देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव में भाग लेने पहुंचे जिलाभर के देवी देवता अपने अस्थायी शिविर में विराजमान।

# विदेशी परिंदों की चहचहाहट से गुलजार हुआ आलन बैराज

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

हिमाचल-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित आसन बैराज विदेशी परिंदों की चहचहाहट से गुलजार होना शुरू हो गया है। आसन बैराज में अब तक साईबेरियन समेत देश-विदेश के 450 से अधिक रंग-बिरंगे मेहमान पहुंच चुके हैं। अगले महीने तक हजारों और रंग-बिरंगे परिंदों के पहुंचने की उम्मीद है।

आरओ आसन बैराज अनिल कुमार ने कहा कि सर्दियों में आसन बैराज देश-विदेश के परिंदों का पसंदीदा स्थल है। अभी साईबेरिया



से सुर्खाव समेत आधा दर्जन से अधिक प्रजातियों के करीब 450 तक जल पक्षी पहुंचे हैं। हर वर्ष जनवरी तक इनकी संख्या यहां 6,000 तक पहुंच जाती है। मेहमान परिंदों के आगमन पर हिमाचल-उत्तराखंड की सीमा पर स्थित आसन बैराज पर्यटन केंद्र में मोटर बोट बंद कर दी जाती है।

सामान्य नौकायन के लिए झील स्थल पर अलग से स्थान चिह्नित किया है, ताकि इन परिंदों को मनमाफिक झील में भ्रमण को स्थल मिले। इन पक्षियों का कलरव, आकाश में उड़कर झील में लौटना पर्यटकों को आकर्षित करता है। झील की सुंदरता में चार चांद लग जाते हैं।

## शोभायात्रा






राजगढ़। राजगढ़ के नेहरू मैदान में विजय दशमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। उड़ान वेलफेयर सोसायटी द्वारा इस मौके पर शहर में एक शोभायात्रा निकाली गई जो शिरगुल मंदिर परिसर से आरंभ होकर पुराना बस स्टेंड ,नया बस स्टेंड ,सब्जी मंडी होती हुई नेहरू मैदान पंहुची। इस शोभायात्रा में लोगों के मंनोरंजन के लिए झंकियों का आयोजन भी उड़ान वेलफेयर सोसायटी ने किया, जिसका दर्शकों ने भरपूर लुत्फ उठाया।

## जय श्रीराम



सुजानपुर । मैहरा विकास सभा की तरफ से दशहरे पर शोभायात्रा निकाली गई। इस दौरान शोभायात्रा में शामिल होते श्रीराम की सेना।



ऊना के पनोह में राम लीला मंचन के दौरान राम परिवार के साथ विधायक विवेक शर्मा जिले में कई गांवों में रामलीला का मंचन होता है।



डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में संस्कृत अनुसंधान केन्द्र जहां संस्कृति के उत्थान के लिए अध्ययन किया जाता है।

## जमासनी देवी




हिमाचल प्रदेश में चंबा से लगभग 45 किलोमीटर दूर सिढ़कुंड पंचायत के दवात में दवात महादेव मंदिर है, जो भक्तों की आस्था का केंद्र है। कहा जाता है कि इस मंदिर को पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान बनाया था।

# दशहरा हमारी सनातन परंपरा व सभ्यता का अभिन्न अंग : कुलदीप पठानिया

## विधानसभा अध्यक्ष ने शाहपुर दशहरा उत्सव के लिए कमेटी को दिए एक लाख रुपए

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

दशहरा हमारी सनातन संस्कृति, धर्म एवं सभ्यता से जुड़ा उत्सव है और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। यह उद्गार विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने शाहपुर के जिला स्तरीय दशहरा उत्सव के समापन अवसर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि हमारा लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब चुने हुए प्रतिनिधियों का आचरण अच्छा हो। उन्होंने जिला स्तरीय दशहरा उत्सव के सफल आयोजन के लिए दशहरा कमेटी को बधाई दी। उन्होंने शाहपुर दशहरा कमेटी को एक लाख रुपए देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने दशहरा के अंतर्गत करवाई गई कबड्डी तथा वॉलीबाल के विजेताओं तथा उपविजेताओं को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने दशहरा में सहयोग एवं अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों तथा अन्य लोगों को भी सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने विधिवत पूजा-अर्चना कर रावण, कुम्भकर्ण तथा मेघनाथ के पुतलों को अग्नि दी। उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने विधानसभा अध्यक्ष का स्वागत किया व आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा विधानसभा अध्यक्ष के आशीर्वाद व मार्गदर्शन में शाहपुर का यह जिला स्तरीय उत्सव आगे की ओर बढ़ रहा है इसके लिए वे सदा इनके आभारी रहेंगें। शाहपुर पहुँचने पर विधानसभा अध्यक्ष का स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। केवल पठानिया ने मुख्यातिथि को शाल-टोपी तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया।



इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर दशहरा उत्सव कमेटी के अध्यक्ष एवं एसडीएम शाहपुर करतार चंद, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीत राणा, महासचिव प्रदीप बलौरिया, वैज्ञानिक अधिकारी सुनन्दा पठानिया, ओएसडी आयुष डॉ सुनीत पठानिया, डीडी शर्मा, अजित महाजन, साहित्यकार डॉ. गौतम व्यथित, सेवानिवृत्त सचिव विस गोवर्धन सिंह, जिप सदस्य रितिका शर्मा, नीना ठाकुर, अनिल जरयाल, बरयाम सिंह, नप शाहपुर की अध्यक्ष उषा शर्मा, उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया, पार्षद निशा शर्मा, किरण, तहसीलदार शाहपुर दीक्षांत ठाकुर, नायब तहसीलदार राजिंदर पठानिया, महिला कांग्रेस के पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के अधिकारी, तथा अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# स्क्रीन टाइम बच्चों में बढ़ा रहा दूर दृष्टि दोष : डॉ. संदीप महाजन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

स्मार्ट फोन व इंटरनेट के चलते बच्चों समेत लोगों में स्क्रीन टाइम अत्यधिक बढ़ गया है। 21 वर्ष से ज्यादा आयु के लोगों में सिंड्रोम नामक आंखों की बीमारी होती है, जिसके लक्षण ड्राई आई का होना यानी आंखों की बहुमूल्य आंसुओं की परत (टियर फिल्म) का ठीक से न बनने से आंखों में खुजली का होना या बार-बार भपकना, मलना, आंखों के आसपास दर्द का होना, फ्रेश महसूस न करना इत्यादि। ड्राई आई अपने आप में एक समस्या है, जिसका इलाज आई ड्रॉप्स द्वारा कुछ दिनों या महीनों के लिए किया जा सकता है, परंतु हमेशा के लिए नहीं। उसका समाधान केवल स्क्रीन टाइम को कम करना और बार-बार आंखों का व्यायाम करना है।

इसके बारे में डॉ. संदीप महाजन पिछले 20 वर्ष से जनता को बताते आ रहे हैं और आज भी सजग कर रहे हैं। लेकिन बच्चों में बढ़ती आंखों की बीमारियों से अत्यंत चिंतित हैं। अस्पतालों में कई बच्चे मायोपिया के दोष से ग्रस्त आ रहे हैं। पहले बच्चों में माइंस 1 से 2 नंबर से चश्मे शुरू में लगते थे और 6 से 7 नंबर तक 20 से 21 वर्ष की आयु तक बढ़ते थे। उन्होंने कहा कि 99 प्रतिशत मायोपिया से ग्रस्त बच्चों के चश्में के नंबर माइनस 1 से 6 या 7 नंबर तक होते थे, पर पिछले दशक से स्क्रीन टाइम अत्यधिक बढ़ने के कारण बच्चों में माइंस नंबर 15, 20 और कुछ में तो माइनस 20 से भी ऊपर के नंबर के चश्मों की जरूरत पड़ रही है। इन बच्चों के आंखों के पर्दे अत्यधिक कमजोर हो जाते है और यदि उनकी नियमित जांच व इलाज न करवाया जाए तो अंधापन भी हो सकता है। इन जटिल बीमारियों को होने से रोका जा सकता है, यदि बच्चों का बचपन वैसा ही हो जैसा 20-30 वर्ष पहले होता था। (अनंत ज्ञान)

### विकसित देशों में 80 से 85 प्रतिशत बच्चों में यह दोष



डॉ. महाजन ने कहा कि विकसित देशों जैसे जापान व दक्षिण कोरिया, चीन इत्यादि के 80 से 85 प्रतिशत बच्चों में यह दोष पाया गया है। हमारे देश में भी यह संख्या तेजी से बढ़ रही है। इसके अलावा सफेद मोतिया की बीमारी बच्चों में बहुत बढ़ रही है जिसका कारण ज्यादा स्क्रीन टाइम के अलावा फास्ट फूड का सेवन व अत्याधिक आई ड्रॉप्स का इस्तेमाल करना है। डॉ. संदीप महाजन के अनुसार कोई भी व्यक्ति चश्मा लगाने पर डॉक्टर, इंजीनियर, उच्च बिज़नेस मैन, राजनितिज्ञ बन सकता है, यहां तक कि देश का प्रधानमंत्री या राष्ट्रपति बन सकता है, लेकिन देश पर जान न्योछावर करने वाला वीर सिपाही या फाइटर पायलट नहीं बन सकता है। अतः हमें अपने बच्चों की आंखों को दोषमुक्त करने के लिए और भयानक बीमारियों से बचाने के लिए मिलकर स्क्रीन टाइम को कैसे कम किया जाए, इस पर मंथन करना होगा। ऑनलाइन पढ़ाई को रोकना होगा और किताबों का पढ़ाई के लिए इस्तेमाल करना होगा। घरों में स्मार्ट फोन को न यूज करने के उपवास आए दिन रखने पड़ेंगे।

# धर्मशाला में धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

मुख्य सचिव हिमाचल प्रदेश प्रबोध सक्सेना ने धर्मशाला में आयोजित दशहरा उत्सव में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करते हुए रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों का दहन किया।

उन्होंने धर्मशाला के पुलिस मैदान में अपनी अर्धांगिनी अनुरीता सक्सेना के साथ विधिवत पूजा - अर्चना कर दशहरे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पुलिस ग्राउंड धर्मशाला में आयोजित दशहरा उत्सव में शिरकत करते हुए मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने सभी को दशहरे की बधाई देते हुए प्रदेश के कल्याण की कामना की।

उन्होंने कहा कि दशहरे का पर्व समाज को नैतिक मूल्यों की राह पर चलने के लिए प्रेरित करता है। आप कितने भी शक्तिशाली या सामर्थ्यवान हों लेकिन यदि धर्म मार्ग से विमुख हैं तो समाज में आपका सम्मान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि दशहरे का पर्व और भगवान श्रीराम का जीवन हमें सर्वशक्तिशाली होते हुए भी मर्यादा में रहने का संदेश देता है। इस अवसर पर एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री, आयुक्त नगर निगम धर्मशाला ज़फ़र इक़बाल, एडीएम डॉ. हरीश गज्जू, सहायक आयुक्त सुभाष गौतम, एसडीएम धर्मशाला संजीव भोट, मेला कमेटी के सदस्यों सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी व हजारों की संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले जलाए



बिलासपुर में शनिवार को दशहरा उत्सव बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान नगर के पुराना बस स्टैंड परिसर में आदर्श राम नाटक समिति के बैनर तले चल रही रामलीला के नौवें दिन कुंभकर्ण, मेघनाद और अहिरावण-महि रावण वध के दृश्य दिखाए गए। कलाकारों के अदाकारी देखने के लिए जन सैलाब उमड़ा। वहीं शनिवार की संध्या को शहर के रोड़ा सेक्टर में रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों का दहन किया गया।



## न्यूज ब्रीफ

### शाहपुर कॉलेज में क्षमता निर्माण पर हुआ कार्यक्रम



**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** राजकीय महाविद्यालय शाहपुर में समर्थ-2024 अभियान के तहत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के सहयोग से आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों की आपदा प्रबंधन और सुरक्षित निर्माण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। जानकारी देते हुए कॉलेज की प्रवक्ता आशु शर्मा ने बताया कि हर घर दस्तक के अंतर्गत आयोजित इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों की क्षमता निर्माण की गई, जिसमें उन्हें भूकंप और अन्य आपदाओं के समय सुरक्षित रहने की आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। विद्यार्थी अब इस अभियान के तहत लगभग 300 से अधिक घरों में दस्तक देंगे और लोगों को सुरक्षित निर्माण और आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक करेंगे।

### इच्छी के पास टकराने से बाल-बाल बचीं दो कारें

**अनंत ज्ञान, गगल।** शुक्रवार रात्रि इच्छी के पास दो कारें आपस में टकराने से बाल-बाल बच गईं।





हालांकि चालक अपनी-अपनी कार की गति को काबू नहीं कर सके, जिस कारण एक खाई में जा गिरी और दूसरी अनियंत्रण होकर साइड में छोटी सी पहाड़ी से जा टकराई। गनीमत रही कि को जानी नुकसान नहीं हुआ। वहीं, गगल के पुलिस जांच अधिकारी सुदेश कुमार ने बताया के दोनों पार्टियों में आपसी समझौता हो गया और पुलिस में मामला दर्ज नहीं करवाया।

### डाडासीबा में दशहरा उत्सव पर निकाली झांकियां

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** बाबा भरथरी सांस्कृतिक मंच डाडासीबा द्वारा दशहरा पर्व



धूमधाम से मनाया गया। दशहरा के अवसर पर सांस्कृतिक मंच के आयोजकों द्वारा एक भव्य झांकियां निकाली गईं। ये झांकियां डाडासीबा के राधा-कृष्ण मंदिर से आरंभ होकर जम्बल, बस्सी, बड्डल, चनौर से होते हुए वापस डाडा सीबा में समाप्त हुईं। इस दौरान मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम, लक्ष्मण, सीता माता, हनुमान सहित रावण, मेघनाथ, कुंभकरण आदि दूसरे पात्रों का रूप धरे कलाकारों द्वारा आकर्षित करने वाली झांकियां निकाली गईं।

### पेंशनर्स संघ जवाली ने सरकार का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, जवाली।** पेंशनर्स संघ जवाली खंड की एक बैठक शनिवार को ज्वाला माता मंदिर लब के परिसर में हुई। बैठक की अध्यक्षता संघ के प्रधान सुखदेव शर्मा ने की। बैठक में एरियर, 4 प्रतिशत महंगाई भत्ता व दिवाली से पहले पेंशन देने के लिए प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का धन्यवाद किया। बैठक में पेंशनरों की अन्य समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर संघ के रघुवीर सिंह लालिया , रत्न चंद धीमान, मनोहर लाल धीमान, शंकर दास सन्याल, गोपाल कृष्ण, अमरीक सिंह, सतीश पाल, गुरदीप सिंह, विनोद मनकोटिया, ओंकार सिंह, सुरजीत सिंह, लेख राज, रणधीर सिंह, शंभु नाथ, सुरेंद्र कुमार, अमरीक सिंह, चमन वरोटिया, आदि मौजूद रहे।

# पठानिया ने 229 शिक्षकों को बांटे टैबलेट

## बोले, शिक्षा क्षेत्र में डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार प्रयासरत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शाहपुर**

'शिक्षा संवाद और शिक्षक' कार्यक्रम के अंतर्गत आज शाहपुर विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक शिक्षकों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर संवाद हेतु कार्यक्रम में उपमुख्य सचेतक हिमाचल विधानसभा एवं शाहपुर के विधायक केवल पठानिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि सरकार के शिक्षा एवं प्रशासनिक कार्यों में डिजिटलीकरण को बढ़ावा प्रदान करने के प्रयासों के तहत प्रदेश में प्राथमिक स्कूल शिक्षकों को टैबलेट दिए जा रहे हैं।

उन्होंने 229 शिक्षकों, जिसमें रैत शिक्षा खंड के 165 तथा धर्मशाला शिक्षा खंड के 35 तथा कोटला शिक्षा खंड के 29 जेबीटी, मुख्य शिक्षकों तथा केंद्रीय मुख्य शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए। इसके अंतर्गत जिला कांगड़ा के प्राथमिक शिक्षकों को 2726 टैबलेट दिए जा रहे हैं। इस पहल का उद्देश्य शिक्षण कार्यों में आधुनिकरण को बढ़ावा देना, डिजिटल शैक्षणिक संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित करना और डाटा अपडेट करने जैसे प्रशासनिक कार्यों को सरल बनाना है। इस सुविधा से शिक्षा में गुणात्मक सुधार होगा। इसके अतिरिक्त इन टैबलेट के माध्यम से शिक्षक ऑनलाइन ट्रेनिंग कार्यक्रमों में भाग लेकर और अधिक जानकारी प्राप्त कर सकेंगें। उन्होंने कहा है कि प्रदेश सरकार शिक्षा के क्षेत्र में गुणात्मक सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा रही है ताकि सरकारी शिक्षण संस्थानों में पढ़ रहे बच्चों को अधिक से अधिक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में रैत, धर्मशाला तथा कोटला शिक्षा खंड के प्रतिनिधियों ने अपने-अपने खंड के बारे में विस्तृत जानकारी पावर प्वाइंट के जरिए प्रस्तुत की।



### जिले में जल्द भरे जाएंगे शिक्षकों के रिक्त पद

**पठानिया** ने कहा कि जिलेमें 498 जेबीटी शिक्षकों की भर्ती की गई है और शीघ्र ही अन्य रिक्त पड़े पदों को भरा जाएगा। उन्होंने शिक्षकों से आह्वान किया कि वे स्कूलों में बच्चों की संख्या बढ़ाने हेतु मिशन मोड पर कार्य करते हुए महिला मंडलों, पंचायत प्रतिनिधियों से संवाद करें। उन्होंने उपनिदेशक शिक्षा को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि कम से कम शिक्षा खंड कार्यालय पर एक प्रोजेक्टर हो, ताकि पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन का काम सुगमता से हो सके। उपनिदेशक अश्वनी भट्ट ने आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिये गए दिशा-निर्देशों एवं सुझावों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

### शाहपुर में जिला स्तरीय दशहरा उत्सव के लिए मुख्यमंत्री और विस अध्यक्ष का जताया आभार



उपमुख्य सचेतक केवल पठानिया ने शनिवार को जिला स्तरीय शाहपुर दशहरा के समापन पर कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू तथा विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया के आशीर्वाद व मार्गदर्शन में शाहपुर का यह जिला स्तरीय उत्सव आगे की ओर बढ़ रहा है, इसके लिए वे सदा इनके आभारी रहेंगे। शाहपुर पहुंचने पर विधानसभा अध्यक्ष का स्थानीय लोगों ने भव्य स्वागत किया। केवल पठानिया ने मुख्यातिथि को शॉल-टोपी तथा स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शाहपुर के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। वहीं, जिला स्तरीय दशहरा उत्सव के समापन अवसर पर पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने कहा कि दशहरा हमारी सनातन संस्कृति, धर्म एवं सभ्यता से जुड़ा उत्सव है और बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। उन्होंने जिला स्तरीय दशहरा उत्सव के सफल आयोजन के लिए दशहरा कमेटी को बधाई दी। उन्होंने शाहपुर दशहरा कमेटी को एक लाख रुपये देने की घोषणा की। इस अवसर पर उन्होंने दशहरा के अंतर्गत करवाई गई कबड्डी तथ बॉलीवाल के विजेताओं तथा उपविजेताओं को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने दशहरा में सहयोग एवं अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों तथा अन्य लोगों को भी सम्मानित किया। विधानसभा अध्यक्ष ने विधिवत पूजा-अर्चना कर रावण, कुम्भकर्ण तथा मेघनाथ के पुतलों को अग्नि दी।

## हैप्पी बर्थडे



अणु खुर्द (हमीरपुर) की यशवी को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



गवाह (दाड़लाघाट) के प्रदीप महाजन को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## शादी मुबारक



समूरकलां के राजेश और सलोह की ऊषा को परिणय सूत्र में बंधने पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

# पार्षद ने रामायण सांस्कृतिक संध्या प्रतियोगिता के विजेता किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



श्री रामलीला सभा कांगड़ा द्वारा नगर परिषद मैदान में रामायण सांस्कृतिक संध्या प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया जिसमें परिधान प्रतियोगिता ,समूह नृत्य, एकल नृत्य व रामलीला से संबंधित पात्रों के अभिनयों की प्रतियोगिता करवाई गई । इस मौके पर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष व पार्षद कांगड़ा सौरभ चौधरी ने मुख्यातिथि के रूप में पहुंचकर विजेता बच्चों को सम्मानित किया। एकल नृत्य में श्रेया पहले, रिद्धिमा दूसरे व वादांशी कॉल तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप डांस में सेंट जेम्स स्कूल विजेता रहा। इसी तरह परिधान प्रतियोगिता में पहला स्थान आरवी सोनी, दूसरा नमित व तीसरा स्थान मान्या ने हासिल किया। पार्षद सौरभ चौधरी ने कहा कि इस तरह के आयोजनों के लिए आयोजनकर्ता, प्रतियोगिता में भाग लेने वाले बच्चों के अभिभावक बधाई के पात्र हैं जो बच्चों को प्रोत्साहित करते रहते हैं, जिससे उन्हें अच्छी शिक्षा मिलती है। रामायण सांस्कृतिक संध्या के दौरान जज की भूमिका डी आर सागर, डॉक्टर अरुणदीप शर्मा, चिंकी गुप्ता ने निभाया। इस अवसर पर श्री रामलीला सभा के अध्यक्ष अजय वर्मा, उपाध्यक्ष राकेश मेहरा, राजेश चौधरी, विपिन मेहरा सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# अंगद के पांव जमाने के दृश्य ने मोहा सबका मन

## कांगड़ा में अंगद-रावण संवाद, मेघनाद वध सहित विभिन्न रामलीलाओं का हुआ मंचन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा में चल रही रामलीला के दौरान लक्ष्मण मूर्छित, अंगद का रावण संवाद, मेघनाद वध सहित विभिन्न रामलीलाओं का मंचन किया गया। राम, सुग्रीव विभीषण, जामवंत, हनुमान आदि द्वारा विचार-विमर्श के बाद अंगद को शांति का प्रस्ताव के साथ रावण के पास भेजा गया लंका पहुंचकर अंगद द्वारा रावण को समझने का प्रयास किया गया, परंतु रावण ने शांति के प्रस्ताव को ठुकरा दिया।

इस दौरान रावण के दरबार में अंगद के पैर जमाने वाले दृश्य ने सबका मन मोह लिया। वहीं, मेघनाद के बाण से लक्ष्मण के मूर्छित होने पर राम की व्यथा सुन लोग भावुक हो उठे। मेघनाद के बाण चलाने पर लक्ष्मण के मूर्छित हो जाने पर दर्शकों की आंखें नम हो गई वही सुषेण वैद्य द्वारा बूटी पिलाते ही लक्ष्मण उठ जाते हैं। बाद में लक्ष्मण और मेघनाद युद्ध में मेघनाद मारा जाता है। मेघनाद का वध होने पर पूरा पंडाल एक बार फिर जय श्री राम के जयकारों से गूंज उठता है।



**रामलीला में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे टांडा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर मुकुल भटनागर**

इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे टांडा मेडिकल कॉलेज के डॉक्टर मुकुल भटनागर ने विजेता बच्चों को सम्मानित किया। उन्होंने रामलीला सभा को 11000 रुपए की राशि दान स्वरूप भेंट की। इस मौके पर रामलीला सभा के अध्यक्ष अजय वर्मा, उपाध्यक्ष राकेश मेहरा, मुकेश मेहरा, संजय कोच, राजेश चौधरी, इशांत चौधरी, मनोज कुमार सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# कोस्ट गार्ड ने अपने बहादुर कमांडेंट राकेश राणा को दी अंतिम विदाई

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

बैजनाथ उपमंडल के संसाई गांव से तालुक रखने वाले कोस्ट गार्ड में कमांडेंट राकेश कुमार राणा की



शहीद कमांडेंट राकेश कुमार राणा की फाइल फोटो

शहादत और बहादुरी की खबरें भारत के समाचार पत्रों में तो खूब प्रकाशित हुई लेकिन वीरभूमि हिमाचल के मीडिया में राकेश राणा के बलिदान की चर्चा न होने से क्षेत्र की जनता को उनकी प्रतिभा, साहस, वीरता और शहादत की सूचना से लंबे समय तक वंचित रहना पड़ा।

दरअसल गुजरात के पोरबंदर में समंदर के पास मोटर टैंकर हरी लीला का एक क्रू मेंबर जख्मी था और 2 सितंबर की रात करीब 11 बजे जहाज से जब भारतीय तटरक्षक बल को सहायता के लिए इमरजेंसी कॉल आई तो कोस्टगार्ड ने अपने एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर एएलएच 835 स्क्वाड्रन के पायलट कमांडेंट राकेश राणा के नेतृत्व में उनकी मदद के लिए भेजा।

समंदर में गए हेलिकॉप्टर को अत्यधिक खराब मौसम की वजह से इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी और वह समंदर में गिर पड़ा, जिस वजह से उसमें मौजूद कोस्टगार्ड के अधिकारी और जवान शहीद हो गए। इसमें चालक दल के एक सदस्य को तो बचा लिया गया, जबकि दो अन्य के शव बरामद किए गए। दुर्घटना में मृतक चालक दल के दो सदस्यों की पहचान कमांडेंट (जेजी) विपिन बाबू और करण सिंह, प्रधान नाविक के रूप में हुई। (अनंत ज्ञान)

### साहसी पायलट थे राकेश राणा : प्रो. अरुण

**सीएसआईआर** पालमपुर में सेवारत उनके चचेरे भाई प्रो. अरुण बरवाल ने अपने भाई की शहादत को सलाम करते हुए अश्रुपूरण नेत्रों से बताया कि फौजी परिवार से संबंधित 39 वर्षीय कमांडर राकेश राणा का जन्म सूबेदार बलदेव सिंह राणा और मां मीरा राणा के घर 7 नवंबर 1985 को तहसील बैजनाथ, जिला कांगड़ा के संसाई गांव में हुआ था। सशस्त्र बलों के माध्यम से राष्ट्र सेवा की विरासत को आगे बढ़ाते हुए राकेश देश की सेवा करने वाले चौथी पीढ़ी के सैनिक थे। राकेश राणा असाधारण वीर और साहसी पायलट थे, जिन्होंने हाल ही में गुजरात में प्रतिकूल मौसम के दौरान कई बचाव अभियान चलाए थे और पोरबंदर के तटरक्षक वायु एन्क्लेव में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों से दो दिनों के दौरान 15 महिलाओं और 11 बच्चों सहित कुल 61 लोगों को बचाया था। राकेश राणा के परिवार में उनकी पत्नी सोनिया राणा और आठ साल की बेटी अमायरा राणा हैं। उनकी यूनिट ने शनिवार को सैन्य सम्मान के साथ वीर योध्दा पायलट कमांडेंट राकेश राणा को अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर उनके परिवारजन पोरबंदर में मौजूद रहे। बैजनाथ क्षेत्र के नागरिकों और राणा परिवार को देश के लिए उनके द्वारा दिए गए सर्वोच्च बलिदान पर गर्व है।

### नौरा में जलाया रावण का पुतला

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव की ग्राम पंचायत नौरा के जय मां पिंडेश्वरी मंदिर के प्रांगण में जय मां पिंडेश्वरी क्लब नौरा के तमाम सदस्यों द्वारा दशहरा पर्व के उपलक्ष्य पर रावण का पुतला जलाया गया। इस मौके पर ग्राम पंचायत नौरा के प्रधान विकास धीमान ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि दशहरा हर वर्ष आता है और हम रावण का पुतला भी जलाते हैं, लेकिन हम अपने अंदर की बुराइयों को कभी नहीं जलाते। वे हर साल रावण के पुतले की तरह हमारे मन के भीतर पनपती रहती हैं। हमें इन्हें जड़ से खत्म करना होगा। इस बीच उन्होंने रावण के पुतले का दहन किया।



### पत्रकार को मारने की धमकियां देने पर प्रेस क्लब जवाली में रोष

**अनिल छांगू, जवाली।** जय जालपा प्रेस क्लब जवाली ने कोटला के दैनिक समाचार पत्र के पत्रकार जीवन कुमार को मारने की धमकी देने पर कड़ा संज्ञान लिया है। जीवन कुमार ने खनन माफिया के खिलाफ आवाज उठाई थी, जिससे खनन माफिया बौखला गया तथा उसे जान से मारने की धमकी दे रहा है। जीवन कुमार ने शिकायत में बताया है कि राहुल ने उसको गाली-गलौज किया तथा मारने की धमकी दी है। इस बारे में पुलिस चौकी कोटला में लिखित शिकायत भी दर्ज करवाई है। प्रेस क्लब जवाली के अध्यक्ष मनजीत कौंडल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील दत्त ने कहा कि कुछ छुटभैया लोग लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की आवाज को दबाने की कोशिश कर रहे हैं जिसे सहन नहीं किया जाएगा। प्रेस क्लब जवाली ने एसपी नूरपुर अशोक रतन व डीएसपी जवाली वीरी सिंह से मांग उठाई है कि राहुल अवस्थी के खिलाफ कार्रवाई की जाए अन्यथा पत्रकार समूह सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। इस मौके पर उपाध्यक्ष डॉ. एनके शर्मा, सदस्य ललित शर्मा, राम प्रकाश वत्स, शिव कुमार, दीपक शर्मा, राजेश कौंडल, राजेश कतनोरिया, रशपाल सिंह सोनू, चैन सिंह इत्यादि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### न्यूज चैनल पर एफआईआर पत्रकारिता पर हमला : संजय

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा ने हिमाचल के एक मीडिया



संस्थान पर सुक्खू सरकार द्वारा की गई एफआईआर की निंदा की है। मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में संजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सीधा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला किया है। सुक्खू हिमाचल में पत्रकारिता का गला घोंटने का प्रयास कर रहे हैं। इंदिरा गांधी के समय में भी ऐसे ही एफआईआर करके पत्रकारिता का गला घोंटा जाता था। सुक्खू भी हिमाचल में ऐसा ही कर रहे हैं। यह पत्रकारिता पर हमला है। स्वतंत्र आवाज को दबाने की कोशिश है। आश्चर्य यह है कि इस विषय पर हिमाचल के उपमुख्यमंत्री क्यों चुप हैं? वह तो खुद बहुत बड़े पत्रकार रह चुके हैं। उन्होंने हमेशा निडर होकर पत्रकारिता की है। लेकिन अब चुप बैठे हैं।

# दिव्या बेस्ट गाइड और हर्षित ने जीता बेस्ट स्काउट का खिताब

**राकेश डोगरा, डरोह**



पारस स्कूल भवारना में 9 से 11 अक्तूबर तक तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रवेशिका शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 161 बच्चों ने भाग लिया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में संजय शर्मा डीएसपी डरोह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। विद्यालय के निदेशक महेश चंद कटोच व प्रधानाचार्या नीलम राणा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। शिविर के प्रथम दिवस बच्चों को अल्फा, ब्रेवो ,चार्ली और डेल्टा समूह में बांटा गया और प्रार्थना, प्रतिज्ञा, नियम और सेल्यूट के प्रकार सिखाए गए। शिविर के दूसरे दिन बच्चों से अनेक प्रकार की खेलें करवाई गईं। बच्चों को सांस्कृतिक कार्यक्रम और मार्च पास्ट के कौशल सिखाए गए। तीसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की रिहर्सल हुई। बच्चों ने अनेक प्रकार के रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें बच्चों द्वारा नशा मुक्ति और धर्म पर आधारित मूक लघु नाटिका पेश की और सभी धर्मों को एक समान समझने की सीख दी।

**पारस स्कूल में तीन दिवसीय स्काउट एंड गाइड प्रवेशिका शिविर संपन्न**

इसके साथ-साथ बच्चों ने एकल नृत्य व सामूहिक नृत्य पेश करके दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। शिविर में बेस्ट गाइड के लिए कक्षा ग्यारहवीं की दिव्या और बेस्ट स्काउट के लिए कक्षा नवमी के हर्षित को स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया। (अनंत ज्ञान)

# किशोरी लाल बोले, बैजनाथ में गांव-गांव तक पहुंचाया विकास



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

मुख्य संसदीय सचिव कृषि, पशुपालन, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज किशोरी लाल ने शनिवार को नौरी में 3 लाख से बने सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। इस अवसर उन्होंने उपस्थित लोगों को नवरात्रों तथा दशहरे की बधाई व शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने कहा कि बैजनाथ हलके में गांव-गांव तक विकास पहुंचाने का प्रयास किया गया है और लोगों की सुविधाओं तथा जरूरतों के हिसाब से विकास को आगे बढ़ाया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में बैजनाथ विधान सभा में प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास किया गया है। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष वीरेंद्र जम्वाल, प्रधान नौरी मोनु देवी, प्रधान हनुमान मंदिर कमेटी राजिंदर सिंह, रंजीत कुमार, संत राम, राज कुमार, जय सिंह, प्यार सिंह, ज्ञान चंद, नीलम सूद, सुभाष चंद, दीप चंद, कृष्ण पाल सिंह, सुख दियाल सहित इलाके के लोग उपस्थित रहे।

**नौरी में सामुदायिक भवन का किया लोकार्पण**

**धार्मिक**

## प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष ने की श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा के लिए 1 लाख देने की घोषणा

# आरएस बाली ने परिवार सहित मां चामुंडा के दर नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) आरएस बाली ने परिवार सहित श्री चामुंडा मंदिर में माथा टेका और पूर्णाहुति डाली। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी ओम व्यास, हरीश कुमार और ओम प्रकाश ने उनसे विधिवत पूजा-अर्चना करवाई। मंदिर पहुंचने पर उनका एसडीएम मुनीष शर्मा, मंदिर अधिकारी राकेश चौधरी, ट्रस्ट सदस्य प्रताप रियाड़, राजा अवस्थी, पवन गोस्वामी, कृष्णा कानूनगो और वरिष्ठ पुजारी ओम व्यास ने मां की चुनरी और फोटो देकर स्वागत किया।



आरएस बाली ने अधिकारियों को मंदिर में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा का हर तरह से ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा मंदिर में आने वाले श्रद्धालु हमारे मंदिरों और प्रदेश की शान है और उन्हें हर तरह की सुविधा यहां मिले यह सुनिश्चित करना हमारा प्रथम दायित्व होना चाहिए। उन्होंने कहा मां का आशीर्वाद प्रदेश के समस्त नागरिकों पर बना रहे। उन्होंने मंदिर के विकास के लिए हर तरह से सहायता करने का आश्वासन दिया। उन्होंने मंदिर में श्रद्धालुओं के बैठने की सुविधा के लिए 1 लाख रुपए देने की घोषणा की। उन्होंने हवन-यज्ञ में बैठने वाले पुजारियों की राशि 700 रुपए से बढ़ाकर 1100 रुपए करने की भी घोषणा की।

शरद नवरात्रों के पूर्णाहुति के इस शुभ अवसर पर बाली परिवार सहित, पूर्व मेयर देवेंद्र जग्गी, पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू, प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय वर्मा, एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल, मंदिर अधिकारी राकेश चौधरी, वरिष्ठ कांग्रेस सदस्य सुभाष कुमार, बीडीसी अध्यक्ष अंजना कुमारी, ट्रस्ट सदस्य प्रताप रियाड़, राजा अवस्थी, पवन गोस्वामी और कृष्णा कानूनगो को मौजूद रहे।

### बज्रेश्वरी मंदिर में चढ़ा कुल 8.27 लाख चढ़ावा

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** शनिवार को शरद नवरात्रों के समापन पर श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर कांगड़ा में सुबह 5 बजे मंदिर के कपाट खुले तो मंदिर में श्रद्धालुओं का जाना शुरू हुआ। मंदिर मे पुलिस वा होमगार्ड के जवानों का चारों ओर कड़ा पहरा था। मंदिर में आ पूरा दिन लोग कन्यापूजन कर मां भगवती का आशीर्वाद लेते रहे। मंदिर अधिकारी नीलम राणा से बात की तो उन्होंने बताया कि इन नवरात्रों में मंदिर प्रशासन ने यहां आने वाले श्रद्धालुओं को वे तमाम सुविधाए दीं, जो उन्हें मिलनी चाहिए थी। उन्होंने बताया कि मंदिर में नवरात्रों में श्रद्धालुओं ने कुल चढ़ावा 8 लाख 27 हजार 460 रुपए चढ़ाया।



### नशे की बुराई पर होगी हमारी जीत : राजन

**इंदौरा।** शनिवार को कृष्णा रामलीला क्लब इंदोरा द्वारा दशहरे का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया, जिसमें मुख्यातिथि के रूप में विधायक मलेंद्र राजन पहुंचे। इस मौके पर हजारों दर्शकों ने रावण वध का आनंद उठाया। विधायक ने ने अपने संबोधन में कहा कि जिस प्रकार श्री राम जी द्वारा बुराई पर अपनी जीत हासिल की थी वैसे ही आज हमें इस नशे की लड़ाई में अपनी जीत हासिल करनी है। पुलिस तो इसके खिलाफ खड़ी है लेकिन आम जनता को भी अपना सहयोग कर इस नशा रूपी रावण को समाप्त करना है।

### 90 ग्राम चरस बरामद

**बैजनाथ।** उपमंडल बैजनाथ के चढ़ियार क्षेत्र के टांची चौक से भुलाणा की ओर श्मसानघाट के समीप लगाए पुलिस नाके के दौरान रक्षपाल निवासी वडकुट से 90 ग्राम चरस बरामद की है। डीएसपी बैजनाथ अनिल शर्मा ने इस मामले की पुष्टि की है।

## न्यूज ब्रीफ

### हिस्टोरिकल कैलेंडर का किया विमोचन



**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन के कस्बा बड़ा की प्रसिद्ध समाजसेवी संस्था सर्व समाज कल्याण सभा की शनिवार को विशेष बैठक प्रधान सुभाष कौंडल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सभा के वरिष्ठ सलाहकार गुरदियाल सिंह, महासचिव देवराज गोस्वामी, कोषाध्यक्ष सुदर्शन सिंह जरियाल, जगदीश पटियाल, परमजीत सिंह आदि उपस्थित रहे। इस दौरान संस्था के वरिष्ठ सलाहकार एवं समाजसेवी गुरदियाल सिंह द्वारा बनवाए गए हिस्टोरिकल कलेंडर का विमोचन किया गया। गुरदियाल द्वारा सभा के प्रत्येक सदस्य को यह कैलेंडर भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त सभा ने अपना आईडी कार्ड भी जारी किया। इस अवसर पर सुभाष कौंडल ने कहा कि सभा अतिशीघ्र क्षेत्र में सोशल एक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए अपना रोड मैप तैयार करेगी और उसे अतिशीघ्र धरातल पर उतारेगी। (अनंत ज्ञान)

### चार युवकों पर मारपीट का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन पुलिस थाना के अंतर्गत चोडू के गांव चुकराला के आयुष कुमार पुत्र कुलवंत सिंह ने चार युवकों पर मारपीट का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में आयुष ने बताया कि क्षेत्र के अंकुश, लकी, आर्यन और अमित कुमार उन्हें गाली-गलौज कर रहे थे, जब उन्हें ऐसा करने को मना किया तो उन्होंने मारपीट कर दी, जिससे गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ शिकायत मामला दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है।

### संघ के स्थापना पर पटलांदर में किया शस्त्र पूजन

**संजीव चौहान, टौणी देवी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना दिवस व विजयादशमी के अवसर पर पटलांदर खंड कुठेड़ा हमीरपुर में पथ संचलन का आयोजन हुआ। संचलन में करीब 150 स्वयंसेवक कदम से कदम मिलाते हुए कुठेड़ा बाजार, कुठेड़ा स्कूल और टिब्बी पेट्रोल पंप और के विभिन्न मार्गों से गुजरे। वहीं, घोष (आरएसएस का बैंड) की स्वर लहरियों ने कुठेड़ा एवं गांववासियों को अपनी ओर आकर्षित किया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों की ओर से स्वयंसेवकों के पथ संचलन पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 6 उत्सवों में से एक विजयादशमी को संघ अपने स्थापना दिवस के रूप में भी मनाता है, शनिवार को पटलांदर खंड कुठेड़ा और जिला में करीब 5 स्थानों पर पहले शस्त्र पूजन हुआ, इसके बाद पथ संचलन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवक पूर्ण गणवेश में कदम से कदम मिलाते हुए देश में एकता और अखंडता का संदेश देते दिखे। इससे पहले स्वयंसेवकों ने वर्ष भर चलने वाले शारीरिक कार्यक्रम दंड, योग, सूर्य नमस्कार, नियुद्ध और घोष का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रमों में संघ से जुड़े वरिष्ठ प्रचारक और कार्यकर्ताओं ने अपने संबोधन में आतंकवाद, उग्रवाद समेत अन्य देश विरोधी ताकतों से निपटने के लिए समाज को हमेशा तत्पर रहने का संदेश दिया, साथ ही शस्त्र पूजन का महत्व भी बताया। मुख्य वक्ता राजेंद्र शर्मा (उत्तर क्षेत्रीय सह व्यवस्था प्रमुख), कार्यकम मुख्यातिथि मंहत श्री शिव गिरी जी महाराज (शिव मंदिर भड़मेली) अन्य मंदिर के महंत और पटलांदर खंड के संघ चालक चंद्र सुमन, अन्य संघ गणमान्य सदस्य और स्वयंसेवक मौजूद रहे। वहीं, सचिन मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



# फसल बीमा योजना के तहत हुए नुकसान का किसानों को मिला मुआवजा

## किसानों के खाते में पहुंची छह करोड़ 79 लाख रुपए की राशि

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



प्राकृतिक आपदा से किसानों की फसलों को हो रहे नुकसान पर किसानों के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना वरदान साबित हो रही है। हमीरपुर जिला में वर्ष 2023 में मक्की फसल को प्राकृतिक आपदा से काफी नुकसान पहुंचा था।

भारी बारिश से जहां किसानों की फसलें मिट्टी में दब गई थी, वहीं किसानों के खेत खड्डों के उफान में बह गए थे। हालांकि, वर्ष 2024 में हुए फसल बीमा की राशि बाद में दी जाएगी जिन किसानों को नुकसान हुआ है। गौर रहे कि जिला हमीरपुर लगभग 76 हजार किसान हैं और इनमें से लगभग 25 हजार किसानों ने फसल बीमा करवाया था। यही वजह है कि हमीरपुर जिला को इस बार मुआवजे के तौर पर 10 करोड़ रुपए की राशि जारी हुई है, जोकि प्रदेश भर में सबसे अधिक है। ऐसे में जिन किसानों ने अपनी फसलों का समय पर बीमा करवाया होगा, उन किसानों के खाते में खुद व खुद मुआवजे की राशि पहुंच जाएगी। क्षेमा जनरल इंश्योरेंस कंपनी अब तक हमीरपुर जिला के किसानों के खाते में छह करोड़ 79 लाख रुपए की राशि जमा करवा चुकी है। जबकि, तीन करोड़ 20 लाख रुपए की राशि जमा करवाना शेष है।

बता दें कि कृषि विभाग समय-समय पर किसानों की मक्की, गेहूं और धान की फसल का बीमा करवा रहा है, ताकि किसानों की फसल प्राकृतिक आपदा के चलते खराब होती है, तो उन्हें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत मुआवजा राशि मुहैया करवाई जा सके। ऐसे में किसान समय-समय पर अपनी फसलों का बीमा करवा कर इस योजना का लाभ उठा रहे हैं। ऐसे में जो किसान अभी तक फसल बीमा नहीं रहे हैं, वह अपनी फसल का बीमा करवाना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा मौसम आधारित बीमा नादौन तहसील में ही किया जा रहा है। यहां के किसान अपनी गोभी फसल का बीमा करवा सकते हैं, ताकि बारिश न होने या फिर ज्यादा बारिश से होने वाले नुकसान पर उन्हें मुआवजा मिल सके।

### क्या कहते हैं कृषि विभाग के उपनिदेशक

**इस** बारे में कृषि विभाग हमीरपुर के उप निदेशक डॉ. शशि पाल अत्री ने बताया कि हमीरपुर जिला के किसानों को वर्ष 2023 में हुए मक्की नुकसान पर 10 करोड़ रुपए का मुआवजा किसानों को दिया जा रहा है। क्षेमा जनरल इंशोरेंस कंपनी किसानों के खाते में अब तक छह करोड़ 79 लाख रुपए जमा करवा चुकी है। जबकि तीन करोड़ 20 लाख रुपए की राशि भी जल्द ही किसानों के खाते में जमा हो जाएगी।

# शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन पर काम करेगा संघ : देवेंद्र



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की हमीरपुर इकाई ने 99वां स्थापना दिवस व विजय दशमी उत्सव मनाया। कार्यक्रम में सेना मेडल से सम्मानित सेवानिवृत्त हवलदार कुलदीप पटियाल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जबकि सामाजिक समरसता हिमाचल प्रदेश सह संयोजक देवेंद्र सिंह मुख्य वक्ता रहे। कार्यक्रम में सबसे पहले अतिथियों ने शस्त्र पूजन किया और उसके बाद हमीरपुर शहर में पथ संचलन किया।

इससे पूर्व मुख्य वक्ता ने कहा कि आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपनी स्थापना के 99 वर्ष की यात्रा पूर्ण की है। आज देशभर के सभी जिलों में संघ का कार्यकर्ता पहुंचा है। उन्होंने कहा कि शताब्दी वर्ष में सामाजिक कार्यों के लिए संघ में पंच परिवर्तन पर जोर दिया जा रहा है।

संघ के पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण पर जोर एवं नागरिक दायित्व शामिल है। इसके अलावा उन्होंने विजय दशमी उत्सव के महत्व पर भी प्रकाश डाला और प्रभु श्रीराम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम के बाद संघ के स्वयंसेवकों ने हमीरपुर नगर में पथ संचलन निकाला।

# मैहरे बाजार में जल्द लगेंगीं स्ट्रीट लाइटें : लखनपाल

## मुख्यमंत्री सूक्खू जल्द देंगे नए प्रोजेक्ट को मंजूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हमीरपुर जिले के बड़सर-मैहरे बाजार में 25 लाख रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रोजेक्ट जल्द शुरू होगा। यह जानकारी मैहरे व्यापार मंडल के प्रधान विनोद लखनपाल ने मीडिया को दी है।

**25 लाख रुपए की लागत से तैयार होगा स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रोजेक्ट**



मौजूदा समय मैहरे बाजार में शाम ढलते ही अंधेरा पसर जाता है। जिस कारण लोगों को अंधेरे में काफी समस्या का सामना करना पड़ता है। यही, नहीं रात समय में बाजार में स्ट्रीट लाइट न होने के चलते चोरों द्वारा की चोरी की घटनाओं को बाजार में अंजाम दिया जा चुका है, क्योंकि रात के समय बाजार में स्ट्रीट लाइट न होने के चलते काफी अंधेरा होता है, जिसका फायदा उठाकर चोर चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। हालांकि, मैहरे व्यापार मंडल द्वारा बाजार में पहले 30 सोलर स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी, लेकिन बाजार में दो से तीन मंजिल दुकानें बन गई है। जिस कारण इन स्ट्रीट लाइट को सूर्य की ऊर्जा नहीं मिल पाती और यह स्ट्रीट लाइट सही ढंग से चार्ज नहीं होती। जिस कारण बाजार में अंधेरा पसर जाता है।

वहीं, प्रधान विनोद लखनपाल ने बताया कि मैहरे में जल्दी ही 25 लाख रुपए की लागत से स्ट्रीट लाइट लगाने का प्रोजेक्ट लगाया जाएगा। जिसकी मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जल्द मंजूरी देंगे और मैहरे बाजार में नई स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य व्यापार मंडल द्वारा शुरू किया जाएगा।

# खिलाड़ी निरंतर करते रहें कठिन परिश्रम : कौशल

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर के सिंथेटिक ट्रेक में आयोजित की जा रही जिला स्तरीय अंडर-19 लड़के और लड़कियों की एथलीट मीट का समापन हो गया। इस अवसर पर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या हमीरपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। समापन अवसर पर उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

प्रधानाचार्य पूनम चौहान ने मुख्यातिथि का शॉल व टोपी पहनाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि युवा राष्ट्र के निर्माता हैं और इसके लिए युवाओं को बेहतर मार्ग-दर्शन और अनुशासन की आवश्यकता है। जो खिलाड़ी विजेता बने हैं वे अति-आत्मविश्वास में न रहे क्योंकि कई बार अधिक मेहनत करने वाले का भाग्य साथ नहीं देता। उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी आज पुरस्कार से वंचित रहे गए हैं उन्हें और मेहनत करने की आवश्यकता है। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी और जो राज्य स्तरीय एथलीट प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए हैं उन्हें बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। अंत में विजेता खिलाड़ियों को मेडल व ट्राफी देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में लड़कों में सुपर मैग्रेट स्कूल का कृशिव राजगुरु और लड़कियों में हिम अकादमी विकासनगर की प्रज्ञा वशिष्ठ को बेस्ट एथलीट चुना गया है। लड़कियों के वर्ग में नरेली स्कूल की टीम विजेता और हिम अकादमी विकासनगर की टीम रनरअप का खिताब जीतने में सफल रही। (अनंत ज्ञान)




उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए।

## दशहरा पर्व पर मनमोहक झांकियां



बाबा बालक नाथ की झांकी।



माता सीता की झांकी।



शिव-पार्वती की झांकी।





कस्बा बड़ा में दशहरा पर्व पर श्री राम क्लब बड़ा द्वारा निकाली गई लक्ष्मी-नारायण जी और रावण की मनमोहक झांकियां।

# समताना में जले रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले

**एसके ठाकुर, बड़सर**

**बुराई पर अच्छाई की जीत पर धूमधाम से मनाया दशहरा उत्सव**

जिला हमीरपुर के शिवपुरी धाम समताना में दशहरा उत्सव धूमधाम से आयोजित किया गया। समताना में हर वर्ष की तरह इस बार भी 100 फुट के रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतले जलाए गए। इस अवसर पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया और पुलिस अधीक्षक जगत सिंह ठाकुर मुख्यातिथि रहे। आध्यातमिक गुरू शेखर सुमन व अन्य लोगों ने मुख्यातिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर सैकड़ों की भीड़ जलते पुतलों को देखने के लिए पहुंची थी।

गौर रहे कि समताना में दशहरा उत्सव के लिए यहां पर तैयारियां एक माह पहले शुरू हो जाती हैं। रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले बनाने का कार्य शुरू कर दिया जाता है। इसी के साथ समताना से विभिन्न जगहों से शोभा यात्राएं निकाली जाती हैं तो श्रीराम की लीलाओं को प्रदर्शित करती हैं। इस शोभायात्रा में कलाकार अपनी प्रस्तुतियां भी देते हैं। मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष ढटवालिया ने कहा कि बुराई पर हमेशा सच्चाई की जीत हुई है। उन्होंने सभी लोगों को प्रभु श्री राम के पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया। (अनंत ज्ञान)

## सुजानपुर दशहरा





सुजानपुर। मैहरा विकास सभा की तरफ से दशहरे पर शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान सभा की ओर से शाम को रावण के पुतले का दहन किया।

# बाल विज्ञान सम्मेलन में 16 से पहले विभाग की साइट पर करें रजिस्ट्रेशन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बाल विज्ञान सम्मेलन में रजिस्ट्रेशन करने के लिए पोर्टल खोल दिया गया है और छात्र 16 अक्तूबर से पहले विभाग की साइट पर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। बाल विज्ञान सम्मेलन में छात्र इस बार चार गतिविधियों में ही भाग ले सकेंगे। हिम कॉस्टो ने ब्लॉक व जिला स्तरीय कार्यक्रम के लिए डेट और वेन्यू भी तय कर दिए हैं। ऐसे में सभी स्कूलों के इंचार्ज 16 अक्तूबर से पहले छात्रों के नाम हिम कॉस्टो के पोर्टल पर रजिस्टर करवाना सुनिश्चित करें।

बता दें कि 32वां हिमाचल प्रदेश चिल्ड्रन साइंस कांग्रेस-2024 में रजिस्ट्रेशन के लिए हिम कॉस्टो का पोर्टल ओपन कर दिया गया है। छात्र पोर्टल पर जाकर इसमें रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। प्रदेश विज्ञान प्रौद्योगिकी की तरफ से हिम कॉस्टो की जो साइट है, उसके ऊपर एक ऐप विभाग द्वारा बनाई गई है। सभी स्कूलों को यूजर नेम व यूजर पासवर्ड मुहैया करवाए गए हैं, ताकि ऐप पर जाकर छात्रों के नाम रजिस्टर किए जा सकें। हर स्कूल से तीन कैटेगरी में छात्र भाग ले सकते हैं। सीनियर सेकेंडरी में 11वीं व 12वीं, सीनियर ग्रुप में 9वीं-10वीं और जूनियर ग्रुप में छठी से आठवीं कक्षा के छात्र भाग ले सकते हैं।

**इस बार चार गतिविधियों में ही भाग ले सकेंगे छात्र**

छात्र साइंस क्विज में प्रत्येक स्कूल से तीन छात्र, इनोवेटिव साइंस मॉडल से प्रत्येक स्कूल से दो छात्र और मैथेमेटिक्स ओलंपियाड में प्रत्येक स्कूल से तीन छात्र ब्लॉक स्तर पर भाग ले सकेंगे, जबकि साइंस स्किट क पीटिशन में प्रत्येक स्कूल से दो छात्र सीधे जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाग ले सकेंगे। हिम कॉस्टो ने सब-डिवीजनों में ब्लॉक स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलनों को 21 और 22 अक्तूबर को आयोजित करवाने के निर्देश दिए हैं। ऐसे में सुजानपुर ब्लॉक का सम्मेलन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा में, हमीरपुर ब्लॉक का राजकीय उच्च पाठशाला स्वाहल में, भोरंज ब्लॉक का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में, नादौन ब्लॉक का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रंगस में और बिझड़ी ब्लॉक का राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बिझड़ी में 21 और 22 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा। इसी तरह जिला स्तरीय कार्यक्रम आठ नवंबर को आयोजित किया जाएगा। जबकि राज्य स्तरीय बाल विज्ञान सम्मेलन 13 व 14 नंवबर को किया जाएगा। इसके वेन्यू बाद में घोषित किए जाएंगे। ऐसे में सभी स्कूल मुखिया छात्रों का बाल विज्ञान सम्मेलन में जल्द से जल्द आवेदन करवाना सुनिश्चित करें, ताकि साइंस में रुचि रखने वाले छात्र इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले सकें। ब्लॉक व जिला स्तर पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रम को लेकर को-ऑर्डिनेटर इत्यादि भी लगा दिए गए हैं, ताकि समय पर ब्लॉक स्तर कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें।

जिला विज्ञान पर्यवेक्षक हमीरपुर राजेश गौतम ने बताया कि बाल विज्ञान सम्मेलन के लिए पोर्टल खोल दिया गया है। छात्र 16 अक्तूबर से पहले हिम कॉस्टो के पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। सम्मेलन में छात्र इस बार चार गतिविधियों में भाग ले सकेंगे। इसलिए छात्र जल्द से जल्द रजिस्ट्रेशन करवाना सुनिश्चित करें। ब्लॉक, जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय सम्मेलन की तिथियां व वेन्यू तय कर दिए हैं।

**खुशखबरी** विपक्ष को मात्र बयानबाजी करने के अलावा नहीं आता कोई काम

# केसीसी बैंक में खाली पड़े पदों पर भर्तियां जल्द : कुलदीप पठानिया

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर में पत्रकारों के साथ बातचीत के दौरान केसीसी बैंक चेयरमैन कुलदीप पठानिया ने कहा कि कुछ भाजपा के हारे हुए लोग बयानबाजी कर रहे तो कई ऐसे नेता है जिनका कभी कोई अपना दल नहीं रहा है। साथ ही पठानिया ने कहा कि एनपीए की स्थिति ठीक होने के बाद प्रदेश में जल्द ही केसीसी बैंक खाली पड़े पदों की भर्तियों को भी करेगा।

केसीसी बैंक चेयरमैन कुलदीप पठानिया ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार बनने के बाद प्रदेश में बेहतरीन कार्य किए हैं, लेकिन विपक्ष के लोगों को केवल मात्र बयानबाजी करने के अलावा कोई काम नहीं आता है। हारे हुए भाजपा नेता इस तरह की बयानबाजी करने में लगे हुए हैं और ये ऐसे लोग हैं जो कि कभी किसी दल में तो कभी किसी दल में होते हैं। उन्होंने कहा कि कांगडा बैंक के एनपीए के लिए प्रयास किया गया है और इसके चलते ही बैंक को 80 करोड़ में मुनाफा हुआ है। पिछले समय से एनपीए को ठीक करने का प्रयास किया जा रहा है और जल्द ही बैंक प्रदेश में नौकरियों के लिए नई भर्तियां भी करेगा। मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा इस माह 28 तारीख को ही वेतन मिलने के निर्णय पर पठानिया ने कहा कि कुछ लोग मुख्यमंत्री के फैसलों पर राजनीति करते आए है।



उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस सरकार आई है, तब विपक्ष के लोग दिन-रात बुराई करने में डटे हुए हैं। मुख्यमंत्री अब 28 तारीख को कर्मचारियों को वेतन देने की बात कर रहे हैं तो कर्मचारियों को भी मुख्यमंत्री का आभार जताना चाहिए, क्योंकि प्रदेश में सरकार हजारों करोड़ कर्ज से डूबी हुई है, इसलिए कुछ कड़े फैसले भी कई बार सरकार को लेने पड रहे है। (अनंत ज्ञान)

**क्रोध** और घृणा हमेशा से ही कमजोरी के संकेत रहे हैं, इसलिए आप दया और करुणा से इंसानों के साथ पेश आएं। **-दलाई लामा**

## संपादकीय

# डीए पर राजनीति

दिवाली से पहले सुक्खू सरकार की ओर से कर्मचारियों को चार फीसदी डीए का ऐलान करना एक सुखद अहसास है, क्योंकि हिंदुओं का सबसे बड़ा त्योहार दिवाली खर्चे वाला त्योहार होता है। इस त्योहार को मनाने के लिए सभी लोग सालभर इंतजार करते हैं। इससे भी बड़ी खुशी की बात है कि इस बार दिवाली से तीन दिन पहले ही कर्मचारियों को सैलरी और पेंशनरों को पेंशन देने का ऐलान भी सरकार ने किया है। मुख्यमंत्री सुक्खू हिमाचल प्रदेश में किसी भी तरह का आर्थिक संकट न होने का दावा कर रहे हैं, जबकि इससे पहले वह स्वयं सार्वजनिक मंचों से कहते रहे कि हिमाचल गंभीर आर्थिक संकट में आ गया है, ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि रातोंरात प्रदेश सरकार के पास कर्मचारियों को डीए और एडवांस सैलरी तथा पेंशन देने का इतना पैसा कहां से आ गया?

दरअसल, त्योहारी सीजन को देखते हुए केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने 28 राज्यों को धनराशि जारी की है। केंद्रीय करों में हिस्सेदारी की एक किस्त एडवांस में मिलने से राज्यों के खजाने को राहत की सांस आई है। सभी राज्यों की तरह हिमाचल के हिस्से में भी एक किस्त एडवांस मिली है। आर्थिक संकट से जूझ रहे हिमाचल प्रदेश के खाते में एक हजार 479 करोड़ रुपए की रकम आई है। केंद्रीय करों में हिस्सेदारी के रूप में हिमाचल को एक महीने में 740 करोड़ रुपए के करीब पैसा केंद्र से आता है। यानी इस बार दो किस्तें एक साथ आने से हिमाचल को एकमुश्त एक हजार 479 करोड़ रुपए मिले हैं। इसी रकम के दम पर सुक्खू सरकार ने एक जनवरी, 2023 से पेंडिंग चार फीसदी डीए देने का ऐलान किया है।

चार फीसदी डीए जारी होने की घोषणा पर अब राजनीति भी शुरू हो गई है। विपक्षी भाजपा क्रेडिट लेने की भरपूर कोशिश कर रही है। भाजपा का कहना है कि यह सब केंद्र सरकार की मेहरबानी से संभव हो पाया है, क्योंकि अगर केंद्र राज्य कर की हिस्सेदारी एडवांस में नहीं देता तो सुक्खू सरकार चार फीसदी डीए की घोषणा नहीं कर पाती। हैरानी की बात है कि केंद्र सरकार के सहयोग के दम पर मुख्यमंत्री अगले महीने एडवांस सैलरी देने की बात कर रहे हैं। उस सहयोग के लिए एक शब्द का आभार भी केंद्र सरकार के लिए नहीं जताया गया। केंद्र सरकार से मिलने वाले सहयोग के बारे में मुख्यमंत्री और सरकार के मंत्रियों को बताना चाहिए। दूसरी ओर, कांग्रेस की सुक्खू सरकार दम भर रही है कि उसने अपने दम पर कर्मचारियों को डीए और सैलरी तथा पेंशन देने का इंतजाम किया है। हिमाचल प्रदेश में सरकारी कर्मचारियों को हर महीने वेतन देने के लिए सरकार को एक हजार 200 करोड़ रुपए खर्च करने पड़ते हैं। इसी तरह पेंशन देने के लिए हर महीने 800 करोड़ रुपए की धनराशि खर्च होती है। कुल मिलाकर यह खर्च दो हजार करोड़ रुपए बनता है, जो कि कम रकम नहीं होती। इससे पहले सीएम सुक्खू ने विधानसभा में कहा था कि वह और राज्य के सभी मंत्री, मुख्य संसदीय सचिव और कैबिनेट स्तर के सदस्य दो महीने तक सैलरी नहीं लेंगे, क्योंकि राज्य वित्तीय संकट से गुजर रहा है। न ही ट्रैवलिंग अलाउंस लेंगे और न ही महंगाई भत्ता।

हिमाचल प्रदेश पर कर्ज इतना है कि प्रति व्यक्ति कर्ज एक लाख 17 हजार रुपए पहुंच गया है, जो देश में अरुणाचल प्रदेश के बाद सबसे ज्यादा है। यानी कर्ज का पहाड़ बड़ा है, फिर भी फ्री के जो वादे हैं उनका खर्च अगर देखें तो 1500 रुपए महीना महिलाओं को देने में सालाना खर्च 800 करोड़ रुपए बनता है। प्रदेश सरकार के कर्मचारियों और पेंशनरों को 1 जनवरी, 2023 से देय मंहगाई भत्ते की चार प्रतिशत किस्त देने की घोषणा से कर्मचारियों की बल्ले-बल्ले हो गई है। निश्चित रूप से इससे हिमाचल प्रदेश के एक लाख 80 हजार कर्मचारी और एक लाख 70 हजार पेंशनरों को सीधा फायदा होगा। हालांकि, महंगाई भत्ता देने से राजकीय कोष पर करीब 600 करोड़ रुपए का बोझ पड़ेगा। भारत सरकार से राज्य सरकार को राजस्व घाटा अनुदान हर महीने की छह तारीख को मिलता है। इसके अलावा हर महीने की 10 तारीख को भारत सरकार से केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी के रूप में 740 करोड़ रुपए आता है।

बहरहाल, डीए की घोषणा से कर्मचारियों को उनके वेतन में वृद्धि होगी, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, साथ ही वह महंगाई के बढ़ते दबाव से निपट सकेंगे। इन फायदों से यह स्पष्ट है कि सुक्खू सरकार का यह फैसला कर्मचारियों के लिए बहुत लाभदायक होगा। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता-निर्देशक

**अशोक** कुमार हिंदी फिल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता, निर्माता-निर्देशक थे। अशोक कुमार को 1999 में भारत सरकार ने कला के क्षेत्र में पद्म भूषण से सम्मानित किया था। हिंदी सिनेमा के युगपुरुष कुमुद कुमार गांगुली उर्फ अशोक कुमार को ऐसे अभिनेता के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने उस समय प्रचलित थियेटर शैली को समाप्त कर अभिनय को स्वाभाविकता प्रदान की। अशोक कुमार का जन्म बिहार के भागलपुर शहर के आदमपुर मोहल्ले के एक मध्यम वर्गीय बंगाली परिवार में हुआ था। गायक एवं अभिनेता किशोर कुमार एवं अभिनेता अनूप कुमार उनके छोटे भाई थे। अशोक कुमार ने अभिनय की प्रचलित शैलियों को दरकिनार कर दिया और अपनी स्वाभाविक शैली विकसित की थी। वह कभी भी जोखिम लेने में नहीं घबराए। एक स्टार के रूप में अशोक कुमार की छवि 1943 में आई 'किस्मत' फिल्म से बनी। पर्दे पर सिगरेट का धुंआ उड़ाते अशोक कुमार ने इस फिल्म के जरिए एंटी हीरो के पात्र को निभाने का जोखिम उठाया। यह जोखिम उनके लिए बेहद फायदेमंद साबित हुआ और इस फिल्म ने सफलता के कई कीर्तिमान बनाए। अशोक कुमार को दादा मुनी के नाम से जाना जाता है। अशोक कुमार ने 300 से ज्यादा फिल्मों में अभिनय किया। अशोक कुमार को कई पुरस्कारों से नवाजा गया और करीब छह दशक तक बेमिसाल अभिनय से दर्शकों को रोमांचित किया। ■



**अशोक कुमार**
**जन्म :** 13 अक्तूबर, 1911
मृत्यु : 10 दिसंबर, 2000

## अपनी बात

**एक** देश एक चुनाव से एकल मतदान प्रणाली लागू होगी, जिससे मतदान प्रक्रिया सरल हो जाएगी। मतदाताओं को इससे सहूलियत होगी। एकल मतदान प्रणाली से मतदान में वृद्धि की पूरी संभावनाएं हैं, क्योंकि इससे लोगों को मतदान के लिए अधिक अवसर मिलेंगे। एकल मतदान प्रणाली से मतगणना में तेजी आ सकती है, क्योंकि मतों की गणना एक ही समय में होगी। हालांकि, चुनाव करवाने में कई अड़चनें भी आ सकती हैं। एक देश एक चुनाव प्रणाली लागू करने के लिए संविधानिक संशोधन की आवश्यकता होगी, जो एक बहुत ही जटिल प्रक्रिया है। इसमें विपक्षी दल कई तरह के अड़ंगे डाल सकते हैं। वैसे भी विपक्षी दल इस एकल चुनाव प्रणाली के खिलाफ हैं। एक देश एक चुनाव से विपक्षी पार्टियों का रवैया अलग तरह का हो सकता है। विपक्षी पार्टियों को इस बात का डर है कि कहीं इससे उनकी राजनीतिक शक्ति और प्रभाव कम तो नहीं हो जाएगा। वे इसे लोकतंत्र के मूल्यों और सिद्धांतों के खिलाफ भी मान सकती हैं।

**-निशांत धर, कुल्लू**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# एक लचीले भविष्य के लिए अगली पीढ़ी को सशक्त बनाना

**अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस पर विशेष**

हर साल बढ़ती आपदाएं, जिनमें से कई जलवायु परिवर्तन से प्रेरित और तीव्र होती हैं, बच्चों और युवाओं की भलाई के लिए खतरा हैं। यूनिसेफ के अनुसार, जलवायु संबंधी आपदाओं सहित जलवायु प्रभावों के कारण दुनिया भर में लगभग एक अरब बच्चे अत्यधिक जोखिम में हैं। 2022 में चाड, गांबिया, पाकिस्तान और बांग्लादेश में बाढ़ से प्रभावित बच्चों की संख्या 30 वर्षों में सबसे अधिक थी। मृत्यु और चोट के जोखिम से परे, आपदा के बाद बच्चों को स्कूली शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवा और सुरक्षा मुद्दों में व्यवधान जैसे प्रभावों का सामना करना पड़ता है।

बच्चों को आपदाओं से बचाने के लिए देशों को राष्ट्रीय और स्थानीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण रणनीतियों को डिजाइन करते समय उनकी कमजोरियों और जरूरतों पर विचार करना चाहिए। यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि बच्चों और युवाओं को सशक्त बनाया जाए और उन्हें 'आपदा जोखिम न्यूनीकरण में योगदान करने के लिए स्थान और तौर-तरीके' प्रदान किए जाएं, जैसा कि आपदा जोखिम न्यूनीकरण 2015-2030 के लिए सेंडाई फ्रेमवर्क में कहा गया है। यह सेंडाई फ्रेमवर्क की मध्यावधि समीक्षा की राजनीतिक घोषणा के कार्रवाई के आह्वान के साथ भी संरेखित है, जिसमें युवाओं की 'पूर्ण, समान, सार्थक और समावेशी भागीदारी' और 'आपदा रोकथाम की संस्कृति' को बढ़ावा देने का आह्वान किया गया है। बच्चों को सशक्त बनाना, विशेष रूप से शिक्षा के माध्यम से, उन्हें खुद की रक्षा करने और अपने परिवारों और समुदायों में परिवर्तन के एजेंट बनने में सक्षम बना सकता है, जो उन्होंने सीखा है, उसे साझा करके। यह संयुक्त राष्ट्र महासचिव की सभी के लिए प्रारंभिक चेतावनी पहल के तहत प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों का विस्तार करने के वैश्विक प्रयास के संदर्भ में विशेष रूप से प्रासंगिक है।

वैश्विक आपदा जोखिम और नुकसान को कम करने के सेंडाई फ्रेमवर्क के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए 13 अक्तूबर को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस (आईडीडीआरआर) 2024 का विषय आपदा मुक्त भविष्य के लिए युवाओं की सुरक्षा और उन्हें सशक्त बनाने में शिक्षा की भूमिका पर होगा। यह विषय सितंबर 2024 के लिए नियोजित आगामी शिखर सम्मेलन के साथ संरेखित है, जहां 'युवा और भावी पीढ़ियां' इसकी पांच प्राथमिकताओं में से एक होगी। अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस 2024 देशों से स्कूली बच्चों के आपदा जोखिमों को कम करने के लिए शिक्षा क्षेत्र का उपयोग करने का आह्वान करता है, विशेष रूप से दो प्रमुख क्षेत्रों में निवेश करके।

**सुरक्षित स्कूलों और शिक्षा सुविधाओं के माध्यम से बच्चों और युवाओं की सुरक्षा करें :** बच्चों को अपने स्कूलों में सुरक्षित रहने का अधिकार है और इसकी शुरुआत यह सुनिश्चित करने से होती है कि स्कूल आपदा-प्रतिरोधी हों और आपदा पूर्व चेतावनी प्रणालियों का हिस्सा हों। बच्चों और युवाओं को उनके सामने आने वाले जोखिमों को समझने और उन पर कार्रवाई करने के लिए आयु-उपयुक्त शिक्षा के माध्यम से सुरक्षित रहने के लिए सशक्त बनाएं। इसमें प्रारंभिक चेतावनियों के जवाब में शीघ्र कार्रवाई करने के लिए उनकी तैयारी का निर्माण करना शामिल है। सशक्त बच्चे अधिक लचीले समुदायों के लिए परिवर्तन के एजेंट बनते हैं। शिक्षा क्षेत्र में आपदा जोखिम न्यूनीकरण और लचीलेपन के लिए वैश्विक गठबंधन द्वारा विकसित व्यापक स्कूल सुरक्षा रूपरेखा 2022-2023 का समर्थन और कार्यान्वयन करें, जिसकी अध्यक्षता यूनेस्को और यूनिसेफ करते हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एचपीएसडीएमए) 2011 से हर साल आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर एक व्यापक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।



**लेखक : राजन कुमार शर्मा**
आपदा प्रबंधन विशेषज्ञ, जिला सिरमौर

इस वर्ष यह कार्यक्रम अपने 14 वें संस्करण में है, जो अंतरराष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण दिवस के अवसर पर आयोजित किया जा रहा है। इसी के अनुरूप हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण अपने समस्त जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के माध्यम से राज्य में एक से 30 अक्तूबर तक विभिन्न प्रकार की आपदा जोखिम न्यूनीकरण गतिविधियों को संचालित कर रहा है। इसमें कि विभिन्न प्रकार के सुरक्षित भवन निर्माण संबंधी कार्यशालाएं, प्रशिक्षण कार्यक्रम, प्रश्नोत्तरी व आभासी बैठकें, सुरक्षित भवन निर्माण मॉडल, आपदा जागरूकता रैलियां, सूचना, शिक्षा व संचार सामग्री द्वारा प्रचार, आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में अभूतपूर्व निजी योगदान, सर्वोत्तम गैर सरकारी संगठन, सर्वोत्तम स्कूल आपदा प्रबंधन योजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त समस्त जिलों में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से विभिन्न नृत्य एवं कला मंचों के माध्यम से आपदाओं पर आधारित नुक्कड़ नाटकों का भी आयोजन किया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण का एकमात्र लक्ष्य राज्य में विभिन्न प्रकार की आपदाओं से आमजन को सुरक्षित एवं जागरूक करना है, ताकि इस पर्वतीय क्षेत्र में आने वाली विभिन्न प्रकार की आपदाओं से समुदाय एवं अति संवेदनशील श्रेणी के लोगों को भविष्य में सुरक्षित रख पाने में मदद मिल सके। युवा लोग सिर्फ निष्क्रिय पीड़ित नहीं हैं, उन्हें नेता के रूप में सक्रिय भूमिका निभानी है, आपदा जोखिम न्यूनीकरण और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन समाधानों में सहयोग और सह-निर्माण करना है, जो कि बहुत जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**नजरिया**

# भारत वर्ष के असली 'रत्न' अलविदा

एक युग का अंत। यह तो हम क्या सभी कह रहे हैं, पर इसके साथ एक बात और भी है, जो बहुत ही अहम है। अगर हम यह कहें कि रतन टाटा के निधन के पश्चात एक विश्वास का अंत हुआ है, तो शायद इस बात में कोई अतिशयोक्ति नहीं होनी चाहिए।

कितना विश्वास था, हमारे देश के लोगों का उन पर और वह महामानव उनके विश्वास और आकांक्षाओं पर हमेशा खरा उतरता था। जरा पीछे मुड़कर देखें सोशल मीडिया पर सरकार के साथ संबंधों को लेकर कुछ व्यावसायिक घरानों के ऊपर आरोप और प्रत्यारोप का एक अंतहीन सिलसिला चलता रहता है, पर कभी आपने देखा या महसूस किया कि जहां पर टाटा समूह का नाम जुड़ा हुआ हो वहां पर किसी भी तरह का कोई विवाद हुआ हो? चाहे वह सोशल मीडिया हो, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया हो या फिर प्रिंट मीडिया हो। कोई फर्क नहीं पड़ता है। हमारे जन-मानस के ऊपर टाटा का कुछ ऐसा प्रभाव रहा है कि हम सभी वशीभूत हैं। एक अविश्वसनीय विश्वास था, हम सभी का टाटा के ऊपर। टाटा नाम ही शायद विश्वास की गारंटी थी। सरकारी नौकरी न मिले, मंजूर है, पर अगर टाटा से संबंधित किसी भी प्रतिष्ठान में अगर आप शामिल हो गए तो यकीन मानिए, यह बात मैं नहीं कह रहा हूं।



**लेखक : मनीश वर्मा 'मनु'**
स्वतंत्र लेखक

टाटा से जुड़ा हुआ छोटा से बड़ा व्यक्ति पूरे यकीन के साथ आपको टाटा के नाम की दुहाई देता मिलेगा। बस यही तो टाटा के नाम पर एक विश्वास था, जो शायद टाटा समूह के आने मुखिया के लिए एक चुनौती होगी, उस विश्वास को कायम रखने की जो यहां के लोगों के गहरे बैठी हुई है। यकीन नहीं होता! दो दिन पहले ही तो टाटा ने ट्वीट कर कहा था 'मैं बिलकुल स्वस्थ हूं। मैं तो बस नियमित जांच के लिए अस्पताल आया हूं।' किसे मालूम था कि टाटा के ये शब्द सार्वजनिक तौर कहे गए अंतिम शब्द होंगे। अगर व्यक्तिगत रूप में कहूं तो कभी-कभी मैं सोचता था कि मैं टाटा को पत्र लिखूं और उनसे कुछ निवेदन करूं, पर सोचता ही रह गया। अफसोस रहेगा मुझे इस बात का। दुनियाभर से आए शोक संदेशों को अगर आप देखें तो एक बात आप महसूस करेंगे कि लगभग हर व्यक्ति ने टाटा के व्यक्तित्व के दो पहलूओं 'परोपकारी' और 'दयालुता' को प्रमुखता से उद्धृत किया है।

टाटा समूह मेरी जानकारी और मेरी समझ में कभी भी रैट रेस में नहीं रहा। इस समूह ने हर सेगमेंट का ख्याल रखा। समाज के हर तबके के लिए टाटा समूह ने सोचा। कोई भी ऐसा तबका नहीं है, जो टाटा की नजरों से बच सका है। आप कह सकते हैं कि उन्होंने व्यवसाय किया। सही है, पर एथिक्स के साथ व्यवसाय कैसे किया जाता है, यह कोई टाटा समूह से सीखे। हमेशा कामयाबी और भरोसे की मिसाल रतन टाटा साहब को मेरी भावपूर्ण श्रद्धांजलि। काश! उन्हें पत्र लिखने की मेरी इच्छा पूर्ण हो पाती।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

स्तुति



**जय जगदंबा**
डॉ. राजीव डोगरा
कांगड़ा, हिप्र

*सदा प्रसन्ना मां जगदंबा*
*मम हृदय तुम वास करो।*
*लेकर खड़ग त्रिशूल हाथ में*
*मम शत्रुदल संहार करो।*
*चंड-मुंड के मुंड धारणकर्ता*
*मम संकट का भी हरण करो।*
*तंत्र विद्या की प्रारंभा देवी*
*शत्रु तंत्र, मंत्र, यंत्र का शमन करो।*
*चौसठ योगिनी संगी कर्ता*
*मम योग विद्या उत्थान करो।*
*रक्तबीज का रक्त पान कर्ता*
*मम शत्रुदल रुधिर पान करो।*
*भैरव के संग नृत्य कर्ता*
*मम शत्रुदल अटहास कर ध्वस करो।*
*जय जयजय मां जगदंबा काली*
*मम हृदय तुम सदैव वास करो।*

# पाठशालाओं में आपदा प्रबंधन पर ठोस रणनीति, एक अनिवार्यता

हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सुंदरता के लिए जाना जाता है, लेकिन इसके भौगोलिक और पर्यावरणीय स्वरूप के कारण यहां प्राकृतिक आपदाओं का खतरा भी अधिक है। भूस्खलन, बाढ़, भूकंप और मौसमीय अनियमितताएं यहां आम बात हैं। हाल के वर्षों में इन घटनाओं में वृद्धि देखने को मिली है, जिस कारण मानव जीवन, संपत्ति और संसाधनों को गंभीर नुकसान हुआ है। इस परिप्रेक्ष्य में प्रदेश की पाठशालाओं में आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ठोस रणनीति बनाना अत्यंत आवश्यक है, विशेष रूप से जब अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस (13 अक्तूबर) जैसे अवसर आते हैं।

यह दिवस हमें याद दिलाता है कि आपदाओं से होने वाले नुकसान को कैसे कम किया जा सकता है और इसके लिए उचित रणनीति का विकास कितना आवश्यक है। हिमाचल प्रदेश, जो अपनी भौगोलिक स्थिति के कारण प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं से प्रभावित हो सकता है, में इस तरह की ठोस योजनाओं और तैयारी की अत्यधिक आवश्यकता है। स्कूलों में आपदा प्रबंधन पर ठोस रणनीति बनाकर न केवल विद्यार्थियों को सुरक्षित रखा जा सकता है, बल्कि उन्हें आपदा से निपटने के लिए शिक्षित भी किया जा सकता है। सबसे पहले यह समझना आवश्यक है कि आपदा प्रबंधन केवल आपातकालीन स्थिति से निपटने का तरीका नहीं है, बल्कि इसमें पूर्व-तैयारी, बचाव और पुनर्वास की प्रक्रिया भी शामिल होती है। अगर हम इस वर्ष के विषय जोकि 'एक लचीले भविष्य के लिए अगली पीढ़ी को सशक्त बनाना' पर आधारित है कि बात करें तो यह दर्शाता है कि यह विषयवस्तु बच्चों और युवाओं के लिए आपदाओं के जोखिम को कम करने में शिक्षा की भूमिका पर केंद्रित है। इसका लक्ष्य बच्चों को कौशल और ज्ञान से लैस करना है, ताकि उनका भविष्य अधिक सुदृढ़ हो सके और इसके लिए पाठशालाओं में बच्चों को आपदा प्रबंधन का ज्ञान देकर उन्हें संकट के समय सही ढंग से प्रतिक्रिया देने के लिए तैयार किया जा सकता है।



**लेखक : रजनीश रांगड़ा**
प्रधानाचार्य, पाठशाला टौणी देवी

स्कूलों में नियमित रूप से आपदा संबंधी प्रशिक्षण, मॉकड्रिल और प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण का आयोजन होना चाहिए। ये प्रशिक्षण बच्चों को न केवल जागरूक करेंगे, बल्कि उनमें आपदाओं के प्रति सही दृष्टिकोण भी विकसित करेंगे। इसके साथ ही, पाठशालाओं को भौतिक संरचना की दृष्टि से भी आपदा-रोधी बनाना चाहिए। प्रदेश के कई विद्यालय पहाड़ी इलाकों में स्थित हैं, जहां भूस्खलन और भूकंप का खतरा अधिक होता है। इस स्थिति में भवनों की संरचना को मजबूत और सुरक्षित बनाना बेहद आवश्यक है। पाठशालाओं में भवन निर्माण के समय सुरक्षा मापदंडों का कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए, ताकि किसी आपदा के समय विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अलावा, प्रत्येक विद्यालय में आपातकालीन निकासी मार्ग और सुरक्षित स्थलों की जानकारी होनी चाहिए, ताकि संकट के समय स्कूल का स्टाफ और विद्यार्थी सुरक्षित रूप से बाहर निकल सकें। आपदा प्रबंधन में छात्रों की भागीदारी को प्रोत्साहित करना भी एक महत्वपूर्ण कदम हो सकता है। प्रत्येक विद्यालय में एक आपदा प्रबंधन समिति का गठन अनिवार्य हो, जिसमें शिक्षक, छात्र और अभिभावक शामिल हों। इस समिति का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के बारे में जागरूकता फैलाना और संकट के समय सहायता प्रदान करना होगा। छात्र, जो भविष्य के नागरिक हैं, को आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूक बनाना न केवल उनके व्यक्तिगत जीवन में सहायक होगा, बल्कि पूरे समाज को आपदा से निपटने में मदद करेगा। इसके अलावा एनएसएस, स्काउट गाइड और एनसीसी जैसी संस्थाओं के साथ मिलकर आपदा प्रबंधन शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं, जिससे छात्र इस विषय पर व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर सकें।

पाठशालाओं में आपदा प्रबंधन पर ठोस रणनीति बनाते समय राज्य सरकार और शिक्षा विभाग की भी अहम भूमिका होनी चाहिए। राज्य सरकार को आपदा प्रबंधन के लिए विशेष फंड आवंटित करना चाहिए, जिससे स्कूलों को आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जा सकें। इसके साथ ही, शिक्षकों को भी आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण दिया जाना चाहिए, ताकि वे छात्रों को इस विषय पर सही मार्गदर्शन दे सकें। सरकार द्वारा स्थापित आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और स्कूलों के बीच सामंजस्य स्थापित करना भी आवश्यक है, ताकि आपदा के समय आवश्यक सहायता तुरंत पहुंच सके। इसके अतिरिक्त छात्रों को तकनीकी सहायता प्रदान करना भी आवश्यक है। आज के युग में तकनीक का उपयोग आपदा प्रबंधन में अहम भूमिका निभा सकता है। स्कूलों में आपदा प्रबंधन से संबंधित मोबाइल एप्लिकेशन, जागरूकता वीडियो और अन्य डिजिटल सामग्री का उपयोग कर छात्रों को आपदाओं से बचाव के तरीकों के बारे में सिखाया जा सकता है। डिजिटल प्लेटफार्म्स का सही उपयोग कर छात्रों को न केवल आपदा प्रबंधन की सैद्धांतिक जानकारी दी जा सकती है, बल्कि उन्हें वास्तविक समय में लागू किए जाने वाले तरीकों के बारे में भी सिखाया जा सकता है।

अंतरराष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण दिवस जैसे विशेष अवसर हमें यह अवसर प्रदान करते हैं कि हम अपने शिक्षा तंत्र में आपदा प्रबंधन को और अधिक प्रभावी बनाएं। हिमाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और प्राकृतिक आपदाओं के इतिहास को देखते हुए यह अत्यंत आवश्यक है कि राज्य की पाठशालाएं आपदा प्रबंधन के प्रति गंभीरता से कार्य करें। आपदाओं का सामना केवल आपातकालीन सेवाओं और सरकारी एजेंसियों पर निर्भर नहीं होना चाहिए। इसके लिए समाज के हर वर्ग को, विशेषकर छात्रों और शिक्षकों को, जिम्मेदारी के साथ तैयार होना पड़ेगा। जब विद्यालयों में आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के प्रयास किए जाएंगे, तब हम न केवल आपदाओं के दौरान नुकसान को कम करने में सफल होंगे, बल्कि छात्रों को आत्मनिर्भर और समाजोपयोगी नागरिक बनाने में भी सफल होंगे। आपदा प्रबंधन की ठोस रणनीति बनाने और उसे विद्यालय स्तर पर लागू करने से हम एक सुरक्षित और बेहतर भविष्य की ओर अग्रसर हो सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा : अब बलि नहीं, तलवार की होती है पूजा

वैसे तो भारतवर्ष में कई मेले एवं त्योहार मनाए जाते हैं, लेकिन हिमाचल के कुल्लू जिले का अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा अपने आप में एक विशेष महत्व रखता है। कुल्लू दशहरे को सिर्फ हिमाचल या भारतवर्ष ही नहीं, अपितु विश्व के कई देशों में जाना जाता है। अपनी अलौकिक सांस्कृतिक परंपरा को संजोए रखने में अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा मेला पूर्णत: सफल हुआ है। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे की अपने आप में एक अनोखी परंपरा है। पूरे भारतवर्ष में जहां विजयादशमी वाले दिन रावण दहन होता है, वहीं इसके ठीक विपरीत विजयादशमी के अगले दिन से ही अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरे की शुरुआत होती है।

हिमाचल कुल्लू जिले में हर साल लाखों पर्यटक आते हैं। कुल्लू घाटी की खूबसूरती इसके मंदिर, सेब के बागवान, देवदार के घने जंगल, चीड़ के जंगल एवं अन्य रमणीक स्थल हैं। कुल्लू दशहरा महोत्सव ऐसे तो आधिकारिक रूप से 7 दिनों तक चलता है, लेकिन दिवाली तक यहां खूब चहल-पहल रहती है। यहां के लोग अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में खूब खरीददारी करते हैं। यहां की खास बात यह है कि यहां दशहरे के दिन भी रावण की चर्चा नहीं होती है, बल्कि नारायण की चर्चा होती है। भगवान श्री रघुनाथ की पूजा-अर्चना के साथ अन्य देवी देवताओं की उपस्थिति में भव्य जलेब (शोभायात्रा) निकाली जाती है। भगवान रघुनाथ के रथ को खींचने के लिए हर समुदाय का व्यक्ति बहुत आतुर रहता है। कुल्लू दशहरा लोक संस्कृति का भी अनूठा संगम है। यह पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत के रूप में भी मनाया जाता है। भगवान श्रीराम के जीवन पर आधारित राम नाटक एवं रामलीला का आयोजन भी भारतवर्ष के कई शहरों में किया जाता है। राम नाटक मंचन एवं रामलीला को आज भी लोग बड़े चाव से देखने जाते हैं। विजयदशमी के दिन जहां एक और रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद के पुतले जलाए जाते हैं, वहीं दूसरी ओर दहन यह भी दर्शाता है कि बुराई अधिक दिनों तक नहीं चल पाती है। कुल्लू जिले में मनाया जाने वाला अंतरराष्ट्रीय पर्व दशहरा में सैकड़ों की संख्या में देवी-देवता इकट्ठे होते हैं और सारा वातावरण भक्तिमय में हो जाता है। ढोल-नगाड़ों एवं नरसिंघों की सुरमई धुनों से लोग अपने-अपने देवी-देवताओं को प्रसन्न करते हैं एवं उनकी पूजा-अर्चना करते हैं।



**लेखक : डॉ. जय अनजान**
स्वतंत्र लेखक एवं साहित्यकार

अगर स्थानीय लोगों की बात मानें तो इसके पीछे एक बहुत ही रोचक एवं जिज्ञासु कथा है। कहा जाता है कि कुल्लू में राजा जगत सिंह का शासन सन 1637 से लेकर 1662 ई. तक हुआ करता था। उस दौरान कुल्लू रियासत की राजधानी नगर हुआ करती थी। कुल्लू रियासत के अधीन एक बहुत ही रमणीक स्थल मणिकर्ण घाटी में एक गांव टिप्परी पड़ता है, जहां पर एक गरीब ब्राह्मण दुर्गादत्त रहा करता था। उस गांव के कुछ लोगों ने राजा के पास या झूठी सूचना पहुंचा दी कि दुर्गादास ब्राह्मण के पास डेढ़ किलो सुच्चे मोती हैं। उन्होंने यह भी अफवाह फैला दी कि यह सुच्चे मोती राजमहल में राजा के पास होने चाहिए थे। जब राजा के पास या खबर पहुंची तो उन्होंने तुरंत अपने दरबारी को आदेश दे दिया कि वह सुच्चे मोती हमारे पास हाजिर किए जाएं। जब उसे गरीब ब्राह्मण दुर्गा दत्त को इस बात का पता चला कि राजा के लोग उसे पकड़ने आ रहे हैं और उसके पास तो सुच्चे मोती है ही नहीं तो उसने डर के मारे परिवार के साथ आत्महत्या कर ली।

कुछ स्थानीय लोगों का कहना है कि जब राजा जगत सिंह को इस बात का पता चला कि ब्राह्मण दुर्गा दत्त ने आत्महत्या कर ली है तो उसको बहुत दुख हुआ। कुछ का तो यहां तक कहना है कि इससे राजा को कुष्ठ रोग हो गया। कहते हैं कि राजा जब भी खाना खाने लगता था, तब उसको अपने खाने में कई कीड़े-मकोड़े एवं जीव-जंतु दिखाई देने शुरू हो गए थे। इस बात से राजा बहुत ही चिंता में रहने लगा था। एक दिन नगर में कोई ऋषि आए तथा उन्होंने राजा को बताया कि अगर आप अयोध्या से भगवान श्री रघुनाथ जी की मूर्ति लाकर यहां स्थापित करेंगे तो आपका कुष्ठ रोग दूर हो जाएगा। राजा जगत सिंह ने ऐसे ही किया और भगवान श्री रघुनाथ जी की मूर्ति अयोध्या से लाकर कुल्लू में स्थापित कर दी और राजा को कुष्ठ रोग से मुक्ति मिल गई। यहीं से ही कुल्लू दशहरे की शुरुआत हुई। राजा ने इसी दिन कुल्लू दशहरा मनाने का फरमान जारी किया था, क्योंकि कुल्लू घाटी में देवी-देवताओं को बहुत माना जाता है और सारे देवी-देवता अपने श्रद्धालुओं के साथ रथों पर सवार होकर शिरकत करते हैं। उस समय भी राजा जगत सिंह ने कुल्लू घाटी के देवी-देवताओं तथा अन्य साथ लगती रियासतों के स्थानीय देवी-देवताओं को निमंत्रण भिजवाया कि वे इस मेले में शामिल हों। वहीं से ही यह परंपरा आज तक भी चली आ रही है और पीढ़ी दर पीढ़ी इसको आगे बढ़ाया जा रहा है।

कुल्लू दशहरा आज के समय में एक अंतरराष्ट्रीय छाप छोड़ने में बिलकुल सफल हुआ है और यहां पर प्रदेश ही नहीं अपितु देश एवं विदेश से भी सांस्कृतिक दल अपनी अपनी संस्कृति का प्रदर्शन करने आते हैं। पहले इस मेले ने बहुत व्यापारिक रूप तथा पशु मेले का रूप लिया हुआ था। एक रोचक बात यह भी थी कि कुल्लू दशहरे के अंतिम दिन सात भैंसें (पशुओं) की बलि देने की प्रथा मेले के शुरू होने से ही चली आई थी, परंतु जब से पशु बलि प्रथा भारतवर्ष में बंद की गई है तो यहां प्रदेश की तत्कालीन सरकार ने भी कुल्लू दशहरा में दी जाने वाली पशुओं की बलि पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके बाद से आज तक यहां किसी भी प्रकार के किसी भी पशु की बलि नहीं दी जाती है और उसकी जगह पर एक तलवार रख दी जाती है, जिसकी पूजा की जाती है। विश्व मानचित्र पटल पर अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा अपनी विशेष महता रखता है। हर वर्ष 200 से अधिक स्थानीय देवी-देवता मेले में शिरकत करते हैं। बहुत ही रोचक बात है कि सभी देवी-देवता आपस में दशहरे में जब मिलन करते हैं तो वह नजारा दिल को छू लेने वाला होता है। कोई भी श्रद्धालु जब देवी-देवताओं के आगे नतमस्तक होता है तो देवी-देवता जो कि रथ पर सवार होते हैं, वे श्रद्धालुओं को अपना पूरा आशीर्वाद देते हैं। कहा जाता है कि वह देवी-देवता अपने आप ही आशीर्वाद देने के लिए झुक जाते हैं। सांस्कृतिक परंपरा एवं वास्तु शिल्प कला का अनूठा संगम अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा आज विश्व पटल पर एक अमित छाप छोड़ चुका है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### दैवी शक्ति कोयला माता मंदिर में लगाया भंडारा

**भीम बसेड़ू, महादेव।** दैवी शक्ति कोयला माता मंदिर महादेव में शनिवार को बड़ा भंडारा लगाया गया। घनी आबादी वाले गांव महादेव स्थित दैवी शक्ति कोयला भगवती के प्राचीन चरण पादुका स्थल मंदिर प्रांगण में दशहरा यानी विजयदशमी के पावन अवसर पर भंडारा लगाया गया। पिछले दिनों शारदीय नवरात्रि के मौके पर मंदिर में हाजिरी लगाने वाले श्रद्धालुओं ने माता की भेंटें गाईं और समय-समय पर हलवा प्रसाद वितरित किया। लक्ष्मण दास ठेकेदार ने बताया कि कोयला महामाई के दर सच्चे मन से मन्नत मांगने वाले की मुराद अवश्य ही पूरी होती है।

### क्षत्रिय संघ सुंदरनगर युवा इकाई ने किया शस्त्र पूजन

**भीम बसेड़ू, महादेव।** क्षत्रिय संघ सुंदरनगर युवा इकाई द्वारा ग्राम पंचायत महादेव



के घुकनू गांव स्थित श्याम निवास में शस्त्र पूजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस बार भी शनिवार को रामनवमी के मौके पर देश समाज की सुरक्षा को लेकर विभिन्न शस्त्रों का पूजन उमंग महिला मंडल लोअर महादेव की उपप्रधान पम्मी देवी, सलाहकार चंपा देवी सहित सदस्य कौशल्या देवी, रीता, जंजुह, गीता मंडयाली, विजय मंडयाल, जीउणु जंजुह, संजीव, आयुष, जंजुहा, अभिषेक, पूर्व सैनिक जगदीश, शिवम, रजत राजपूत, पहलवान जितेंद्र सिंह, पहलवान धर्मपाल, विजय सिंह, विनोद चौहान, श्याम, जंजूह ने कर देश और समाज की अपनी सुरक्षा का संकल्प दोहराया, वहीं संघ के सलाहकार कृष्ण चंद्र महादेविया ने मौके पर मौजूद सबके साथ शस्त्र पूजन कर जय भवानी का उदघोष कर शस्त्र ऊंचे कर लहराए।

### एफपीओ धर्मपुर में शामिल हुए 150 नए सदस्य

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** नवरात्रों में एफपीओ धर्मपुर की सदस्यता ग्रहण करने के आह्वान पर एफपीओ धर्मपुर में 150 नए सदस्य शामिल हुए। जिनमें ग्राम पंचायत स्योह से 15 सकलाना से दस दतोहली परड्डाना से 5 तौरखोला से पांच चोलथरा से पांच के



अलावा संधोल क्षेत्र से 25 टिहरा से 40 सजाओ से दस और बरोटी-मंडप से दस सदस्य शामिल हुए हैं। नए सदस्यों में स्योह गांव के वयोवृद्ध फतेहसिंह गौ सदन सेवा समिति नाल्ड-लौंगनी के अध्यक्ष टिल्लू बाबा गौसदन संधोल के अर्जुन सिंह हिमालयन, संधोल के रविंद्र पाल सिंह वन विभाग के सेवानिवृत्त प्रधान मुख्य कंजरवेटर और प्रधानाचार्य भीम सिंह कटवाल के अलावा सजाओ-गरौड़ू के डॉक्टर रवि ठाकुर तौरखोला के संत राम गुलेरिया जरेड के विनोद व भूप सिंह लखरवाल, वेटरन इंडिया पूर्व सैनिक लीग के अध्यक्ष कै. रमेश तपवाल इत्यादि प्रमुख हैं।

### श्रीमद् भागवत कथा से होता है कल्याण : योगराज

**भीम बसेड़ू, महादेव।** बलद्वाड़ा तहसील के अंतर्गत आने वाले खनोट के प्रकाश चंद



शर्मा द्वारा शरद नवरात्रों में शुरू श्रीमद् भागवत कथा का शनिवार को विजयदशमी के शुभ अवसर पर समापन हो गया। हटवाड़-ब्रहमली के कथावाचक पंडित योगराज शास्त्री ने भागवत कथा प्रेमियों को श्रीमद् भागवत पुराण के पुण्य प्रसंगों का उल्लेख करते हुए कि इस पावन कथा रूपी अमृत पान करने से सबका कल्याण होता है। उन्होंने श्री कृष्ण भगवान और श्री रामचंद्र भगवान के अवतारों का संक्षिप्त वर्णन सहित राजा परीक्षित को मोक्ष प्राप्ति, कृष्ण सुदामा भेंट का रोचक वृतांत सुनाया। वहीं प्रेमलाल संतराम, हरिचंद ठाकुर दास, मनोहर लाल, गायत्री देवी, प्रवीण शर्मा, मनोज शर्मा, प्रमोद शर्मा, गौरव शर्मा, अजय शर्मा तथा जगदीश ने अपना अमूल्य योगदान दिया।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का स्थापना दिवस मनाया

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की नगर इकाई जोगिंद्रनगर और मछियाल द्वारा संघ के 99वें स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जोगिंद्रनगर के नया मेला ग्राउंड में हुआ, जिसमें शस्त्र पूजन और पथ संचलन की परंपरागत विधि का पालन किया गया। इस अवसर पर लगभग 170 स्वयंसेवक शामिल हुए, जिन्होंने पूरे उत्साह के साथ अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का शुभारंभ शस्त्र पूजन से हुआ, जिसके बाद स्वयंसेवकों ने पूरे जोगिंद्रनगर शहर में पथ संचलन किया। कार्यक्रम के अध्यक्ष भारतीय सेना से सेवानिवृत्त कर्नल शोभा सिंह थे, जिन्होंने संघ की सराहना की।

### पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** पंचायत स्तरीय वॉलीबॉल टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ शक्ति युवक मंडल द्वारा आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव, डॉ. राकेश धरवाल ने शिरकत की। डॉ. राकेश धरवाल ने अपने संबोधन में खेल के महत्व पर जोर देते हुए कहा, 'खेलों से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि युवा पीढ़ी में अनुशासन और टीम भावना का विकास भी होता है। ऐसे आयोजन समाज में एकता और भाईचारे को बढ़ावा देते हैं। इस अवसर पर युवक मंडल के प्रधान प्रथम लखन पाल, सचिव सचिन, कोषाध्यक्ष ऋतिक और महिला मंडल की प्रधान अनीता के साथ उप प्रधान सीमा ने आयोजन को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई।

### सरकार स्थिति करे स्पष्ट नहीं तो होगा आंदोलन : वीर

**अनंत ज्ञान, बालीचौकी।** भारतीय जनता मजदूर संघ के महामंत्री वीर सिंह भारद्वाज ने की। एनटीटी भर्ती में एक वर्ष के डिपलौमा को पात्र किया जाए। अन्यथा एनटीटी की हजारों महिलाओं के साथ शिमला में सचिवालय का किया जाएगा घेराव हिमाचल प्रदेश में एनसीटीई से दो वर्ष वाले कोई भी अभ्यर्थी नहीं है। एनटीटी की ट्रेनिंग 2014 से पहले एक वर्ष की होती थी। प्रदेश सरकार ने 25 सितंबर 2024 को एनटीटी भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी की। एनटीटी भर्ती मे एनसीटीई के माध्यम से दो वर्षों के डिप्लोमा को पात्र किया है। जबकि एनटीटी की ट्रेनिंग एक वर्ष की ही होती है। हिमाचल प्रदेश में 97 महिलाओं ने एक वर्ष का डिप्लोमा किया है। समस्त एनटीटी बहने इस भर्ती से बाहर हो गई है। मांग करते है कि दो वर्ष डिप्लोमा के साथ एक वर्षीय डिप्लोमा को शामिल किया जाए। भारतीय जनता मजदूर संघ ने कहा कि भर्ती की नोटिफिकेशन मे तुरंत हिमाचल प्रदेश सरकार संशोधन करे। 11 अक्तूबर को एनटीटी महिला मुख्यमंत्री से मिले और मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वासन दिया कि आपके लिए कोई विकल्प निकाला जाएगा। अगर सरकार हमारी मांग को तीन दिन के भीतर अपनी स्थिति को स्पष्ट नहीं करती तो भारतीय जनता मजदूर संघ को आंदोलन करने के लिए मजबूर न करे।

# बुराई पर अच्छाई की जीत



**अनिल शर्मा, मंडी**

छोटी काशी मंडी में परंपरानुसार लंका दहन और रावण वध के साथ ही छोटी काशी मंडी में बुराई पर अच्छाई की जीत हो गई। सांस्कृतिक राजधानी मंडी में राज परंपरा का निर्वहन करते हुए श्रीराज माधव राय मंदिर से शाही ठाट बाट के साथ निकले और सेरी मंच से होते हुए लंका दहन की ओर बढ़े। लंका पर चढ़ाई करने की खुशी में देवी भगवती सहित देवलुओं ने नृत्य करते हुए विभिन्न प्रकार के वाद्य यंत्र बजाए, जिससे सारा आकाश गुंजायमान हो गया। लंका दहन में सबसे पहले हनुमान और उनकी सेना ने प्रस्थान किया। पड्डल मैदान पहुंच कर हनुमान ने कई राक्षसों का वध कर रावण को ललकारा। इस दौरान श्रीराम, लक्ष्मण और सुग्रीव भी अपने अंगरक्षकों के साथ पड्डल मैदान पहुंच गए। राक्षसों और वानरों में भयंकर संग्राम हुआ और हनुमान ने लंका की परिक्रमा करते हुए चारों ओर आग लगा दी। डीसी मंडी अपूर्व देवगन ने शस्त्र पूजा करने के उपरांत रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ के पुतलों पर बाण छोड़े। इस प्रकार एक एक कर सारे पुतले धू-धू कर जल उठे। इस मौके पर नगर निगम मंडी के महापौर वीरेंद्र भट्ट सहित सभी पार्षद तथा प्रशासनिक अधिकारी गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंडी के ऐतिहासिक पड्डल मैदान में विजय दशमी के मौके पर जहां रावण कुंभकरण व मेघनाथ के पुतले बुराई पर अच्छाई की विजय के रूप में धू-धू कर जलाए गए। वहीं पर हिमाचल ज्ञान विज्ञान समिति की मंडी जिला इकाई की ओर से पड्डल मैदान में ही आज का रावण का सांकेतिक पुतला जलाया गया। इस मौके पर समिति के पदाधिकारी राजेंद्र मोहन, भीम सिंह, गजेंद्र शर्मा, कांशी राम, रीता, संतोष और विनय आदि उपस्थित रहे।

## राम और रावण युद्ध देख लोग धार्मिक उल्लास से भर उठे



झांकी के दौरान मौजूद कलाकार।

**भीम बसेड़ू, महादेव**

रामायण दिखाने के लिए जी जान से जुटे रामलीला के बांके सजे संवरे कलाकार विजयदशमी के मौके पर दिन के उजाले में देखते ही बने।

रामलीला कमेटी के प्रमुख भूप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में रामायण के कलाकारों जिसमें रावण का दरबार दर्शाने सहित राम लक्ष्मण हनुमान सुग्रीव विभीषण आदि की झांकी निकाली गई और क्षेत्र भर में बजाए गए राम नाम के धार्मिक गीतों संग की गई परिक्रमा के बाद राम-रावण युद्ध भी दिखाया गया जिन्हें देख लोग धार्मिक उल्लास से भर उठे वहीं बच्चे हनुमान की बंदर सेना की उत्पाती हरकतें देख उछल कूद करने लगे और तालियां बजाने लगे।(अनंत ज्ञान)

# त्रुटियों से सराबोर सहायक पुस्तकाध्यक्षों की वरिष्ठता सूची

**भगत सिंह गुलेरिया, मंडी**

उच्च शिक्षा विभाग पिछले 15 सालों से वरिष्ठता एवं कन्फर्मेशन सूचियों को लेकर सही रिकॉर्ड पेश करने में नाकाम साबित हुआ है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी की गई वरिष्ठता सूची में भी भारी कमियां पाई गई हैं।

जबकि यह सूची 9 महीने पहले आवश्यक संशोधन के लिए संबंधित शिक्षण संस्थानों को प्रेषित की गई थी, लेकिन ज्यादा कमियां रह गईं। इस सूची में 131 सहायक पुस्तकाध्यक्षों का विवरण दर्ज है लेकिन क्रम संख्या 20 और 37 पर केवल नाम व जन्मतिथि ही दर्ज है, जबकि नियुक्ति का विवरण दर्ज नहीं है। मामले को लेकर अनंत ज्ञान ने आंकड़े खंगाले तो उपलब्ध वरिष्ठता सूची में दर्ज नियुक्ति तिथियों के अनुसार वरिष्ठता क्रमांक 5, 6, 7, 9, 10, 11 व 12 है। जोकि क्रमशः 5 की जगह 10, 6 की जगह 9 और इसी तरह क्रमशः 7 की जगह 12, 9 की जगह 6, 10 की जगह 5, 11 की जगह 7, 12 की जगह 11 होना चाहिए था। इसी तरह से वरिष्ठता क्रम 14 और 15 क्रमशः 15 व 14 होना चाहिए था। वरिष्ठता क्रम 17, 18, 19, 21, 22, 23, 24, 25 व 26 क्रमशः 20, 21, 24, 17, 22, 18, 19, 23 व 25 होना चाहिए था। क्योंकि यहां वरिष्ठता क्रम 20 पर नियुक्ति विवरण दर्ज नहीं है इसलिए एक-एक क्रम, 38, 39, 40, 37, 41, 44, 42, 35 होना चाहिए था। यहां भी वरिष्ठता क्रम 37 पर नियुक्ति संबंधी विवरण न होने से एक-एक कम आगे पीछे हो सकता है। वरिष्ठता क्रम 47 व 48 क्रमशः 48 व 47 होना चाहिए था। वरिष्ठता क्रमांक 51, 52, 53, 54, 55, 56, 57, 58 व 59 क्रमशः 54, 55, 56, 57, 53, 58, 52 59 व 51 होना चाहिए था। वरिष्ठता क्रमांक 61, 63, 64, 65, 66, 67, 68, 69, 70, 71, 72, 73, 74, 75 व 76 क्रमशः 63, 61, 66, 68, 67, 64, 65, 69, 74, 71, 70, 72, 76, 73 व 75 होना चाहिए था। वरिष्ठता क्रमांक 79, 80, 81, 82, 83, 84, 85, 86, 87, 88, 89, 90, 91 व 92 क्रमशः 87, 89, 80, 86, 92, 81, 83, 84, 88, 84, 90, 91, 82 व 85 होने चाहिए थे। वरिष्ठ क्रमांक 94, 95, 96, 97, 98, 99, 100 व 101 क्रमशः 97, 94, 99, 98, 100, 95, 96 व 101 होने चाहिए थे। वरिष्ठता क्रम 102, 103, 104, 105, 106, 107, 108, 109, 110,11, 112, 113, 114, 115, 116 व 118 क्रमशः 116, 111, 106, 103, 114, 108, 109, 105, 118, 117 110, 107, 104, 102, 113, 115 व 112 होने चाहिए थे।





> यह सूचियां पहले जारी की जा चुकी हैं। इनमें कोई सुधार की गुंजाइश होगी तो संबंधित प्रोफेशनल्ज द्वारा रिप्रेजेंटेशन प्रस्तुत करने पर कार्रवाई की जा सकती है।
> **-डॉ. अमरजीत शर्मा, उच्च शिक्षा निदेशक शिमला।**

### 2010 की कन्फर्मेशन सूची भी त्रुटि रहित नहीं

**वर्ष** 2010 में इस कैडर की जारी की गई कन्फर्मेशन सूची भी इन त्रुटियों से पीछा नहीं छुड़ा पाई। सूची में तीन वेतनमान दर्शाए गए हैं। साथ ही लाइब्रेरियन व असिस्टेंट लाइब्रेरियन की कंफर्मेशन एक साथ जारी की गई है। इसमें भी क्रम संख्या 5, 9 व 29 पर नियुक्ति तिथि क्रमशः 5 महीने पहले, एक दिन देरी से व आठ दिन पहले दर्शाई गई है। जबकि क्रम संख्या 10 व 19 पर जन्म तिथि में बीस दिनों व एक माह का अंतर है। एक खास बात यह है कि एक प्रोफेशनल का वरिष्ठता क्रम सुधार कर दर्ज किया गया है।

## राज्य आईटीआई तकनीकी कर्मचारी एसो. का चुनाव
## अनिल कुमार बने राज्य प्रधान



नई कार्यकारिणी के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, मंडी**

शनिवार को आईटीआई मंडी के प्रांगण में हिमाचल प्रदेश राज्य आईटीआई तकनीकी कर्मचारी एसोसिएशन का जनरल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राज्य एनजीओ फेडरेशन के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने की। इसके अतिरिक्त जिला मंडी के जिला अध्यक्ष लेखराज व सेवानिवृत अध्यापक कुलदीप उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में आईटीआई की राष्ट्रीय एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद शेखावत विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। चुनाव में राज्य प्रधान पद के लिए अनिल कुमार को, महासचिव पद के लिए वेद प्रकाश महाजन को, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए संजीव धीमान को,वित्त सचिव के पद के लिए दिनेश कुमार को चुना गया। इसके बाद चुनी हुई कार्यकारिणी द्वारा कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

इस दौरान वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए अनिल ठाकुर, ब्रिजिन्दर कुमार, सुखिन्दर, रविंद्र नाइक, उपप्रधान पद के लिए घन श्याम, विकास राज, संदीप, हर्ष गौतम, शक्ति सिंह, संयुक्त सचिव के लिए राजेश, रवि दत्त, तिलक, कार्यालय सचिव के लिए राम रतन, आयोजन सचिव के लिए जितेंद्र, पंकज, नरेश, मुख्य सलाहकार पद के लिए भुवनेश जोगटा, सलाहकार पद के लिए गोपाल, अशोक, कुशल शर्मा, कानूनी सलाहकार पद के लिए बृजेश कुमार, ऑडिटर पद के लिए कीर्ति सिंह, विवेक मोख्टा, संजीव कुमार रही, आशीष भारद्वाज, राजेंद्र कुमार को नामित किया गया।

## प्राथमिक पाठशालाओं को गोद लेगा रोटरी क्लब



बैठक की अध्यक्षता करते हुए अमर सिंह जसवाल एवं उपस्थित रोटेरियन।

**जोगिंद्रनगर, अभिषेक शर्मा**

समाज सेवा में अग्रणी रोटरी क्लब अब शिक्षा के क्षेत्र में सुधार लाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने जा रहा है। क्लब ने शहर की दो प्राथमिक पाठशालाओं को गोद लेने का प्रस्ताव प्रारंभिक शिक्षा विभाग के उपनिदेशक को सौंपा है।

रोटरी क्लब जोगिंद्रनगर के अध्यक्ष अमर सिंह जसवाल ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा इन स्कूलों में खेल गतिविधियों को भी सुधारा जाएगा। क्लब के सचिव सुशील पठानिया ने बताया कि औपचारिकताएं पूरी होते ही स्कूलों को गोद लिया जाएगा।

इसके अलावा, रोटरी क्लब 27 अक्तूबर को जोगिंद्रनगर में एक विशेष सम्मान समारोह आयोजित करेगा, जिसमें 6 से 8 वरिष्ठ नागरिकों को 'रोटरी अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा।

## नव दुर्गा समिति ने माता की मूर्तियों का किया विसर्जन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के चौंतड़ा में नव दुर्गा समिति की ओर से नवरात्रि के पर्व के अवसर पर एक भव्य दुर्गा पूजा का आयोजन किया गया। यह समारोह क्षेत्र में धार्मिक और सांस्कृतिक भावना को प्रकट करने का एक महत्वपूर्ण अवसर था। समिति के अध्यक्ष नरेश अवस्थी ने बताया कि इस आयोजन की तैयारियों में कई दिन लग गए थे।

दुर्गा पूजा के लिए विशेष रूप से सजाई गई पंडाल में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। पंडाल को रंग-बिरंगे फूलों और धार्मिक प्रतीकों से सजाया गया था, जिससे वहां का वातावरण भक्तिमय हो गया था। नवरात्रि के नौ दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचन भी आयोजित किए गए, जिनमें स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

नवरात्रि के अंतिम दिन, माता की मूर्तियों का विसर्जन सैंथल की छोटी मच्छयाल खड में किया गया। भक्तों ने माता के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की और आशा व्यक्त की कि माता की कृपा से उनके जीवन में सुख-समृद्धि आएगी। इस समारोह में नव दुर्गा समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## बच्चों को बताया दशहरे का महत्व



दशहरा उत्सव मनाने के दौरान मौजूद बच्चे।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

वैदिक पब्लिक स्कूल में शनिवार को दशहरा उत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक रावण के पुतले का दहन किया।

बच्चों ने महिषासुर वध का भी शानदार अभिनय किया, जिसने उपस्थित दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। स्कूल की प्रधानाचार्या कंचन ठाकुर ने विद्यार्थियों और उपस्थित अभिभावकों को दशहरे की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने बच्चों को दशहरे का महत्व भी बताया ।

## एरियर भुगतान न होने पर पेंशनरों ने सरकार के खिलाफ जताई नाराजगी

**अनंत ज्ञान, पधर**



वन विश्राम गृह उरला में आयोजित बैठक दौरान पेंशनर्स।

हिम आंचल पेंशनर्स कल्याण संघ ने 2016 से बकाया एरियर का भुगतान न होने पर प्रदेश सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई है। पेंशनरों ने मांग उठाई कि एरियर का एकमुश्त भुगतान शीघ्र किया जाए।

शनिवार को वन विश्राम गृह उरला में द्रंग ब्लाक पेंशनर्स कल्याण संघ अध्यक्ष एमसी चौहान की अध्यक्षता में आयोजित संघ की बैठक में पेंशनरों ने उनकी मांगों को पूरा न करने पर प्रदेश सरकार को खरी खोटी सुनाई। इस दौरान पेंशनरों ने भूतपूर्व सैनिकों की तर्ज पर वन रैंक वन पेंशन का मामला भी जोर-शोर से उठाया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त डिप्टी डायरेक्टर भूप सिंह वर्मा, एनआर शर्मा, मनोज ठाकुर गोकल चंद, पुरखी राम, राम सिंह, कश्मीर राज सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## गौवंश को बचाने के लिए आगे आएं लोग : रामेश्वर

**अनंत ज्ञान, मंडी**



हवन-यज्ञ में भाग लेते हुए चेयरमैन रामेश्वर व अनिल गोयल।

हिमाचल प्रदेश पब्लिक सर्विस कमीशन के चेयरमैन रामेश्वर ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि गौशाला कामना पूर्ति टूटू में यज्ञशाला का आरंभ कर हवन यज्ञ किया। इस मौके पर रामेश्वर ठाकुर ने कहा कि देश में बढ़ती गौ तस्करी को रोकने के लिए सभी संगठनों को आगे आना होगा।

उन्होंने टूटू में चलाई जा रही शाखा के सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया कि विपरीत परिस्थितियों में भी गौमाता की सेवा में तत्पर हैं। उन्होंने गौशाला के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही और समाज के हर व्यक्ति को आगे आकर गौवंश को बचाने के लिए प्रेरित किया। कामनापूर्ति गौशाला के प्रधान सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि इस गौशाला को आदर्श गौशाला बनाने के लिए प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर विशेष अतिथि आल इंडिया कांग्रेस कमेटी के मीडिया कोऑर्डिनेटर एवं कांग्रेस प्रवक्ता अनिल गोयल भी उपस्थित रहे। गोयल ने कहा कि गौशाला का जितना भी लंबित कार्य पड़ा है उसके लिए वह हरसंभव सहयोग करेंगे और विश्वास एजुकेशनल वेलफेयर सोसायटी भी प्रदेश के हर कोने में गौ सेवा कर रही है। सोसाइटी के युवा पदाधिकारियों पहाड़ी गौवंश को बचाने के लिए अधिक परिश्रम करना होगा और लोगों को पहाड़ी गाय के प्रति जागरूक करना होगा।

## सीएम ने दिया कर्मियों को तोहफा : प्रदीप

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर और महासचिव भरत शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू का सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को 1 जनवरी 2023 से देय डीए की 4 फीसदी किस्त, 75 वर्ष से अधिक की आयु के पेंशनर को पूर्ण एरियर, लंबित मेडिकल बिल के लिए राशि जारी करने की घोषणा करने पर धन्यवाद किया।

अध्यक्ष प्रदीप ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर को 1 जनवरी 2023 से देय डीए की 4 फीसदी किस्त देने की घोषणा की गई है ।

**रामलीला** नौवीं संध्या पर वानरों तथा राक्षसी सेना के बीच दिखाए भयंकर संग्राम के दृश्य

# राम-रावण युद्ध में मारे गए कुंभकर्ण व मेघनाद

**अनंत ज्ञान, कोटली**

श्री रामलीला कमेटी कोटली द्वारा रामलीला उत्सव की नौवीं संध्या के अवसर पर वानरों तथा राक्षसी सेना के बीच भयंकर संग्राम के दृश्य दिखाए गए। रावण को जब अपना पक्ष कमजोर होता नजर आता है तो वह कुंभकर्ण के शयन गृह जाकर जगाकर युद्ध भूमि में भेज देता है। पहले तो कुंभकरण वानर सेना पर भारी पड़ता है लेकिन प्रभु राम के आगे उनकी एक नहीं चली और अन्त में मारा जाता है। दूसरा युद्ध लक्ष्मण और मेघनाद के बीच हुआ जिसमें मेघनाद मारा जाता है। इस



रामलीला का मंचन करते हुए कलाकार।

मौके पर जिला एवं सत्र न्यायालय मंडी के वरिष्ठ अधिवक्ता दीपक शर्मा तथा उनकी पत्नी नताशा शर्मा ने मुख्यातिथि के रूप मे दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कमेटी को 11000 रुपए की नकद राशि सहयोग के तौर पर भेंट की।

राम लीला कमेटी कोटली की ओर से वर्ष 2024 के बेहतर आयोजन पर रविवार रविवार को सभी कलाकारों के सम्मान में एक प्रिती भोज का आयोजन स्थानीय विश्राम गृह में रखा गया है।

## रामलीला में अंगद संवाद ने खींचा ध्यान

**भीम बसेड़ू, महादेव।** रामलीला मैदान महादेव में शुक्रवार रात को अदाकारी में दो कदम आगे रहते हुए युवा कलाकारों ने सबका ध्यान खींचा। रामजी की सेना के गुप्तचरों ने लंका का भेद जाना और लंका के राक्षस मायाबी गुप्तचरों ने राम सेना के यहां का हाल जाना तो जरुर मगर वो तन से भले ही रावण के रहे मगर मन से राम के हो गए, जिनमें विभिषण गुप्तचर तो नहीं थे, बल्कि वे कर्म कांडी राम के अनन्य भक्तों में से एक थे और जिन्हें राम का पक्ष लेने के लिए उनके बड़े भाई रावण ने बेइज्जत कर घर से निकाल दिया था। इसी बीच हनुमान के बाद अंगद ऐसे योद्धा हुए जिन्होंने रावण के दरबार में खलबली मचा दी। बाली पुत्र का परिचय पाकर रावण अंदर तक उस वक्त और भी हिल गया जब उसके बड़े -बड़े शूरवीर अंगद द्वारा जमाए पांव को जरा सा भी नहीं हिला पाए और अंगद ने सरेआम युद्ध का एलान कर लंका दरबार एवं वहां के वासियों को सन्न कर दिया।

## शॉर्ट सर्किट से लगी मंदिर में आग

**अनंत ज्ञान, मंडी**



मंदिर में बची माता रानी की मूर्ति और जला हुआ सामान।

संतोषी माता मंदिर टारना मोहल्ला में शनिवार सुबह करीब 5 बजे के आगजनी घटना सामने आई जिसमें मंदिर में सॉर्ट शर्किट होने से आग लगने का कारण बताया जा रहा है। इस घटना से मंदिर का करीब 3 लाख रुपए का समान जलकर राख हो गया है।

पूर्व पार्षद व स्थानीय निवासी बंसी लाल ने बताया कि शनिवार सुबह जब 5 बजे नगर निगम के सफाई कर्मचारी घरों से कूड़ा उठा रहे थे तो उनकी नजर मंदिर से उठ रहे धुंए पर पड़ी। उन्होंने शोर मचाकर पूरे मोहल्ले वासियों को मंदिर में लगी आग की सूचना दी।

**नवरात्र में चढ़ा हुआ चढ़ावा राख**

इसके बाद सभी लोग इक्कठे हुए और आग पर काबू पाने में जुट गए साथ ही फायर बिग्रेड को भी आगजनी की सूचना दी गई। करीब एक घण्टे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

आगजनी की इस घटना में मंदिर को नवरात्रों के दौरान चढ़ा सारा चढ़ावा भी जल गया है।

संतोषी माता मंदिर कमेटी के प्रधान तेज लाल चंदेल ने बताया कि इस आगजनी से मंदिर के अंदर का सारा सामान जल गया है। माता रानी की ही मूर्ति बची है बाकी पूरा सामान जल गया है। उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं द्वारा नवरात्रों के दौरान माता रानी को चढ़ाया गया सारा चढ़ावा जल गया है, करीब 3 लाख रुपए की संपत्ति इस आगजनी में नष्ट हुई है।

उन्होंने जिला प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है ताकि मंदिर को पहले जैसा स्वरूप दिया जाए। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने इस संदर्भ में मामला दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है।

# बुराई पर सच्चाई का प्रतीक पावन पर्व विजयदशमी हर्षोल्लास से मनाया

## गगरेट दशहरा कमेटी के 50 फुट ऊंचे रावण, 40 फुट ऊंचे मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों को देखने उमड़ा जनसमूह

**अनंत ज्ञान, ऊना/गगरेट**

न्याय की अन्याय पर, सदाचार की दुराचार पर, धर्म की अधर्म पर, गर्व की अहंकार पर, अच्छाई की बुराई पर, सत्य की असत्य पर और अंधकार पर उजाले के विजय का प्रतीक विजयदशमी का पर्व जिलाभर में धूमधाम से मनाया गया। ऊना में रावण परिवार के पुतले जलाए गए, वहीं, गगरेट क्षेत्र में भी विभिन्न स्थानों पर बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।


गगरेट के रामलीला प्रांगण आर्मी ग्राउंड में रामलीला तथा रावण का पुतला दहन देखने के लिए दर्शकों की खूब भीड़ जुटी।

रामलीला मंचन में युद्ध का शुभारंभ भगवान की पूजा-अर्चना के उपरांत शुरू हुआ जिसमें रावण ने आते ही राम की सेना के सैनिकों को मारकर मायावी युद्ध करना शुरू कर दिया, जिससे राम लक्ष्मण भी चिंतित हो गए, लेकिन विभीषण ने सलाह दी कि रावण पर प्रहार करते हुए 31 तीर छोड़े, जिससे उसके दस शीश और बीसों भुजाएं गिर गईं, जबकि 31वां तीर अमृत वाली नाभि में लगा, जिससे वह धराशायी होकर जमीन पर गिर पड़ा। रावण के मरते ही जय श्रीराम के गगन भेदी उद्घोषो से पूरा रामलीला प्रांगण गूंजायमान हो उठा।

इसके उपरांत रावण के साथ ही उसके पुत्र मेघनाद का पुतला दहन किया गया। दशहरा कमेटी की ओर से 50 फुट ऊंचे रावण, 40 फुट ऊंचे मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतलों को देखने के लिए नगरवासियों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र के लोग भी दोपहर बाद रामलीला प्रांगण में उमड़ने लगे।

इस अवसर पर मुख्यातिथि विधायक गगरेट राकेश कालिया व भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सुप्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति विश्वजीत सिंह पटियाल ने भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान को तिलक लगाकर आशीर्वाद प्राप्त किया, वहीं इस इस मौके पर एसएचओ गगरेट सन्नी गुलेरिया, रामलीला कमेटी गगरेट के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता व अन्य कई गणमान्य व कमेटी मेंबर्स उपस्थित थे। इसी के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं रामलीला कमेटी गगरेट ने भी रामलीला प्रांगण आर्मी ग्राउंड पड़ाव में दशहरा उत्सव का शानदार आयोजन कर विजयदशमी का पर्व बड़ी धूमधाम के साथ मनाया।

रामलीला कमेटी गगरेट की ओर से मंचित रामलीला में शनिवार को विजयदशमी के उपलक्ष पर झांकियां निकाली गईं व रामलीला में लक्ष्मण शक्ति, कुंभकर्ण-मेघनाद वध आदि लीलाओं का मंचन किया गया, जिसके उपरांत अहिरावण व रावण वध लीला और पुतला दहन किया गया। तत्पश्चात विभीषण का राज्यभिषेक और भगवान राम, लक्ष्मण और सीता के अयोध्या वापसी दृश्य का मंचन हुआ। रामलीला तथा रावण का पुतला दहन देखने के लिए दर्शकों की खूब भीड़ जुटी। इस अवसर पर कमेटी सदस्यों सहित भारी संख्या में दर्शक उपस्थित थे।

# बच्चों को श्रीराम के मार्ग पर चलना सिखाएं अभिभावक : जोगिंद्र आर्य

**विनोद शर्मा, लठियानी**

उपमंडल बंगाणा के रायपुर मैदान में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। शनिवार को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जोगिंद्र देव आर्य पंचायत समिति सदस्य थे। आयोजन समिति के सदस्य पवन कुमार ने बताया कि 49 वर्षों से लगातार शुद्ध रामायण मंचन करके 50वें वर्ष में प्रवेश कर भी बहुत बढ़िया स्थानीय कलाकारों द्वारा ही अभिनय किए जाते हैं।

जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि शुद्ध रामायण से जनता को प्रभु श्री राम जी की मर्यादा को दर्शा रहा है। और समाज को बेहतर बनाने पर मर्यादाओं को सीखने के लिए प्रेरित कर रहा हैं। आर्य ने कहा कि श्री रामायण मंचन आनंद लेने के लिए बल्कि शिक्षा का एक भंडार है। श्री रामायण मंचन के भाई के प्रति भाई और माता-पिता, गुरु, पति-पत्नि को मर्यादा सिखाता है कि किस प्रकार समाज में हर व्यक्ति से मर्यादा में रहकर बात करनी चाहिए।


रायपुर मैदान में रामलीला के मंच पर मौजूद गणमान्य।

उन्होंने कहा कि श्री रामायण जब त्रेता युग में संपन्न हुई थी, तो उस समय जब भगवान श्रीराम जी बैकुंठ जाने लगे थे, कैसे श्री अयोध्या के नगरबासी भगवान श्रीराम के साथ चल पड़े थे। उसी प्रकार हम भी जीवन में कुछ ऐसा समाज और श्री भगवान के प्रति करें कि बैकुंठ में बैठे प्रभु श्रीराम जी खुद अंतिम समय में हमें दर्शन देकर स्वर्ग के द्वार खोले थे। जोगिंद्र देव आर्य ने श्री रामलीला क्लब को सुझाव दिया कि रामलीला के इतिहास के बारे में एक पुस्तिका के माध्यम से समाज में जानकारी दें।

हर अभिभावक घर पर अपने बच्चों को श्री रामायण से संबंधित ज्ञान दें और अपने बच्चों को ऐसा सक्षम बनाएं कि जब भी हमारे बच्चे किसी मंच को साझा करें और अपने घर में भी श्री रामायण से संबंधित बातें करें।

श्री रामलीला क्लब और ऊंचाइयों को छुए। स्थानीय कलाकारों द्वारा बहुत ही बढ़िया अभिनय कर स्थानीय लोगों को शुद्ध रामायण के बारे में अवगत करवा रहे हैं। यही हमारी शुभकामनाएं हैं। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के प्रधान उज्जवल परमार, उपप्रधान पम्मी परमार, निर्देशक ईश्वर शर्मा, सचिव पम्मा राणा, संयोजक राकेश शर्मा, मानसिंह, अमन, दीपू, दर्शन, राजू, नरेश शर्मा, लवली व स्थानीय लोग काफी संख्या में मौजूद थे।

उज्जवल परमार एवं कमेटी के सदस्यों ने बताया कि राम का अभिनय कार्तिक परमार, लक्ष्मण का लवली शर्मा, वंश ढिल्लों-सीता का, रावण का दीपक परमार, मान सिंह बंगा कुंभकर्ण, परशु राम का अभिनय काला, राजीव धीमान-हनुमान का अभिनय कर रहे हैं और भी कलाकार बहुत ही अच्छे ढंग के अभिनय का प्रदर्शन कर रहे हैं ।

## संघ स्वयंसेवकों ने पथ संचलन किया


विनोद शर्मा, लठियानी। स्वयंसेवक संघ ने विजय दशमी के उपलक्ष्य पर पथ संचलन निकाला। आशीर्वाद होटल बंगाणा के प्रांगण में स्वयंसेवक व संघ के कार्यकर्ता मैदान पर एकत्र हुए। एक कतार में खड़े होकर सभी ने अनुशासन का परिचय दिया बुराई पर अच्छाई का भी सन्देश दिया। ये पथ संचलन बंगाणा बाजार से होता हुआ वापिस सभा स्थल पर पहुंचा। पथ संचलन से पर संघ के पदाधिकारियों ने बौद्धिक विषयों से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। विभाग प्रमुख रोशन जी अपने संबोधन भी किया।कंधे पर डंडा रखकर कार्यकर्ता कदम से कदम मिलाकर चल रहे थे। संचलन के दौरान काफी संख्या में कार्यकर्ता देशभक्ति धुन बजाकर चल रहे थे। सभी कार्यकर्ता फुलपेंट और सफेद शर्ट पहने थे। इस दौरान काफ़ी संख्या में पथ संचालक मौजूद रहे।

# ऊना में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले नपेंगे

**अनंत ज्ञान, ऊना**

जनपद में अपराध पर अंकुश लगाने और यातायात व्यवस्था को सुचारु करने के लिए यातायात पुलिस ने कमर कस ली है। बिना नंबर प्लेट सड़क पर दौड़ने वाले वाहनों के खिलाफ विशेष मुहिम का आगाज किया गया है। पुलिस द्वारा हाल ही में शुरू किए गए इस अभियान के तहत ऊना शहर और इसके साथ लगते क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट के चल रहे कई वाहनों को जब्त करके कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा।

जिला मुख्यालय में यातायात को सुचारु करने के लिए ऊना पुलिस द्वारा बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। हाल ही में पुलिस ने शहर सहित आसपास के क्षेत्र में बिना नंबर चल रहे 25 वाहनों को जब्त कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस ने इन वाहनों को थाना सहित पुलिस यार्ड में भेज दिया है। एएसपी

**बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने पर की जा रही कड़ी कार्रवाई, होंगे जब्त**

ऊना संजीव भाटिया ने शनिवार को पुलिस थाना ऊना का विजिट कर पुलिस कर्मियों को शहर में बिना नंबर के घूम रही वाहनों को जब्त करने के सख्त निर्देश दे दिए हैं।

बताना जरुरी है कि जिला ऊना पंजाब से सटा हुआ है, ऐसे में अपराधी जिला ऊना में वारदात को अंजाम देकर पंजाब की ओर फरार हो जाते हैं। अक्सर देखने में आया है कि अपराधी वारदात के दौरान बिना नंबर की बाइक लेकर ही आते हैं और अंजाम देकर भाग जाते हैं। वहीं, बिना नंबर प्लेट वाहन को ट्रेस करना पुलिस के लिए भी मुश्किल हो जाता है। इससे अपराधिक घटनाओं को सुलझाने में भी चुनौती पेश आती है। इसको देखते हुए ऊना पुलिस ने ऐसे वाहनों पर अभियान शुरू किया है, जो कि बिना नंबर प्लेट के घूम रहे हैं। हाल में पुलिस द्वारा शुरू गए अभियान के दौरान अभी तक पुलिस ने 25 वाहनों को जब्त किया है। शनिवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ऊना संजीव भाटिया सदर थाना ऊना पहुंचे, जहां पर थाना प्रभारी ऊना मनोज वालिया व चौकी इंचार्ज गुरदीप सिंह बैठक करते हुए शहर में बिना नंबर घूम रहे वाहनों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए, साथ ही अभी तक जब्त किए वाहनों पर चर्चा की।

एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने बताया कि ऊना पुलिस शहर के यातायात को सुचारु रूप से चलाने के लिए लगातार प्रयत्नशील है। इसी कड़ी में हमने ट्रैफिक पुलिस को निर्देश दिए है कि जो भी शहर सहित आसपास के क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट घूम रहे बाइकों को जब्त किया जाए। उन्होंने कहा कि अभी तक दो दर्जन से अधिक वाहनों को जब्त किया गया है। भविष्य में भी पुलिस की यह कार्रवाई जारी रहेगी।

# मुख्यमंत्री कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितैषी : राजन

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा हिमाचल के कर्मचारियों और पेंशन धारकों को दिवाली के अवसर पर नवंबर की सैलरी ओर पेंशन 28 अक्तूबर को देने की घोषणा का कर्मचारियों ने स्वागत किया है। इसके साथ ही कर्मचारियों को चार परिषद डीए देने की घोषणा को भी स्वागत योग्य निर्णय बताया है। इस संबंध में हिमाचल प्रदेश स्कूल लेक्चरर संघ के संगठन सचिव राजन शर्मा ने मुख्यमंत्री सुक्खू का आभार जताया।

उन्होंने कहा कि दीपावली से पहले मुख्यमंत्री का यह एक अनुकरणीय निर्णय है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने कर्मचारियों के लंबित पड़े मेडिकल बिलों के भुगतान की भी बात कही है, जिससे प्रदेश के काफी कर्मचारियों को राहत मिलेगी। राजन शर्मा ने बताया कि जब भी कोई भी कर्मचारी मुख्यमंत्री के पास किसी भी काम के लिए जाता है तो मुख्यमंत्री उस कर्मचारी की बात बहुत ध्यान से सुनते है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कर्मचारी वर्ग के सच्चे हितैषी हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** पंजाब से चिंतपूर्णी पहुंचे 40 वर्षीय व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान जगजीत सिंह पुत्र राम सिंह निवासी मोगा, पंजाब के रूप में हुई है। व्यक्ति की मौत का कारण नशे की ओवरडोज बताया जा रहा है, हालांकि इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। फिलहाल चिंतपूर्णी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। जानकारी अनुसार पंजाब का जगजीत सिंह अपने साथियों के साथ करीब तीन दिन पहले चिंतपूर्णी में आया हुआ था। जहां शुक्रवार को जगजीत सिंह की तबीयत बिगड़ गई। साथियों द्वारा व्यक्ति को इलाज के लिए चिंतपूर्णी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने जगजीत सिंह को मृत घोषित कर दिया। जगजीत के साथी विशाल और लखबीर ने बताया कि जगजीत की दो तीन दिन पहले चिंतपूर्णी आए हुए थे, जहां पर तबीयत बिगड़ गई। बताया जा रहा है कि जगजीत सिंह नशे का आदि था। एएसपी संजीव भाटिया ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के असल कारणों का पता चल पाएगा।

# कर्मचारी हित में सही साबित हुई कांग्रेस सरकार : रजनीश

**अनंत ज्ञान, ऊना**

अराजपत्रित कर्मचारी संघ जिला ऊना ने सरकार द्वारा कर्मचारियों को 4 फीसदी डीए देने के निर्णय को सराहनीय करार दिया है। संघ के जिला अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि सुक्खू सरकार ने सबसे पहले कर्मचारी वर्ग को ओल्ड पेंशन का तोहफा दिया है, के बाद सरकार ने एक जनवरी 2023 से अब तक 4 फीसदी डीए देने का ऐलान करके कर्मचारी वर्ग का दिल जीत लिया है ।



उन्होंने कहा कि दिवाली के मद्देनजर कर्मचारी वर्ग को 28 अक्तूबर को एडवांस वेतन देने का फैसला भी सरहनीय है, अब कर्मचारी वर्ग परिवार संग खुशियों की दिवाली मना सकेगा। उन्होंने मेडिकल बिल भी एक मुश्त भुगतान क्लियर करने को ऐतिहासिक बताया है। जिला अराजपत्रित कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रजनीश शर्मा ने कहा कि सरकार कर्मचारी हित में निर्णय ले रही है ।

कर्मचारी वर्ग सरकार के साथ खड़ा है। प्रदेश में आई आपदा के बावजूद भी कर्मचारी वर्ग को लाभ दिए जा रहे हैं।

सरकार ने कर्मचारियों की हर जायज मांगों को सुना है। सरकार ने ओपीएस जैसे मसलों को हल करके कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक फैसला लिय है। उन्होंने कर्मचारी हित में निर्णय लेने के लिए सीएम सुखविंद्र सुक्खू व डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री का आभार जताया है।

# बाबा बाल 15 को गोंदपुर बनेहड़ा में प्रवचन करेंगे

**अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा।** गोंदपुर बनेहड़ा स्कूल के समीप राधेकृष्ण सीताराम शिव-पार्वती दुर्गा मंदिर परिसर में संत बाबा बाल जी महाराज 15 अक्तूबर को प्रवचन करेंगे।

यह जानकारी स्थानीय श्रद्धालुओं दिनेश शर्मा, कमलेश शर्मा, रमेश मन्हास, राजन शर्मा, विक्की शर्मा,नरेश रॉय, एडवोकेट राज कुमारी शर्मा, राजेंद्र कुमार, किरण कुमारी, रीता ठाकुर व अन्य ने दी। बाबा बाल जी पिछले दिनों गोंदपुर बनेहड़ा आए थे, तब स्थानीय श्रद्धालुओं ने उनसे यहां आने का आग्रह किया था।

# छात्रों से अनुशासित और नशा मुक्त जीवन जीने का आह्वान

**अनंत ज्ञान, टाहलीवाल**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पालकवाह में एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) के सात दिवसीय शिविर का शुभारंभ किया गया। इस शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त कैप्टन शक्ति चंद ने शिरकत की, जबकि विशेष रूप से पालकवाह गांव के पूर्व प्रधान संदीप अग्निहोत्री उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के प्रिंसिपल नरेश ठाकुर ने की।

इस दौरान मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शक्ति चंद एवं विशेष अतिथि संदीप अग्निहोत्री ने संयुक्त रूप से विद्यार्थियो को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे शिविरों के माध्यम से विद्यार्थियो में आपसी मेलजोल एवं भाईचारे की भावना उत्पन होती है ओर ऐसे कैंपों से ही बच्चों का शारीरिक एवं मानसिक विकास संभव हो पाता है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासित एवं नशा मुक्त जीवन जीने का आह्वान किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपेक्षा की कि वे अपने जीवन काल में स्वस्थ जीवन शैली को अपनाएं तथा फास्ट फूड जैसी गैर स्वास्थ्यवर्धक चीजों से दूर रहें और इस बारे में अपने परिवार के साथ साथ समाज को भी जागरूक करें। इस मौके पर संदीप अग्निहोत्री ने कहा की इस शिविर में विद्यार्थियों को हरसंभव सहायता उपलब्ध करवाई जाएगी।


राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के शुभारंभ पर मौजूद गणमान्य और एनएसएस स्वयंसेवी।

**पालकवाह में सात दिवसीय एनएसएस शिविर की शुरुआत पर दी नसीहत**

इस मौके पर स्कूल प्रशासन द्वारा मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एनएसएस शिविर के प्रभारी प्रवक्ता दिनेश कुमार ने बताया कि यह शिविर 116 अक्तूबर तक चलेगा। उन्होंने बताया कि इस शिविर में स्कूल प्रांगण एवम कमरों की सफाई के साथ-साथ स्कूल की क्यारियों का सौंदर्यीकरण किया जाएगा।

**अनदेखी** समय के साथ विकराल हो रही समस्या, गोशालाओं के बावजूद ऐसी हालत लगाती है सवालिया निशान

# सड़कों पर खुले में घूम रहा गोधन बन रहा दुर्घटनाओं का कारण

**अनंत ज्ञान, घनारी**

जिस तरह से वर्तमान में शहरों, नगर की सड़कों, चौराहों, पुलों व ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में घूम रहे गोवंश की संख्या निरंतर बढ़ रही है, उससे साफ है कि भविष्य में यह एक विकराल समस्या का रूप लेने वाली है। क्षेत्र के मरवाड़ी, मवा कोहलां, गगरेट, घनारी, भंजाल, नकड़ोह, बनेहड़ा, कुनेरन आदि में आलम यह है कि गोधन के झुंडों में गाय के साथ-साथ बैलों की संख्या भी निरंतर बढ़ रही है, नतीजतन किसान अपनी मेहनत की कमाई बोई गई फसलों को दिन-रात एक करके बचाने की कोशिश में व्यस्त नजर आ रहे हैं।


सड़क पर बेसहारा घूमता गोवंश दुर्घटनाओं का कारण बन रहा है।

बढ़ते गोधन को लेकर सरकारी तंत्र की तरफ से गोशाला निर्माण को लेकर विशेष जोर दिया जा रहा है, लेकिन धरातल पर अभी तक अधिकतर ग्रामीण स्तर पर कुछ विशेष होता नजर नहीं आया है। अगर किसी ग्राम पंचायत में गोशाला का निर्माण हुआ भी है तो वहां ताले लटकते दिखते हैं, तो कहीं निर्माण आगे नही बढ़ पाया। वहीं, जहां गोशाला सरकार या संस्था द्वारा चलाई गई भी है तो वहां अभावों से समस्याएं आने से सब चरमराता दिखता है। व्यापक ध्यान व सुविधाओं के अभाव से खामियाजा बेजुवान गोधन को रोगग्रस्त होकर या मौत का शिकार होकर चुकाना पड़ता रहा है।

वहीं, खुले में घूम रहे गोधन अनेक रोगों से ग्रस्त उपचार के अभाव से पीड़ाग्रस्त दरदर भटकने को मजबूर होता है। किसानों की मानें तो उनकी परेशानी निरंतर बढ़ती नजर आ रही है। सरकार द्वारा गोशाला निर्माण को लेकर हर स्तर पर प्रयास तो किए जा रहे हैं, लेकिन बढ़ते गोधन की संख्या को लेकर अभी तक भी कई ऐसे पहलू हैं, जिन पर प्रशासन की तरफ से आज तक गौर फरमाना उचित ही नहीं समझा गया। हालांकि कई बार पशुओं की गिनती या टैग लगाने की कार्रवाई अमल में लाने के प्रयास हुए हैं, मगर निरंतर बढ़ रही समस्या से सभी दावे व अभियान बौने नजर आए, कहे जा सकते हैं। गौरतलब है कि निरंतर गोधन, बैलों, सांडों की संख्या के बढ़ने के कारण जहां ग्रामीण क्षेत्रों के किसान फसलों के नुकसान से परेशान हैं, वहीं खुले में घूम रहे कस्बों, नगरों, मुख्य सड़कों, चौराहों पर झुंडों में बैठने को मजबूर खुले में छोड़ा गया गोधन आए दिन वाहनों के लिए दुर्घटना का कारण बन रहा है।

वहीं, कभी इंसान तो कभी गोधन दुर्घटना का शिकार होकर जान से हाथ धो रहा है। वहीं, घायल गोधन के लिए विशेष आपात एंबुलेंस सेवा चलाने को लेकर पशुपालन विभाग को किसी भी सरकार ने सुविधा मुहैया कराने को गंभीरता नहीं दिखाई है।

इस बारे क्षेत्र के प्रबुद्ध वर्ग राजेश कुमार, संदीप, शिव कुमार, मनदीप, सौनी, किरण लता, शम्मी सिंह आदि से जब बढ़ती समस्या पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि इस समस्या को जमीनी स्तर पर अमलीजामा पहनाने के लिए सर्वप्रथम राज्य स्तर पर गोसरंक्षण बोर्ड की स्थापना कर सकता है।

इसके अंतर्गत जिला, तहसील के स्तर पर विशेष सैल स्थापित करके प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर 'ग्रामीण गौसरंक्षण समिति' के गठन की व्यवस्था करके उसमें स्थानीय पंचायत प्रतिनिधिओं की अध्यक्षता, युवक एवं महिला मंडलों, मनरेगा जॉब कार्ड धारकों को दायित्व सौंपें, जिनकी हर माह एक बैठक हो तथा ग्राम पंचायत क्षेत्र में खुले में घूम रहे गोधन का पूरा डाटा तैयार करें, वहीं ऐसे स्वार्थी तत्वों लोगों पर भी नजर रखे जो काम न आने वाले गोधन को खुला छोड़ते हैं। उसके अनुसार वार्ड स्तर पर प्राथमिक स्तर पर काऊ शेड का निर्माण कराने हेतु ऐसे स्थान चिन्हित करें, जहां इस गोधन को अपनी छत मिल सके। इसमें कम से कम मनरेगा के तहत दो गोपालक तैनात करके ग्राम पंचायत स्तर पर ही भविष्य में विकराल बनने जा रही इस समस्या को नियंत्रण में करने की कार्रवाई समय रहते सरकार अमल में ला सकती है। ग्रामपंचायत क्षेत्र में पड़ने वाली स्थानीय पशु डिस्पेंसरी से इस गोधन को घायलावस्था के दौरान हरसंभव उपचार सुविधा की व्यवस्था उपलब्ध कराने के दिशा-निर्देश जारी करें, जिससे निकट भविष्य में गोधन के खुले घूमने से निरंतर बढ़ती दिक्कतें कम होने में सहायता मिल सकती है।

इसके साथ-साथ गोधन के लिए बढ़ती संख्या के नियंत्रण के लिए चिकित्सीय प्रक्रिया की तरफ भी विशेष ध्यान देकर समस्या पर काबू पा सकती है। इसके साथ-साथ सरकार को ऐसी प्रोत्साहन विकास राशि पुरस्कार स्वरूप ग्राम पंचायतों को देने की योजना शुरू करनी चाहिए, जिन पंचायतों द्वारा धरातल पर खुले में घूम रहे गोधन को एक छत के नीचे सरंक्षण देकर बेहतर कार्यान्वन किया जा रहा हो।



# देव-मानस मिलन की गवाह बनेगी रघुनाथ की नगरी

## भगवान रघुनाथ जी रथयात्रा के साथ देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का होगा आगाज







कुल्लू के रथ मैदान में भगवान रघुनाथ जी का रथ, जिसमें सवार होकर भगवान अपने अस्थायी शिविर पहुंचेंगे, अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के लिए सजे देवी-देवताओं के टैंट तथा (दाएं) सजा कुल्लू का मीना बाजार।

**कमलेश वर्मा कुल्लू**

देवमहाकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। देवी-देवताओं के आने और महामिलन के लिए वर्ष भर जिला के देवी-देवताओं के साथ-साथ पूरे जनपद के लोग बेसब्री से इंतजार करते हैं, आखिर रविवार को वह घड़ी आ गई है। देवभूमि कुल्लू में आज एक बार फिर भगवान रघुनाथ जी की नगरी देव-मानस के मिलन का गवाह बनेगी और भगवान रघुनाथ जी के सम्मान में और रथयात्रा के साथ ही देवमहामकुंभ अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का देव परंपरानुसार विधिवित आगाज होगा।

इस रथ यात्रा में भाग लेने के लिए जनपद के सैकड़ों देवी-देवता व हजारों लोग ढालपुर मैदान पहुंच चुके हैं। कड़ी सुरक्षा के बीच रविवार को भगवान रघुनाथ जी की रथ यात्रा परंपरागत तरीके से रथ मैदान से ढालपुर मैदान की चानणी तक होगी तथा सैकड़ों देवी-देवता रघुनाथ के साथ मिलने के बाद अपने-अपने अस्थायी स्थानों में सात दिनों के लिए विराजमान होंगे।

इसके पश्चात शाम के समय राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला प्रदर्शनी मैदान में लगी विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन करने के बाद सायंकाल अंतरराष्ट्रीय लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में सात दिनों तक चलने वाले अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का उदघाटन करेंगे। अनूठी संस्कृति व देव परंपरा वाले इस देव महाकुंभ का समापन 19 अक्तूबर को प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ऐतिहासिक लंका दहन के साथ करेंगे। इस दिन रघुनाथ जी की रथ यात्रा होगी और लंका दहन के बाद सायंकाल लाल चंद प्रार्थी कला केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का समापन होगा। सात दिनों तक चलने वाले इस अंतरराष्ट्रीय लोक नृत्य उत्सव में जहां नामी-गिरामी कलाकारों को बुलाया गया है। वहीं हर सांस्कृतिक संध्या में देश के विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक दल व 20 विदेशी सांस्कृतिक दल भी कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। यह उत्सव देश, प्रदेश व जिला सहित विभिन्न देशों और कई सांस्कृतिक दलों सहित अन्य कलाकारों की भागीदारी का साक्षी बनेगा। 13 अक्तूबर को जहां भगवान रघुनाथ जी की रथयात्रा निकलेगी वहीं, उसके बाद 19 अक्तूबर तक रोजाना दिन व रात को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। लिहाजा, रविवार को दशहरा उत्सव के आगाज के साथ ही जहां कला केंद्र में अंतरराष्ट्रीय लोकनृत्य का शुभारंभ होगा, वहीं देव संस्कृति के अनुसार हर दिन निकलने वाली नृसिंह की जलेब आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा छठे दिन मुहल्ले का आयोजन होगा, जबकि राजा की चानणी में चंद्राउली नृत्य भक्तों को आकर्षित करेगा। (अनंत ज्ञान)

### इस बार बहुत कुछ है खास

**सीपीएस** सुंदर सिंह ठाकुर की सुंदर सोच के चलते पिछले साल और अब इस साल और अब इस साल भी अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव का स्तर सही मायने अंतरराष्ट्रीय स्तर का बन गया है। इसी कड़ी में इस बार भी दशहरा उत्सव में बहुत कुछ नया होगा।

## कलवारी के आराध्य देवता लक्ष्मी-नारायण दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए हुए रवाना



**शीला कौल, बंजार**

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए बंजार घाटी के दर्जनों भर देवी-देवता रवाना हो गए हैं। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव 13 से 19 अक्तूबर तक मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में बंजार घाटी की ग्राम पंचायत कलवारी के आराध्य देवता लक्ष्मी-नारायण भी अपने लाभ लश्कर ढोल-नगाड़ों की थाप पर जिला मुख्यालय कुल्लू भगवान राम रघुनाथ से मिलन के लिए शनिवार दोपहर पश्चात रवाना हुए हैं।

देवता लक्ष्मी नारायण जी के खुंदन में आगमन पर श्रद्धालु द्वारा जलपान की भी व्यवस्था की गई। देवता के पुजारी हरमेश शर्मा ने बताया कि आज देवता कोठी कलवारी से दोपहर के पश्चात अपने लव लश्कर के साथ रवाना हुए है। वहीं, देवता पूरी रात का पैदल सफर तय कर सुबह भगवान रघुनाथ की नगरी कुल्लू ढालपुर में अपने अस्थाई शिविर विराजमान होंगे। वहीं 13 अक्तूबर को दशहरा उत्सव के शुरू होने से पहले भगवान रघुनाथ से मिलन के लिए सुल्तापुर जाएंगे उस से पश्चात भगवान रघुनाथ की रथयात्रा में भाग लेंगे।

बीती रात माता गाड़ा दुर्गा द्वारा भी पूरी रात का पैदल सफर कर मोहल में श्रद्धालु के घर में विराजमान हो गई है कल सुबह कुल्लू जाएंगी। अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव मैं भाग लेने के लिए बंजार घाटी के देवता श्रृंगा ऋषि, देवता बालू नाग, गढ़पति देवता शेषनाग जीभी, देवता रियालु नाग गांव मोहणी, देवता घटोत्कच सिधवा, देवता लक्ष्मी नारायण पुझारी गांव बाहु, मार्कंडेय ऋषि गांव लाहुंड, मार्कंडेय ऋषि बलागाड, पांच वीर जीभी धार सहित अन्य देवी-देवता रवाना हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सुरक्षा के लिहाज से कुल्लू की सीमाएं सील

**1380 जवान संभालेंगे दशहरा उत्सव की जिम्मेदारी**

**अंतरराष्ट्रीय** दशहरा उत्सव को लेकर पुलिस ने अभी से कुल्लू की सीमाओं को सुरक्षा के लिहाज से सील कर दिया है। कुल्लू की सीमाओं रामशीला, हाथीथान, बजौरा, ज्वाणीरोपा, कटौला रोड़ व लेफ्ट बैंक की ओर से पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है। सुरक्षा के लिहाजा से पूरे शहर में तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा दशहरा ग्राउंड में भी पुलिस जवानों की तैनाती कर दी गई है और कुल्लू की सभी सीमाओं पर भी पुलिस के जवान गश्त पर डट गए हैं। गौर रहे कि इस बार अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में 1380 जवान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिला पुलिस ने हर बार की तरह इस बार भी दशहरा उत्सव में लोगों की सुरक्षा को देखते हुए पूरा इंतजाम किया है। इसके अलावा मेला स्थल, कुल्लू शहर व साथ लगते अन्य इलाकों में निगरानी के लिए 90 के करीब सीसीटीवी कैमरा भी विभिन्न स्थानों पर स्थापित किए गए हैं। इसी तरह मेला स्थल के अलावा यहां आने-जाने वाले रास्तों पर ड्रोन कैमरा से नजर रखी जाएगी। बहरहाल, जिला पुलिस ने सुरक्षा की दृष्टि से हर इंतजाम पूरे कर लिए हैं और कुल्लू दशहरा उत्सव में परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने बताया कुल्लू शहर व मंडी जिला की सभी सीमाओं पर जवानों को गश्त पर तैनात कर दिया गया है। इसके अलावा मेला ग्राउंड में भी सुरक्षा की दृष्टि से जवान तैनात किए गए हैं जबकि अन्य जवानों की तैनाती पूरे शहर में की गई है। उत्सव को लेकर जिला पुलिस सुरक्षा के लिहाज से पूरी तरह से तैयार है।

## दशहरा उत्सव के दौरान सार्वजनिक परिवहन का करें प्रयोग: सुंदर ठाकुर



मुद्रिका बस सेवा को हरी झंडी दिखाते सीपीएस सुंदर ठाकुर।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

दशहरा उत्सव के दौरान कुल्लू शहर में लोग ज्यादा से ज्यादा सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। सरकार की ओर से इसके लिए मुद्रिका बस सेवा शुरू की गई है। इसके तहत करीब 50 अतिरिक्त बसों का इंतजाम किया गया है, ताकि ट्रैफिक सुचारु चल सके। शनिवार को मुद्रिका बस सेवा के तहत बस को हरी झंडी दिखाते हुए मुख्य संसदीय सचिव सुंदर सिंह ठाकुर कहा कि दशहरा के दौरान लोग कुल्लू के मुख्य स्थानों पर कम से कम निजी वाहनों का प्रयोग करें, ताकि ट्रैफिक को सुचारु किया जा सके। लोग अधिक से अधिक बसों का प्रयोग करें ताकि जाम जैसी समस्या से निजात मिल सके। इस साल 18 इलेक्ट्रिक बसें, 8 बसे 62 सीटर तैनात की गई हैं। उन्होंने कहा कि दूर-दराज के क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए पार्किंग की व्यवस्था भी की गई है। लोग पार्किंग में ही वाहन खड़े करें। उन्होंने रथ मैदान में स्थापित की गई हाई मास्ट लाइट का भी उद्घाटन किया। इन लाइट के लगने से रथ मैदान रात्रि के समय पर्याप्त मात्रा में रोशनी उपलब्ध होगी। इसके चलते रात्रि के समय खेलों के आयोजन में दिक्कतों का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## प्रो. श्याम लाल ठाकुर की 14वीं पुण्यतिथि पर अर्पित किए श्रद्धासुमन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



श्याम संगीत सम्मेलन समिति कुल्लू द्वारा सूत्रधार कला संगम कुल्लू के सभागार में प्रो. श्याम लाल ठाकुर की 14वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धासुमन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रो. श्याम लाल ठाकुर को श्रद्धासुमन अर्पित किए गए तथा इसके साथ-साथ हिमाचल के विस्मिला खां के नाम से कहे जाने वाले प्रसिद्ध शहनाई वादक मनीष शर्मा के निधन पर सभागार में उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखा। इस कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम कुल्लू के अध्यक्ष दिनेश सेन ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

श्याम संगीत सम्मेलन समिति के अध्यक्ष डॉ. सूरत ठाकुर ने मुख्यातिथि को कुल्लवी परंपरा अनुसार सम्मानित किया। इस अवसर पर सूरत ने अपने भाषण में आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत किया और प्रो. श्याम लाल ठाकुर के जीवन पर प्रकाश डाला इस कार्यक्रम में सूत्रधार संगीत अकादमी के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें संजय, जीवन, पायल, तान्या, ट्विंकल, निशांत गौतम, सन्नी द्वारा बेहतरीन प्रस्तुतियां दी गई। कार्यक्रम का मंच संचालन सुंदर श्याम महंत द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में सूत्रधार कला संगम के अध्यक्ष दिनेश सेन ने कहा कि सूत्रधार कला संगम के अंतर्गत कला संस्कृति के संरक्षण संवर्धन सहित समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर प्रयासरत हैं।

## रामपुर डिपो के परिचालक संजय को मिला नोटों से भरा हुआ बैग

**अनंत ज्ञान आनी**

**डेढ़ लाख देखकर भी नहीं डोला ईमान**



मालिक को नोटों से भरा बैग सौंपते परिचालक संजय, साथ हैं अन्य।

कहते हैं वही इंसान सबसे शानदार और जानदार है जिसके इरादे नेक और ईमानदार हैं, क्योंकि रास्ते मे कहीं नोटों की गड्डी मिल जाए, सोना देखते, नोट देखते ही किसी का भी ईमान डोल सकता है, लेकिन एचआरटीसी के रामपुर डिपो में बतौर परिचालक अपनी सेवाएं दे रहे फतेहपुर तहसील के राजा-का-तालाब निवासी संजय का ईमान और इरादे 11 अक्तूबर को रामपुर से जाबो जा रही बस नंबर एचपी 06 8201 की सीट पर लावारिस पड़े डेढ़ लाख रुपए का बैग को देखकर भी नहीं डोला।

उन्होंने पहले बस में ही सभी सवारियों से पूछताछ की, लेकिन जब किसी ने इस बैग को अपना नहीं बताया तो संजय ने पैसों से भरे इस बैग को सकुशल आनी बस स्टैंड के अड्डा प्रभारी के पास जमा करवा दिया है। साथ ही कहा है कि यदि किसी का यह बैग गुम हुआ है तो वह परेशान न हो, बल्कि बैग में रखे पैसे की सही पहचान अड्डा इंचार्ज को बताकर ले जा सकता हैं। इसी बीच बैग का मालिक अपने बैग को ढूंढते ढूंढते आनी बस स्टैंड पहुंचा उसने इसकी जानकारी अड्डा प्रभारी को दी अड्डा प्रभारी ने उस व्यक्ति से पूछताछ और सारी छानबीन करने के बाद परिचालक को बुलाकर शनिवार सुबह यह बैग मालिक को सौंप दिया।

परिचालक ने बसों में या किसी भी सार्वजनिक परिवहन सेवाओं में यात्रा करने वाले सभी यात्रियों से अपील की है कि वे जब भी यात्रा करें तो अपने कीमती वस्तु और सामान की पूरी देख-रेख और जिम्मेदारी खुद रखें, ताकि किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े।

## सुरक्षित निर्माण प्रथाओं पर हुई कार्यशाला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



कार्यशाला के दौरान अधिकारियों से चर्चा करते हुए डीसी।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के उपमंडल स्पीति के मुख्यालय काजा में शुक्रवार को 'सुरक्षित निर्माण प्रथाओं' पर एकदिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता विशेष सचिव राजस्व-आपदा प्रबंधन डीसी राणा ने की। उपायुक्त लाहौल-स्पीति राहुल कुमार केलांग मुख्यालय से राष्ट्रीय सूचना विज्ञान कक्ष से वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। स्पीति के अतिरिक्त उपायुक्त राहुल जैन ने जागरूकता कार्यशाला का संचालन किया। विशेष सचिव राजस्व-आपदा प्रबंधन डीसी राणा ने कहा कि कार्यशाला का आयोजन जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) द्वारा आपदा जोखिम न्यूनीकरण पर वार्षिक जन जागरूकता अभियान के हिस्से के रूप में किया गया।

प्रदेश में 'समर्थ' अभियान को 2011 में हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा शुरू किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कार्यशालाओं का आयोजन राज्य के आपदा-संभावित क्षेत्रों में सुरक्षित निर्माण प्रथाओं को बढ़ावा देने पर केंद्रित है और मुख्य उद्देश्य निर्माण तकनीकों पर हितधारकों को शिक्षित कर कमजोरियों व आपदाओं के दौरान क्षति को कम करना है। कार्यशाला सत्र में सिविल इंजीनियरिंग विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. हेमंत कुमार विनायक ने जिला के विभिन्न विभागों, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति और बीडीओ कार्यालयों के कार्यकारी व कनिष्ठ अभियंताओं और तकनीकी रैंक के अधिकारियों को तकनीकी पहलुओं की जानकारी दी। कार्यशाला सुरक्षित निर्माण प्रथाओं के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाने और क्षेत्र में आपदा लचीलेपन की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए एक मूल्यवान मंच रही।

## ऋषि राज फिर बने भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष



भारतीय किसान संघ जिला कुल्लू की नई कार्यकारिणी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारतीय किसान संघ जिला कुल्लू के चुनाव निर्वाचन अधिकारी प्रांत कोषाध्यक्ष दिलबाग सिंह और सह निर्वाचन अधिकारी प्रांत बीज प्रमुख ओमप्रकाश की देख-रेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुए।

जिला अध्यक्ष ऋषि राज राणा (पनगां) को फिर से अध्यक्ष पद और रमेश ठाकुर (नांगाबाग) को जिला मंत्री की कमान सौंपी गई। उपाध्यक्ष पद के लिए सुभाष ठाकुर (वागरनाला) तथा डॉ. शेर सिंह (भल्यानी), सहमंत्री लालचंद तथा डॉ चैतन्य (दशाल), कोषाध्यक्ष प्रेमचंद ठाकुर (भोष), कार्यालय मंत्री अरुण ठाकुर (त्रिसड़ी), युवा प्रमुख उमेश पराशर (रामशिला), जैविक प्रमुख कर्म चंद (घूड़दौड़), प्रचार प्रमुख अशोक ठाकुर (रोपड़ी), गौ सेवा प्रमुख धर्मपाल (प्रोधार), विपणन मंडी प्रमुख डॉ. कृष्ण ठाकुर (सैंज), विधि सहायक गोपाल शर्मा (नगर), बागवानी प्रमुख राजेश तनवर (नगर), बीज प्रमुख चेतराम (निरमंड) आदि को चुना गया है। बैठक में प्रांत संगठन मंत्री हरिराम पंवार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## जयराम बोले-लाहौल में मेलों के नाम पर अधिकारी कर रहे उगाही

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कांग्रेस सेल के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं लाहौल-स्पीति जिला के क्रशर मालिक जयराम ठाकुर ने कहा है कि लाहौल में मेलों के नाम पर अधिकारी लोगों से उगाही कर रहे हैं। शनिवार को कुल्लू में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि उनका खुद का एक स्टोन क्रशर है और एक उच्च अधिकारी द्वारा बिना मतलब से प्रताड़ित किया जा रहा है।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते मालिक जयराम।

वर्ष 2021 में उनका लाहौल घाटी में स्टोन क्रशर लगा है जो कि उनकी अपनी जमीन पर है। यह क्रशर काफी बंद था, बावजूद इसके इसे सीज किया गया। उन्होंने कहा कि एक तरफ जहां सरकार जनजातीय क्षेत्र के लोगों को रोजगार की बात करती है, वहीं दूसरी ओर इस तरह का व्यवहार किया जा रहा है, जो कि गलत है। उन्होंने बताया कि जिले में कई जगह रिजर्व फारेस्ट में स्टोन क्रशर चल रहे हैं। कई बिना दस्तावेज और बिना एनओसी के चल रहे हैं। जयराम ने जिला के एक प्रशासनिक अधिकारी पर आरोप लगाते हुए कहा कि अधिकारी द्वारा उन्हें मेले के लिए चंदा देने को कहा था। चंदे की रकम न बढ़ाने के कारण उन पर इस तरह की कार्रवाई की गई और उनके पहले से ही बंद पड़े क्रशर को सीज किया गया। इसकी शिकायत डीसी से की गई है, लेकिन अभी तक उस पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। वहीं, उन्हें पिछले काफी समय से तंग किया जा रहा है। बाहरी राज्यों के लोगों के करीब 10 क्रशर चल रहे हैं। पंजाब से आकर लोग यहां पर क्रशर चला रहे हैं। इस तरह के दोहरे रवैये को सहन नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को इस पर कार्रवाई करनी चाहिए। इस मौके पर सेव लाहौल-स्पीति संस्था के अध्यक्ष एवं पूर्व सेवानिवृत्त मुख्य अरण्यपाल बीएस राणा ने कहा कि यह सब गलत है। रिजर्व जंगल में माचिस और कुल्हाड़ी ले जाने के लिए भी अनुमति लेनी पड़ती है, लेकिन लाहौल में रिजर्व फारेस्ट में कई जगह क्रशर चल रहे हैं। इस तरह से प्रदेश सरकार को करोड़ों का चूना लग रहा है। सरकार को इस ओर ध्यान देने की जरूरत है।

**धर्म-कर्म**

### अंतरराष्ट्रीय दशहरे की बढ़ाएगी शान, जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

## दैवीय शक्तियों व कारकूनों सहित कुल्लू रवाना हुई माता हिडिंबा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



माता हिडिंबा अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भाग लेने के लिए अपने लाव लश्कर के साथ प्रस्थान करते हुए।

अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की शान बढ़ाने को मनाली घाटी की आराध्यदेवी एवं कुल्लू राजवंश की दादी माता हिडिंबा दैवीय शक्तियों के साथ अपने सीमित कारकूनों व देवलुओं सहित कुल्लू रवाना हो गई। माता के मंदिर परिसर ढूंगरी से पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक श्रद्धालुओं ने माता हिडिंबा से सुख व समृद्धि का आशीर्वाद लिया। भक्तों ने जगह-जगह माता का स्वागत किया। तीन चार स्थानों में माता के भक्तों ने देवलुओं कारकूनों को प्रसाद भी बांटा। शनिवार सुबह ही माता हिडिंबा का ढुंगरी प्रांगण देव वाद्य यंत्रों की धुन से गूंज उठा। कारकून व देवलू माल रोड होते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के कैंपस में पहुंचे।

मंदिर परिसर से पीडब्ल्यूडी कार्यालय तक हजारों श्रद्धालुओं ने माता हिडिंबा से सुख व समृद्धि का आशीर्वाद लिया। भक्तों ने जगह-जगह माता का स्वागत किया। तीन चार स्थानों में माता के भक्तों ने देवलुओं कारकूनों को पैक्ड प्रसाद भी बांटा। शनिवार सुबह ही माता हिडिंबा का ढुंगरी प्रांगण देव वाद्य यंत्रों की धुन से गूंज उठा। सुबह आठ बजे तक मन्दिर में सैंकड़ों श्रद्धालु एकत्रित हो गए। माता हिडिंबा परिसर से माल रोड होते हुए पीडब्ल्यूडी विभाग के कैंपस में पहुंचे। इस बीच श्रद्धालुओं व कारकूनों द्वारा आराध्यदेवी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। माता ने ढुंगरी और मनाली बाजार के दुर्गा मंदिर प्रांगण में गूर के माध्यम से दशहरे में सब कुछ ठीक रहने की बात कही। पत्रकारों से बातचीत में गुर ने कहा कि दशहरे की शोभा बढ़ाने माता हिडिंबा दैवीय शक्तियों के साथ रवाना हुई है। उन्होंने कहा कि माता हिडिंबा के आशीर्वाद से दशहरे में सब ठीक रहेगा। पीडब्ल्यूडी विभाग मनाली की ओर से प्रांगण में पहुंचने पर माता हिडिंबा का जोरदार स्वागत किया गया। लोक निर्माण विभाग मनाली के अधिशाषी अभियंता अनूप शर्मा ने माता हिडिंबा का स्वागत किया और सुख समृद्धि का आशीर्वाद लिया। माता हिडिंबा के कारदार रघुवीर नेगी ने बताया कि कारकुन शनिवार दिनभर पैदल चलने के बाद शाम को कुल्लू के रामशिला हनुमान मंदिर पहुंचेंगी। प्राचीनकाल से चली आ रही परंपरा के अनुसार माता रात्रि विश्राम रामशिला में करेंगी। रविवार सुबह भगवान रगुनाथ के छड़ी माता हिडिम्बा को लेने रामशिला के हनुमान मंदिर आएंगे। हिडिम्बा माता के कुल्लू पहुंचते ही अंतरराष्ट्रीय दशहरे की शुरुआत हो जाएगी।

### माता के पहुंचने पर ही होती है दशहरा की शुरुआत

माता हिडिंबा के कारदार रघुवीर नेगी ने बताया दशहरा उत्सव की शुरूआत माता हिडिंबा की उपस्थिति में ही होती है। उन्होंने बताया कि माता हिडिंबा के कारकुन प्राचीनकाल से चली आ रही परंपरा के अनुसार माता सहित रात्रि विश्राम रामशिला में करेंगी। मंगलवार सुबह भगवान रगुनाथ के छड़ी माता हिडिंबा को लेने रामशिला के हनुमान मंदिर आएंगे। हिडिम्बा माता के कुल्लू पहुंचते ही अंतरराष्ट्रीय दशहरे की शुरुआत हो जाएगी।

### दुनियाभर में प्रसिद्ध है माता हिडिंबा मंदिर

**महाभारत** के महाबली भीम की पत्नी और कुल्लू राजवंश की कुलदेवी माता हिडिंबा का मंदिर देश व दुनिया में प्रसिद्ध है। हर साल लाखों देशी विदेशी पर्यटक माता हिडिंबा से सुख समृद्धि का आशीर्वाद लेते हैं। यहां पर भीम के पुत्र घटोत्कच का भी मंदिर है।



## न्यूज ब्रीफ

### दुर्गा नवमी को जन्मी बच्चियों को दी बेबी किट



**अनंत ज्ञान, सोलन।** बेटियों पैदा होने पर समाज की सोच में रहे बदलाव का असर जोनल अस्पताल में दिखाई दिया। दुर्गा नवमी को अस्पताल में बेटियां पैदा होने पर रोटरी क्लब रॉयल ने क्षेत्रीय अस्पताल सोलन में बेटी है अनमोल कार्यक्रम के तहत अस्पताल में जन्मी कन्याओं को बेबी किट व 1100 रुपए दिए। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. संदीप जैन मुख्य रूप से शामिल रहे। रोटरी के प्रधान कमल अटवाल ने बताया कि नवरात्र पर रोटेरियंस अस्पताल पहुंचकर परिजनों को बधाई देते हुए अपनी ओर से भी नवजात बच्चियों को शगुन के साथ आशीर्वाद दिया। इसके अलावा कन्याओं को संक्रमण से बचाने के लिए हैंड सेनिटाइजर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बेटियों को बोझ समझने की परंपरागत सोच में बदलाव रहा है, जो समाज के लिए शुभ संकेत हैं। रोटरी रॉयल सोलन के प्रोजेक्ट चेयरमैन देशमित्र ने बताया की बेटी समाज पर बोझ नहीं बल्कि अनमोल हीरा होती है। इसके अलावा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान में हिस्सा लेने वाले समाज के लोगों को भी सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर रोटरी रॉयल सोलन के सेक्रेटरी मनीष तोमर, रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 जोन 2 अस्सिस्टेंट गवर्नर अनिल चौहान, रमन शर्मा, निताशा चौहान, मनोज कोहली शामिल रहे।

### रिकांगपिओ में मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा



**जीता सिंह नेगी।रिकांगपिओ।** रिकांगपिओ कोठी मोड़ के पास एक निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड मशीन स्थापित कर रेडियोलॉजिस्ट रखने से लोगों को अब अल्ट्रासाउंड की सुविधा निजी स्तर पर भी मिलेगी। शनिवार को डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड का विधिवत शुभारंभ डीएसपी किन्नौर नवीन जल्टा ने किया। बता दें कि जिला मुख्यालय रिकांगपिओ सहित अन्य जनपदों के किसी भी निजी क्लिनिक में अल्ट्रासाउंड सुविधा नहीं होने से मरीजों को रामपुर जाना पड़ता था। खासकर जिला में मार्ग अवरुद्ध होने से मरीजों को खासा दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। अब रिकांगपिओ मुख्यालय के निजी डायग्नोस्टिक सेंटर में अल्ट्रासाउंड साउंड सुविधा मिलने से मरीजों को बेहतर लाभ मिलने कि उम्मीद जगी है।

### मेला है खुशियों का संचार : अजय सोलंकी



**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिले मुख्यालय नाहन से महज 13 किलोमीटर की दूरी पर नावणी पंचायत के जमटा में श्री दुर्गा मेला धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। मां बालासुंदरी मंदिर परिसर में चल रहे दो दिवसीय मेले के अंतिम दिन नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की, जिनका मां दुर्गा मेला कमेटी की ओर से भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मेले के मुख्य आकर्षण कबड्डी के अंतिम मुकाबले खेले गए, जिसमें खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का बखूबी प्रदर्शन किया। इसके साथ साथ मेले में कुश्ती का अखाड़ा भी सजा, जहां पहलवानों ने अपने दांव पेंच आजमाकर मेले का रोमांच और बढ़ा दिया। इस दौरान जमटा स्कूल के बच्चों ने नाटी की बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब वाहवाही लूटी, साथ ही सूचना एवं जन संपर्क विभाग के कलाकारों ने भी रंग जमाया। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक अजय सोलंकी ने लोगों को मेले की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि मेला खुशियों का संचार है। उन्होंने कहा कि नाहन विधानसभा क्षेत्र में विकास के नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। सड़कों को चकाचक किया जा रहा है। कई सड़कों पर करोड़ों की राशि खर्च की जा रही है।सड़कों के साथ साथ अन्य विभागों के माध्यम से दर्जनों विकासात्मक कार्य जारी हैं।

### नालागढ़ में संघ ने किया शस्त्र पूजन और पथ संचलन



**नालागढ़।** नालागढ़ में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा विजयादशमी और अपने स्थापना दिवस के उपलक्ष में नालागढ़ में शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रांत विद्यार्थी कार्य प्रमुख संजीव कुमार थे। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस वर्ष संघ स्वयंसेवकों से समाज में पांच परिवर्तन के कार्य की अपेक्षा है । ये परिवर्तन हैं पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य और स्वदेशी। उन्होंने कहा कि समाज में परिवर्तन की आशा शासन से नहीं की जा सकती, उसके लिए समाज को आगे आना पड़ेगा। कार्यक्रम में अध्यक्ष के रूप में पूर्व एचएएस अधिकारी रामेश्वर दास उपस्थित थे । उन्होंने अपने संबोधन में संघ द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रशंसा की और कहा कि आज हिंदू समाज को संगठित रहने की आवश्यकता है। इसके पश्चात स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में घोष के साथ नगर में पथ संचलन किया

### राजगढ़ में धूमधाम से मनाया विजयदशमी का पर्व



**राजगढ़।** राजगढ़ के नेहरू मैदान में विजयदशमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। उड़ान वेलफेयर सोसायटी द्वारा इस मौका शहर में एक शोभायात्रा निकाली गई, जो शिरगुल मंदिर परिसर से आरंभ होकर पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड, सब्जी मंडी होती हुई नेहरू मैदान पहुंची। इस शोभायात्रा में लोगों के मंनोरजन के लिए झंकियों का भी उड़ान वेलफेयर सोसायटी की किया गया था, जिसका दर्शकों ने भरपूर लाभ उठाया। इस शोभायात्रा यात्रा ने शहर की पूरी परिक्रमा करने के बाद नैहरू मैदान मे प्रवेश किया, जहां लोगो शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया। इसके बाद नैहरु मैदान मे रावण दहन किया गया ।

# फेस्टिवल सीजन में पुलिस हुई चौकस, 6 टीमों का किया गठन

## सीसीटीवी कैमरों से रखेगी पैनी नजर, जरूरत पड़ने पर ड्रोन की ली जाएगी मदद

**आर मोहन चौहान, सोलन**

फेस्टिवल सीजन में शहर में भीड़ भाड़ बढ़ जाती है, ऐसे में चोरी, स्नैचिंग और छेड़छाड़ की घटनाओं की आशंकाओं के चलते पुलिस प्रशासन अलर्ट पर हो गया है। त्योहारी सीजन में शरारती तत्वों पर निगरानी के लिए 6 टीमों का गठन किया है। ये टीमें लगातार पेट्रोलिंग कर रही हैं। इसमें से कुछ टीमें रात को तो कुछ दिन भर पेट्रोलिंग करती नजर आ रही हैं। इतना नहीं पुलिस ने सिविल ड्रेस में भी अपने जवान तैनात किए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना न घट सके।

पुलिस बाहर से आने वाले लोगों पर भी पैनी नजर बनाए हुए हैं। इन दिनों फेस्टिवल सीजन चला हुआ है, शहर में लगातार इसके चलते लोगों का आना-जाना लगा हुआ है। लोग बड़ी संख्या में ज्वेलरी, बर्तन, कपड़े इत्यादि की शॉपिंग करने में जुटे हुए हैं, ऐसे में चोरी की घटनाएं बढ़ने का भी खतरा है।

इसी को लेकर सोलन पुलिस ने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। पुलिस ने जहां एक तरफ 6 टीमों का गठन किया है, तो वहीं दूसरी तरफ पुलिस असामाजिक तत्वों पर भी पैनी नजर बनाए हुए है।



माल रोड सोलन में दुकानों के सामने हुआ अतिक्रमण।

### सीसीटीवी से की जा रही सर्विलेंस

शहर में आने-जाने वाले लोगों की संख्या में इजाफा हुआ है। हालांकि अतिरिक्त पुलिस बल तैनात हैं, लेकिन पुलिस कोई भी कोताही नहीं बरतना चाहती। यही वजह है कि पुलिस सीसीटीवी कैमरे की मदद से भी आने-जाने वाले लोगों पर पैनी नजर बनाए हुए है। हर समय सीसीटीवी के द्वारा मॉनिटरिंग की जा रही है। इसके लिए तीन शिफ्टों में पुलिसकर्मी मॉनिटरिंग कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि शहर में लगभग 120 कैमरे वर्किंग में हैं। इन सभी कैमरों की मदद ली जा रही है। इसके अलावा पुलिस आने वाले दिनों में यदि जरूरत पड़ती है तो ड्रोन का भी सहारा ले सकती है।

हालांकि राहत भरी बात फिलहाल यह है कि अब तक शहर में कोई भी बड़ी चोरी की घटना सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसा आने वाले दिनों में भी न हो, इसके लिए पुलिस तैयार बैठी है। बता दें कि सोलन शहर में खरीददारी के लिए जिला सोलन के अलावा सिरमौर व अप्पर शिमला के लोग भी बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, ऐसे में यहां हर समय डर का भी साया रहता है। (अनंत ज्ञान)

> फेस्टिवल सीजन के लिए सोलन पुलिस ने सुरक्षा चक्कर को मजबूत किया है। पुलिस ने 6 टीमों का गठन किया है, जो कि शिफ्ट अनुसार दिन-रात पेट्रोलिंग कर रही हैं। कुछ टीमें सिविल ड्रेस में भी लोगों के बीच में मौजूद रहती हैं। सीसीटीवी कैमरों से भी आने-जाने वाले लोगों पर नजर बनाई जा रही है। जरूरत पड़ी तो ड्रोन की भी मदद ली जाएगी। लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करने दिया जाएगा।
>
> **राजकुमार, एएसपी सोलन।**

## विधानसभा उपाध्यक्ष विनय ने किया माता मनसा देवी मेले का समापन



मेले के समापन अवसर पर मुख्यातिथि विनय कुमार को सम्मानित करते गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, नाहन**

विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार ने रेणुका विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत नेहर-सवार के कैंथधाट में आयोजित दो दिवसीय माता मनसा देवी मेला के समापन अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के अधिकांश मेले व त्योहार पौराणिक परंपराओं पर आधारित है। माता मनसा देवी मेला इसी समृद्ध संस्कृति एवं आस्था का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्तमान के भागदौड़ भरे जीवन शैली में मेले और त्योहार हमारी युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति और अपनी मिट्टी से जोड़े रखने में अत्यंत कारगर है।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर आयोजित होने वाले इस प्रकार के मेलों में होने वाली खेलकूद प्रतियोगिताओं से ग्रामीण क्षेत्र के युवा खिलाड़ियों को भी अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है और वे नशे से भी दूर रहते हैं। उन्होंने कहा कि सेंनधार की पंचायत नेहर स्वार में उनके द्वारा एक करोड़ से अधिक के विकास कार्य करवाए गए हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष में रहकर भी उन्होंने इस क्षेत्र के विकास कार्य को रुकने नहीं दिया और उस समय में पराडा से भगाड़ा वाया मानरिया रोड को माता मनसा देवी मंदिर तक पहुंचाया है। उन्होंने मडीधार मंदिर संपर्क मार्ग के लिए 2 लाख रुपए देने की घोषणा भी की। उन्होंने मेले के सफल आयोजन के लिए मेला समिति को बधाई दी।

इससे पूर्व मेला प्रबंधक कमेटी कैंथधाट नेहर-सवार के प्रधान ने मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दो दिवसीय मेले के दौरान आयुष विभाग द्वारा लोगों के निशुल्क स्वास्थ्य जांच व औषधि वितरण के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। मेले के दौरान वॉलीबाल, कबड्डी तथा महिला मंडलों की रस्साकशी, म्यूजिक चेयर व मटका तोड़ प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की ओर से आए कलाकारों ने लोगों का खूब मनोरंजन किया।

## बीबीएन में त्योहारी सीजन पर बद्दी पुलिस ड्रोन से करेगी निगरानी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जिला बद्दी पुलिस ने त्योहारों के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ और सतर्क बनाने के लिए विशेष तैयारी कर दी है। जिले की सुरक्षा व्यवस्था का जिम्मा आईपीएस डीएसपी बद्दी अभिषेक को दिया गया है जो कि पूरे एरिया की निगरानी करेंगे और हर गतिविधि पर नजर रखेंगे।

एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने पुलिस अधिकारियों, थाना प्रभारियों और जोघों और दभोटा पुलिस चौकियों के इंचार्जो को निर्देश दिए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम करें। उन्होंने कहा कि जिले के सभी इलाकों की सघन जांच की जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर समय रहते अंकुश लगाया जा सके और साथ ही जिले के विभिन्न हिस्सों में ड्रोन की मदद से निगरानी की जा रही है जिससे किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखी जा सके। उन्होंने कहा कि ट्रैफिक की समस्या पैदा न हो, इसके अलावा फोर्स को तैयात किया गया है। बद्दी पुलिस जनता से अपील करती है कि वे किसी भी संदिग्ध वस्तु, व्यक्ति या गतिविधि को तुरंत पुलिस को सूचित करें।



### क्यूआरटी टीमें रखेंगी नजर

क्विक रिस्पॉन्स टीम को पूरी तरह से सक्रिय कर दिया गया है और जिले के प्रमुख स्थानों पर नाके स्थापित किए गए हैं। सभीअधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि वे अपने क्षेत्र में विशेष सतर्कता बरतें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना उच्चाधिकारियों को दें।

## सेनवाला पंचायत ने 40 हजार में बनाया 51 फुट लंबा रावण

**अनंत ज्ञान, नाहन**

एक तरफ जहां नाहन नगर पालिका बाहरी राज्य से महंगे कारीगर बुलाकर महंगे दामों पर रावण का पुतला बनवाते हैं, वहीं नाहन की सेनवाला पंचायत में माता भद्राकाली मेला कमेटी के सदस्यों ने खुद ही 51 फुट लंबा रावण का पुतला बनाया है। यह पुतला जेबीटी अध्यापक ललित कुमार के द्वारा डिजाइन किया गया था। रावण के पुतले को बनाने में मेला कमेटी के सदस्य ललित, युद्धवीर, वेद प्रकाश, रिशिपाल, पवन कुमार सहित मेला कमेटी व ग्राम पंचायत प्रधान सांदीपक तोमर शामिल रहे। मेला कमेटी के अध्यक्ष सांदीपक ने बताया कि रावण के पुतले के निर्माण में 40 हजार रुपए तथा उसमें भर गई आतिशबाजी आदि को मिलाकर एक लाख का खर्चा आया है।

बता दें कि हर वर्ष की भांति अष्टमी को सेनवाला पंचायत के भद्रकाली मंदिर में शुरू होने वाले दशहरा मेला का इस बार भी बड़ी ही भव्यता के साथ आयोजन शुरू हुआ।



माता भद्रकाली मेला कमेटी द्वारा महंगाई में भी सस्ते पुतले तैयार किए गए।

### जेबीटी अध्यापक ललित कुमार ने किया डिजायन

शनिवार को दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा और उत्तर प्रदेश सहित पंजाब व हिमाचल के नामी गिरामी महिला व पुरुष पहलवानों ने हिस्सा लिया।

कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल के द्वारा किया जाएगा, जबकि बीती देर शाम शुक्रवार को मेला कमेटी के द्वारा आयोजित डांसिंग व सिंगिंग प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभाशाली बच्चों को सम्मानित भी किया गया।

अंडर-16 डांसिंग प्रतियोगिता में किस में कितना है दम कार्यक्रम की स्टार कलाकार शिवानी ने जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान श्रद्धा ने दूसरा जबकि विधि ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इन सभी विजेताओं सहित अन्य प्रतियोगिताओं में विजेता रहे प्रतिभागियों को ग्राम प्रधान संदीपक के द्वारा सम्मानित किया गया। मेला आयोजन समिति के मुख्य सलाहकार ललित ने बताया कि शनिवार की शाम करीब 7 बजे लंका दहन के बाद रावण को अग्निबाण मार कर धराशायी किया गया। बता दें कि यह मेला माता भद्रकाली को समर्पित होता है जिसका आयोजन स्थानीय पंचायत के द्वारा गठित दशहरा मेला कमेटी के द्वारा किया जाता है।

यह मेला न केवल सनातन धर्म की वेधशाला कहलाता है, बल्कि गांव की प्रतिभाओं को एक बेहतर मंच भी उपलब्ध कराता है। गांव के प्रधान संदीपक पंचायतीराज के अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के लिए एक प्रेरणा भी है क्योंकि संदीप के द्वारा न केवल गांव का विकास बल्कि गांव के साथ-साथ उन्होंने यहां के आदर्शों को भी भावी पीढ़ियों के लिए सफलता की सीढ़ी बनाया है। ग्राम प्रधान ने बताया कि लंका दहन के बाद रात्रि को 9 बजे देहरादून से आमंत्रित नीतू चंचल एंड पार्टी के द्वारा जागरण भी आयोजित किया गया।

## नौणी के पीएचडी छात्र का ऑस्ट्रेलिया में डुएल डिग्री प्रोग्राम के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के डॉक्टरेट स्कॉलर को ऑस्ट्रेलिया में प्रतिष्ठित वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी में ज्वाइंट पीएचडी कार्यक्रम के लिए चुना गया है। विजय वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के हॉकसबरी इंस्टीट्यूट फॉर द एनवायरनमेंट की डॉ. रेशल नोलन की देखरेख में नौणी और सिडनी में अपना पीएचडी अनुसंधान करेंगे। उनका शोध वन कार्बन स्टॉक और वनों में लगने वाली आग पर केंद्रित होगा।



डॉ. रेशल हॉकसबरी में एसोसिएट प्रोफेसर और न्यू साउथ वेल्स बुशफायर एंड नेचुरल हैजार्डस रिसर्च सेंटर की निदेशक हैं। मंडी जिले के मूल निवासी विजय ने नौणी से वानिकी में बीएससी की पढ़ाई पूरी की है। उन्होंने 2021 में आईसीएआर (पीजी) परीक्षा में देश में पहला रैंक हासिल हासिल किया, जिससे उन्हें आईसीएआर-जेआरएफ फेलोशिप के साथ केरल कृषि विश्वविद्यालय में स्नातकोत्तर की डिग्री हासिल की। वर्ष 2023 में उन्होंने आईसीएआर (एसआरएफ) परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 3 हासिल किया और सिल्वीकल्चर और एग्रोफोरेस्ट्री विभाग में डॉ. डीआर भारद्वाज के मार्गदर्शन में पीएचडी करने के लिए नौणी में प्रवेश लिया। यह ज्वाइंट डॉक्टरेट कार्यक्रम नौणी और वेस्टर्न सिडनी यूनिवर्सिटी के बीच एक समझौता ज्ञापन का हिस्सा है, जिसके अंतर्गत दोनों संस्थानों के छात्रों को एक-दूसरे के परिसरों में अपनी डिग्री के कुछ हिस्सों को पूरा करने का अवसर देता है।

विजय, डॉ. भारद्वाज के मार्गदर्शन में नौणी में कोर्स वर्क और अपने डॉक्टरेट अनुसंधान का कुछ हिस्सा, जबकि डॉ. रेशल के मार्गदर्शन में हॉकसबरी इंस्टीट्यूट में भी शोध करेंगे। दोनों सलाहकार इस शोध की देखरेख के लिए सहयोग करेंगे। विजय को बधाई देते हुए कुलपति प्रो. राजेश्वर सिंह चंदेल ने बताया कि इस साझेदारी का उद्देश्य छात्रों की रोजगार क्षमता, कौशल और प्रौद्योगिकी-आधारित बागवानी, वानिकी, जैव प्रौद्योगिकी और खाद्य प्रौद्योगिकी की समझ को बढ़ाना है।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ धूमधाम से मना रहा अपना 99वां स्थापना दिवस

## दशहरा पर आरएसएस सोलन नगर ने किया पथ संचलन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

दशहरे पर शनिवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने सोलन में पथ संचलन किया। दो-दो की कतार में स्वयंसेवक हाथों में दंड लेकर शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकले। इस दौरान भारत माता के जयकारे भी लगाए गए। शहर में जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

पथ संचलन टेनिस ग्राउंड से शुरू हुआ और सर्कुलर रोड होते हुए बाईपास पहुंचा। इसके बाद यहां से माल रोड होते हुए दोबारा टेनिस ग्राउंड पंहुचा। इससे पहले टेनिस ग्राउंड में शस्त्र पूजा भी की गई और बाद में पथ संचलन शुरू हुआ। बता दें कि हर साल की तरह इस बार भी विजयदशमी के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने पथ संचलन निकाला। आरएसएस के स्वयं सेवक सुबह ही टेनिस ग्राउंड परिसर में एकत्र हुए, जहां ध्वजारोहण और ध्वज प्रणाम हुआ। इसके बाद अमृत वचन, गीत और बौद्धिक सत्र के बाद पथ संचलन शुरू हुआ।



सोलन में पथ संचलन करते राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सदस्य।

वहीं, कार्यक्रम में जिला प्रचारक अनिल कुमार ने बौद्धिक दिया है। उन्होंने कहा कि विजयदशमी के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ अपना 99वां स्थापना दिवस मना रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के समाज संगठित करना बेहद आवश्यक है। यहां कुछ लोगों ने हिंदुओं को जाति के आधार पर बांट रखा है, जबकि हिंदू-हिंदू सिर्फ भाई-भाई है। उन्होंने कहा कि विजयादशमी के अवसर पर शस्त्र की पूजा की जाती है, ताकि शक्ति अर्जित की जाए। अनिल कुमार ने कहा कि देश को बांटने वाली शक्तियों को खत्म करना होगा। इस अवसर पर जिला संघचालक गुरदीप साहनी, नगर संघचालक नागरमल गोयल, प्रांत प्रचारक संजय कुमार, नगर कार्यवाह जगदीश कुमार, जिला प्रचार प्रमुख कमलेश कुमार मौजूद रहे।

**आस्था** दुर्गा अष्टमी के दिन मनाए जाने वाले इस त्योहार को इलाके में छोटी दिवाली के नाम से भी जाना जाता है

## गिरिपार में मशालें जलाकर मनाई आठ्ठों, लोगों ने कष्टों से पाई मुक्ति

**अनंत ज्ञान, नाहन/राजगढ़**

सिरमौर जनपद की सदियों पुरानी लोक संस्कृति व परंपराओं को संजोए रखने के लिए मशहूर वाले गिरिपार क्षेत्र में पारंपरिक अंदाज में भराड़ी पूजन व हुशू कहलाने वाली मशालों को जलाकर आठ्ठों पर्व मनाया गया। दीपावली से तीन सप्ताह पहले दुर्गा अष्टमी के दिन मनाए जाने वाले इस त्योहार को इलाके में छोटी दिवाली के नाम से भी जाना जाता है, जबकि दिवाली के एक माह बाद आने वाली अमावस्या को बूढ़ी दिवाली मनाने की परंपरा है।

आठ्ठों अथवा दुर्गा अष्टमी के दिन से क्षेत्र में दीपावली की तैयारियां शुरू हो जाती है तथा इसे दिवाली का पहला पड़ाव कहा जाता है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार इस बार दुर्गा अष्टमी का शुभ मुहूर्त वीरवार बाद दोपहर से शुक्रवार बाद दोपहर तक होने के चलते क्षेत्र के कुछ गांवों तथा गुरुवार तो कुछ जगह शुक्रवार को आठ्ठों पर्व मनाया गया। अष्टमी अथवा आठ्ठों की रात्रि हुशू कहलाने वाली मशालें जलाई गईं।



भराड़ी पूजन व हुशू कहलाने वाली मशालों को जलाकर आठ्ठों पर्व मनाती महिलाएं।

गिरिपार में दिवाली व बूढ़ी दियाली एक-दो दिन नहीं बल्कि चौदश, अवांस, पोड़ोई, दूज, तीज, चौथ व पंचमी के नाम से सप्ताह भर मनाई जाती है। आठ्ठों अथवा दुर्गा अष्टमी पर क्षेत्र में भराड़ी नामक विशेष जंगली फूल के डमरु बनाकर इससे मां भवानी अथवा गौरा का पूजन किया जाता है।

सिरमौर के हिमालयाई अथवा पहाड़ी जंगलों में पाए जाने वाले सफेद रंग के इन पवित्र फूलों को सुबह घर का एक सदस्य बिना किसी से बात किए व बिना कुछ खाए-पिए जंगल से लेकर आता है। इनके डमरू नुमा गुच्छे को पूजा के बाद में इसे जल अथवा अग्नि में प्रवाहित किया जाता है। अष्टमी अथवा आठ्ठों की सुबह बनने वाली खिचड़ी का भोग लगाकर भराड़ी पूजन किया जाता है। सूर्यास्त होने के बाद बच्चों अथवा कन्याओं को आठ्ठों पर बनाए जाने वाले धोरोटी-भात व खिचड़ी आदि पारम्परिक व्यंजन प्रसाद स्वरूप बांटे जाते हैं।

इस प्रक्रिया के बाद हुशू कहलाने वाली बाबड़ी घास व अन्य ज्वलनशील पदार्थों से बनी विशेष मशालें जलाकर सिर पर घुमाई जाती है। मशालें जलाने के दौरान स्वर्गलोक विजेता एवं दानवीर राजा बलि का जयघोष किया जाता है। गिरिपार अथवा सिरमौर में प्रचलित मान्यता के अनुसार मशालें सिर पर घुमाने से कष्टों, आपदाओं व बुरी आत्माओं के साये से मुक्ति मिलती है। वीरवार व शुक्रवार को सिरमौर के अंतर्गत आने वाले उपमंडल संगड़ाह, शिलाई व राजगढ़ आदि की करीब 150 पंचायतों में पारंपरिक अंदाज से आठ्ठों अथवा दुर्गा अष्टमी त्योहार मनाया गया तथा राजा बलि का जयघोष हुआ।

आठ्ठों के अलावा क्षेत्र में माघी, बूढ़ी दिवाली, दूज, गुग्गा नवमी व पांजवी आदि त्योहार भी शेष हिंदुस्तान से अलग अंदाज में मनाए जाते हैं, इन्हीं परंपराओं व त्योहारों तथा विषम भौगोलिक परिस्थितियों के आधार पर गिरिपार के हाटी समुदाय पिछले साल भारत सरकार द्वारा अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल किया गया है। बहरहाल गिरिपार में पारंपरिक अंदाज में आठ्ठों पर्व बड़े उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया।

## अवैध माइनिंग पर किया 75 हजार का चालान

**बीबीएन।** बद्दी पुलिस ने अवैध माइनिंग पर कार्रवाई करते हुए एक जेसीबी मशीन व एक टिप्पर को पकड़ा है। पुलिस टीम ने गश्त के दौरान शीतलपुर खड्ड में अवैध माइनिंग व जेसीबी को अवैध माइनिंग करते हुए पाया जिन्हें कब्जे में लेकर कार्रवाई की।

इसमें जेसीबी मशीन मालिक को 50 हजार व टिप्पर पर 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। अब बद्दी पुलिस इन वाहनों को आगामी कार्रवाई के लिए एनजीटी को भेजेगी ताकि एनजीटी के तहत कार्रवाई हो सके। एसपी बद्दी इल्मा अफरोज ने बताया कि अवैध माइनिंग पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत शीतलपुर में अवैध माइनिंग पर दो वाहनों को हिरासत में लेकर जुर्माना लगाया है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'आदि शंकराचार्य' का ट्रेलर लॉन्च



**बेंगलुरु।** वैश्विक मानवतावादी और आध्यात्मिक गुरु, गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर की उपस्थिति में आर्ट ऑफ लिविंग ने अपनी पहली वेब सीरीज 'आदि शंकराचार्य' का ट्रेलर लॉन्च किया। गुरुदेव ने कहा, 'ज्ञान को समय-समय पर पुनर्जीवित करना आवश्यक है। आदि शंकराचार्य ने ज्ञान को पुनर्जीवित किया। उन्होंने भक्ति, ज्ञान और कर्म को एकत्र किया। उनका यही संदेश था कि जीवन दुख नहीं बल्कि आनंद है।' यह प्रोडक्शन आदि शंकराचार्य के प्रारंभिक वर्षों की कहानी प्रस्तुत करेगा, जिसमें वे भारत भर में यात्रा करते हुए आध्यात्मिक नैतिकताओं और परंपराओं को पुनर्जीवित करते हैं। सीजन 1 में 10 एपिसोड होंगे। प्रत्येक एपिसोड लगभग 40 मिनट लंबा और आदि शंकराचार्य के जीवन के पहले आठ वर्षों पर आधारित होंगे।

### उत्तराखंड के लिए 9 परियोजनाओं का लोकार्पण

**जगदीश शर्मा, देहरादून।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को सीमा सड़क संगठन द्वारा निर्मित 75 प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का लोकार्पण कर राष्ट्र को समर्पित किया। इसमें 9 परियोजनाएं उत्तराखंड की शामिल हैं। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी वर्चुअल रूप से उपस्थित थे। उत्तराखंड में जिन 9 परियोजनाओं का लोकार्पण किया गया उनमें गढ़वाल क्षेत्र में करछा पुल, मींग गधेरा पुल, घस्तोली पुल, पागल नाला पुल और देहरादून जनपद में शिवालिक परियोजना का कार्यालय और रहने का स्थान शामिल हैं। कुमाऊं क्षेत्र में सुरिंगघाट पुल, चिमला पुल, पैनागढ़ पुल और गोसीगढ़ पुल का लोकार्पण किया गया। उत्तराखंड की 9 परियोजनाओं का लोकार्पण करने पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त किया।

### बापूधाम प्राइमरी स्कूल में मनाया दशहरा

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** सेक्टर-26 स्थित बापूधाम प्राइमरी स्कूल में बच्चों ने दशहरा मनाया। इस मौके पर बालवाटिका के बच्चे श्री राम, लक्ष्मण, सीता और रावण की वेशभूषा में स्कूल पहुंचे। छोटे बच्चों की रामायण की झांकियों ने सबका मन मोह लिया। बालवाटिका की इंचार्ज किरण सूद ने बताया कि बच्चों ने इस मौके पर कक्षा में कठपुतलियों के जरिए रामलीला का मंचन भी किया। कक्षा अध्यापिका ने बुराई पर अच्छाई की जीत के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। स्कूल के इंचार्ज सुखजीत, अंजू गुप्ता, नेहा कौशल, जगदीश लोहान, सोमवीर, प्रीति यादव, पूनम, जीवन ज्योति ने बच्चों की ओर से निकाली झांकियों की सराहना की।

# विश्व मानक दिवस कल, पीआरबीओ ने आयोजित की कई गतिविधियां

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**



भारतीय मानक ब्यूरो, वस्तुओं के मानकीकरण परवाणू शाखा कार्यालय (पीआरबीओ) की स्थापना वर्ष 2001 में हुई थी। यह भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) के 38 शाखा कार्यालयों में से एक है और उत्तरी क्षेत्रीय कार्यालय (एनआरओ) के अंतर्गत आता है। पीआरबीओ हिमाचल प्रदेश के 11 जिलों, पंजाब के 3 जिलों और हरियाणा के 1 जिलों को कवर करता है और 215 से अधिक भारतीय मानकों को कवर करते हुए 1,365 से अधिक लाइसेंस संचालित करता है। पीआरबीओ में की जाने वाली प्रमुख गतिविधियां उत्पाद प्रमाणन, हॉलमार्किंग, मानक प्रचार, प्रवर्तन, उपभोक्ता जागरूकता और शिकायत निवारण हैं।

प्रमाणन के तहत प्रमुख उत्पाद स्टील उत्पाद, विद्युत उपकरण, एलपीजी स्टोव, कंक्रीट पेविंग ब्लॉक, स्विच और सॉकेट, मिक्सर ग्राइंडर, पैकेज्ड पेयजल और प्राकृतिक खनिज पानी, एलपीजी सिलेंडर आदि हैं। हर साल, दुनिया भर के राष्ट्रीय मानक निकाय और आईएसओ और आईईसी के सदस्य दुनिया भर के हजारों विशेषज्ञों के सहयोगात्मक प्रयासों का सम्मान करने के एक तरीके के रूप में विश्व मानक दिवस मनाते हैं जो अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय मानक विकसित करते हैं। चुनी गई तारीख, 14 अक्तूबर, ऐतिहासिक महत्व रखती है, क्योंकि यह वह दिन है जब 1946 में 25 देश वैश्विक मानकों के निर्माण के लिए समर्पित एक अंतरराष्ट्रीय संगठन आईएसओ की स्थापना के लिए लंदन में एकत्र हुए थे।

विश्व मानक दिवस मानकों के महत्व और व्यवसायों, समाजों और सरकार को उनके द्वारा प्रदान किए जाने वाले असंख्य लाभों पर विचार करने के लिए एक मूल्यवान अवसर के रूप में कार्य करता है। यह हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं में स्थिरता, सुरक्षा और गुणवत्ता को बढ़ावा देने में मानकों की महत्वपूर्ण भूमिका को पहचानने का एक अवसर है। इस वर्ष की थीम गुणवत्ता और प्रतिस्पर्धात्मकता सुनिश्चित करने, स्थानीय उद्योग को सुविधाजनक बनाने, वैश्विक निवेशकों को आकर्षित करने, वैश्विक अंतर को कम करने के लिए नियमों और प्रथाओं में सामंजस्य बनाकर देशों के बीच प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर 'मेक इन इंडिया' पर जोर देती है।

इस वर्ष की थीम, 'सतत विकास के लिए मानक बुनियादी ढांचे के माध्यम से नवाचार में तेजी लाना', सतत् विकास लक्ष्य 9 के साथ निकटता से मेल खाती है, जो लचीले बुनियादी ढांचे के निर्माण, समावेशी और टिकाऊ औद्योगीकरण को बढ़ावा देने और नवाचार को बढ़ावा देने पर जोर देता है। (अनंत ज्ञान)




# अनिष्ट की वजह से बैजनाथ में नहीं मनाया जाता दशहरा

## यहां से आगे शिवलिंग नहीं ले जा सका लंकापति रावण

*हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ में एक हजार फुट की ऊंचाई पर स्थित पौराणिक शिव मंदिर नागर शैली में बना है। इसके बगल से बिनवा नदी बहती है। मंदिर की ऊंचाई 51 फुट और चौड़ाई 31 फुट है। मंदिर में लगे शिलालेख के अनुसार, इसका निर्माण 9वीं से 12वीं शताब्दी के दौरान कत्यूरी वंश के शासकों ने करवाया था। कांगड़ा के राजा संसार चंद ने 18वीं सदी में इसका पुनर्निर्माण कराया था। बैजनाथ मंदिर के अलावा यहां तीन और पालिकेश्वर, मुकुटनाथ और महाकाल मंदिर हैं। पौराणिक कथाओं के अनुसार, रावण जिस शिवलिंग को लंका ले जाना चाहता था, वही शिवलिंग इस मंदिर में है। यहां हर साल मकर संक्रांति से अगले सात दिन तक शिवलिंग पर मक्खन चढ़ाया जाता है, जिसे घृत मंडल कहा जाता है। बैजनाथ में दशहरा नहीं मनाया जाता, क्योंकि रावण शिव का प्रिय भक्त था। कहते हैं कि एक बार कुछ स्थानीय लोगों ने दशहरे के दौरान रावण का पुतला जलाया था और इसके बाद आयोजकों तथा उनके परिवारों को अनिष्ट झेलना पड़ा था। उसके बाद किसी ने भी यहां दशहरा मनाने की कोशिश नहीं की।*

### मध्य प्रदेश के रावण गांव में पसर जाता है मातम



**मध्य** प्रदेश के विदिशा से 35 किलोमीटर दूर रावण नाम का एक गांव है, जहां रावण के मंदिर में लेटी हुई प्रतिमा है। महिलाएं मंदिर के सामने निकलते समय घूंघट कर लेती हैं। दशहरा पर गांव में मातम पसर जाता है। महिलाएं मंदिर में रोने लगती हैं। गांव के लोग भी कहीं बाहर नहीं जाते।

### मेरठ के इस गांव में भी नहीं मनाया जाता दशहरा

**मेरठ** शहर से पास गगोल गांव में दशहरा नहीं मनाया जाता। मेरठ को रावण की ससुराल माना जाता है। हालांकि, दशहरा नहीं मनाने का कारण 1857 में अंग्रेजी हुकुमत द्वारा इस दिन 9 क्रांतिकारियों को फांसी दिया जाना भी बताया जाता है।

### रावण की आत्मिक शांति के लिए होता है पिंडदान

**जोधपुर** के मौदगिल में ब्राह्मण खुद को रावण का वंशज मानते हैं। वे लोग रावण दहन दहन की बजाय उसकी आत्मा की शांति के लिए पिंडदान करते हैं।

### रावण की तेरहवीं

*उत्तर प्रदेश के जसवंतनगर में दशहरे के दिन रावण की आरती उतारी जाती है। उसकी मूर्ति के टुकड़े किए जाते हैं। उन टुकड़ों को लोग घर ले जाते हैं और रावण की तेरहवीं करते हैं।*

**लंकेश्वर महोत्सव**

कर्नाटक के कोलार में रावण का पुतला नहीं जलाया जाता है। यहां नवरात्र में रावण की पूजा होती है। इस दिन यहां फसल की पूजा होती है। इस शुभ मौक पर एक महोत्सव का भी आयोजन होता है जिसका नाम लंकेश्वर महोत्सव है।

महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले के एक गांव में रावण को देवताओं का पुत्र माना जाता है। उसकी पूजा की जाती है। उज्जैन के चिकली गांव में भी रावण का पुतला नहीं जलाया जाता है। मध्य प्रदेश के मंदसौर में भी रावण की पूजा होती है। मंदसौर को रावण की पत्नी मंदोदरी का मायका माना जाता है। आंध्र प्रदेश के काकिनाड़ में रावण का मंदिर बना है। वहां भगवान शिव के साथ रावण की पूजा होती है।

# पीएम मोदी के अंदर विजन, एक्सपीरियंस और कमिटमेंट का अद्भुत मेल : अमित शाह

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भाजपा के दिग्गज नेता अमित शाह ने बतौर मुख्य अतिथि पीएचडी चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के 119वें वार्षिक अधिवेशन को संबोधित करते हुए यह स्पष्ट संदेश दिया कि भारत को हर क्षेत्र में विश्व में सर्वप्रथम बनाने की नींव मोदी जी ने बीते 10 वर्षों में डालने का काम किया है। मोदी सरकार के पिछले 10 वर्षों के ट्रैक रिकॉर्ड को देखा जाए तो नए भारत के निर्माण में जुटे शाह का दावा शत–प्रतिशत सच प्रतीत होने लगता है। इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, दुनिया भर में भारत को मैन्युफैक्चरिंग का हब बनाने का काम, इन्वेस्टर फ्रेंडली इकोसिस्टम का निर्माण, स्किल वर्क फोर्स का निर्माण, रिसर्च एंड डेवलपमेंट को प्रोत्साहित करने का काम, इमर्जिंग टेक्नोलॉजी में भारत को पायनियर बनाने का काम, डीप-सी, मैरीटाइम इकोनॉमी और अंतरिक्ष जैसे क्षेत्रों में नई शुरुआत करने का काम मोदी जी ने बहुत दूरदर्शिता के साथ किया है। दुनिया का सबसे लंबा हाइवे टनल आज भारत में है। शाह और देश की 130 करोड़ जनता का मानना है कि मोदी जी के अंदर विजन, एक्सपीरियंस और कमिटमेंट का अद्भुत मेल है, यही कारण है कि मोदी जी पहले मुख्यमंत्री और फिर लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बन कर लोकतांत्रिक तरीके से जनता का विश्वास जीतते आ रहे हैं।

# बीएसएफ ने मार गिराया पाकिस्तानी ड्रोन

**एजेंसी, फिरोजपुर**

सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने एक बार फिर पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। बीएसएफ ने शनिवार को पंजाब के फिरोजपुर के पास एक ड्रोन को मार गिराया, जो पाकिस्तान से तस्करी का सामान लेकर आ रहा था।

भारतीय सीमा पर रोके गए ड्रोन में 500 ग्राम हेरोइन, एक पिस्तौल और एक मैगजीन पाई गई। बीएसएफ ने 24 घंटे में 2 पाकिस्तानी ड्रोन को मार ढेर किया है। एक दिन पहले गुरुवार को भी इसी तरह की एक घटना हुई। बीएसएफ ने पंजाब के तरनतारन सीमा जिले में 13 किलोग्राम संदिग्ध हेरोइन बरामद की। एक्स पर एक पोस्ट में बीएसएफ पंजाब फ्रंटियर ने कहा, इस बरामदगी ने पाकिस्तान सीमा से भारत में हेरोइन की तस्करी करने का प्रयास कर रहे वाले सीमा पार अपराधियों को एक बड़ा झटका दिया है।

वहीं पंजाब के अमृतसर में सीआईए ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 10 किलो के करीब हेरोइन बरामद की है। हेरोइन के साथ दो आरोपी भी थे, जो कि मौके से भागने में कामयाब हो गए। सीमा पार नशा तस्करी नेटवर्क को बड़ा झटका देते हुए काउंटर इंटेलिजेंस, अमृतसर के सुखेवाला गांव के पास दो संदिग्ध वाहनों को सफलतापूर्वक रोका, जिससे 10.4 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई।

### भारत-फ्रांस के बीच दो आईआईटी समझौते

**नई दिल्ली।** फ्रांस के एक अग्रणी शैक्षणिक संस्थान ने भारत के साथ ज्ञान के गहन आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए दो भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) के साथ विशिष्ट समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। फ्रांसीसी दूतावास ने बताया कि इन समझौतों पर इकोले पॉलीटेक्निक की अध्यक्ष एवं महानिदेशक लॉरा चौबार्ड की सात से 11 अक्तूबर तक हुई भारत यात्रा के दौरान हस्ताक्षर किए गए। इकोले पॉलीटेक्निक ने एक बयान में कहा कि इसकी स्थापना 1794 में देश को उच्चतम श्रेणी के प्रशिक्षित इंजीनियर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई थी।

### आरजी कर मामला: डॉक्टरों का अनशन जारी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित आरजी कर अस्पताल में महिला चिकित्सक से दुष्कर्म और फिर उसकी हत्या किए जाने की घटना के विरोध में पिछले सात दिनों से आमरण अनशन कर रहे छह कनिष्ठ चिकित्सकों के साथ उनके दो और सहकर्मी भी शामिल हो गए। वे पीड़िता के परिजनों को न्याय दिलाने की मांग सहित अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों के लिए हड़ताल कर रहे हैं। रामकृष्ण मिशन सेवा प्रतिष्ठान के परिचय पांडा और कलकत्ता नेशनल मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल की अलोलिका घोरुई शनिवार को आमरण अनशन में शामिल हो गईं।

### मदरसों की फंडिंग पर लगे रोक, सचिवों को पत्र

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) के चेयरपर्सन प्रियंक कानूनगो ने देशभर में मदरसों में पढ़ रहे बच्चों के अधिकारों को लेकर सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और प्रशासकों को एक पत्र लिखा है। इस पत्र में मदरसों और बच्चों के संवैधानिक अधिकारों के बीच के टकराव को दूर करने के उपाय सुझाए हैं। प्रियंक कानूनगो ने कहा कि एनसीपीसीआर 2005 के बाल अधिकार संरक्षण अधिनियम के तहत स्थापित एक वैधानिक निकाय है, जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा करना और अन्य मुद्दों की निगरानी करना है।

### बांग्लादेश में दुर्गापूजा के दौरान गड़बड़ी, 17 गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में चल रही दुर्गा पूजा समारोह से जुड़ी करीब 35 घटनाओं के बाद 17 लोगों को गिरफ्तार किया है। ढाका पुलिस ने बताया कि यह कार्रवाई जोगेश्वरी मंदिर में चोरी की घटना के एक दिन बाद की है। पुलिस इंस्पेक्टर जनरल (आईजीपी) मोहम्मद मोइनुल इस्लाम वे कहा कि एक अक्तूबर के बाद से दुर्गा पूजा सामारोह को लेकर 35 अप्रिय घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इनमें कुल 11 मामले दर्ज किए गए हैं, 24 शिकायतें दर्ज हुई हैं और 17 लोगों को गिरफ्तार किया है।

### आंध्र प्रदेश में आज से नई शराब नीति लागू

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश की चंद्रबाबू नायडू सरकार ने शनिवार से राज्य में नई शराब नीति लागू कर दी है। नई शराब नीति के तहत निजी खुदरा विक्रेताओं को अनुमति दी जानी है। इसके जरिए सरकार को 55,00 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की उम्मीद है। अन्य राज्यों की सर्वोत्तम प्रथाओं के आधार पर आबकारी नीति में पूर्ण परिवर्तन करते हुए, आंध्र प्रदेश ने शराब की खुदरा बिक्री का निजीकरण करने का निर्णय लिया है। इसके लिए राज्य भर में 3,736 खुदरा दुकानें अधिसूचित की गई हैं।

### माली में बाढ़ से अब तक 177 की मौत, 148 जख्मी



**बमाको।** माली में बारिश के मौसम की शुरुआत से आई बाढ़ से कम से कम 177 लोगों की मौत हो गई है। बारिश और बाढ़ के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। माली की इंटर मिनिस्ट्रियल कमेटी फॉर क्राइसिस एंड डिजास्टर मैनेजमेंट की रिपोर्ट के अनुसार, देश में बाढ़ की 656 घटनाएं दर्ज की गई हैं, जिनमें 148 लोग घायल हुए और 37,999 घर ढह गए। अब तक 177 लोगों की जान गई है।

### पीएम इंटर्नशिप योजना के तहत आवेदन प्रक्रिया शुरू

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री इंटर्नशिप योजना के तहत शनिवार से आवेदन पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए शैक्षणिक दस्तावेज सहित अन्य मांगे गए डॉक्यूमेंट्स को भारत सरकार की वेबसाइट पर अपलोड करना होगा। सरकार का लक्ष्य इस योजना के तहत युवाओं को शीर्ष की पांच सौ कंपनियों में इंटर्नशिप प्रदान करना है। अभ्यर्थियों को बतौर स्टाइपेंड हर महीने 5 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## देश-विदेश

# रेल दुर्घटनाओं को लेकर कब जागेगी सरकार: राहुल गांधी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**लोकसभा** में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने तमिलनाडु ट्रेन हादसे को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जवाबदेही शीर्ष स्तर से शुरू होती है तथा अनेक दुर्घटनाओं के बावजूद कोई सबक नहीं लिया गया।

उन्होंने सवाल किया कि आखिर कितने परिवारों के तबाह होने के बाद यह सरकार जागेगी? तमिलनाडु के पोन्नेरी–कावरापेट्टई रेलवे स्टेशनों के बीच चेन्नई–गुडूर रेलखंड पर ट्रेन संख्या 12578 मैसूर–दरभंगा एक्सप्रेस की पीछे से एक मालगाड़ी से टक्कर हो गई। इस हादसे में 19 लोग घायल हुए हैं। राहुल गांधी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि मैसूर–दरभंगा ट्रेन दुर्घटना भयावह बालासोर दुर्घटना को प्रतिबिंबित करती है। एक यात्री ट्रेन एक मालगाड़ी से टकरा गई। अनेक दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान चले जाने के बावजूद कोई सबक नहीं लिया जाता। जवाबदेही सबसे ऊपर से शुरू होती है। उन्होंने सवाल किया कि आखिर कितने परिवारों के तबाह होने के बाद यह सरकार जागेगी। कांग्रेस महासचिव प्रियंता गांधी ने भी ट्रेन हादसे को लेकर केंद्र की आलोचना की है। उन्होंने कहा कि देश में ट्रेन दुर्घटनाएं इतनी आम हो गई हैं कि एक के बाद एक होने के बावजूद सरकार की ओर से न तो कोई जवाबदेही तय की जा रही है और न ही कोई कार्रवाई की जा रही है।

### बागमती एक्सप्रेस हादसे में 19 लोग घायल, जांच शुरू

**चेन्नई।** बागमती एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12578) के 19 यात्रियों को अस्पताल में भर्ती कराया है। ट्रेन शुक्रवार रात कावराईपेट्टई में पटरी से उतर गई थी। चार यात्रियों की हालत गंभीर बताई जा रही है। दक्षिण रेलवे ने पहले ही दुर्घटना की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी है। बता दें कि मैसूर से बिहार के दरभंगा जा रही बागमती एक्सप्रेस शुक्रवार रात साढ़े आठ बजे खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई थी। टक्कर के कारण बागमती एक्सप्रेस के 12 डिब्बे पटरी से उतर गए थे और ट्रेन के पार्सल वैन में आग लग गई थी, जिसे बाद में अग्निशमन और रेस्क्यू टीम द्वारा बुझाया गया।

# जरूरत पड़ी तो हम पूरी ताकत से करेंगे हथियारों का इस्तेमाल : राजनाथ सिंह

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**विजयादशमी** के अवसर पर पश्चिम बंगाल के सुकना सैन्य स्टेशन पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पारंपरिक शस्त्र पूजा का आयोजन किया।

इस कार्यक्रम में उन्होंने भारतीय सेना की शक्ति, सफलता और सुरक्षा के लिए अनुष्ठान किया, जिसमें विभिन्न आधुनिक सैन्य उपकरणों की पूजा की गई। यह पूजा हर साल दशहरा के मौके पर आयोजित की जाती है, जिसमें भारतीय सेना के विभिन्न उपकरणों को श्रद्धांजलि अर्पित की जाती है। राजनाथ ने सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखने में सशस्त्र बलों की सतर्कता और भूमिका की सराहना की। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि देश के हितों को खतरा होता है, तो भारत बड़ा कदम उठाने में संकोच नहीं करेगा। जरूरत पड़ने पर हम अपने हथियारों और उपकरणों का पूरी ताकत से इस्तेमाल करेंगे। यह बयान स्पष्ट करता है कि भारत अपनी सुरक्षा को लेकर कितनी गंभीरता से सोचता है।

### गुजरात में निर्माण स्थल पर मिट्टी धंसने से सात मजदूरों की गई जान

**एजेंसी, मेहसाणा**

**गुजरात** के मेहसाणा जिले में शनिवार को एक निर्माण स्थल पर मिट्टी धंसने से सात मजदूरों की मौत हो गई।

यह हादसा जिला मुख्यालय से लगभग 37 किलोमीटर दूर कडी कस्बे के पास हुई। कडी थाने के निरीक्षक प्रह्लाद सिंह वाघेला ने बताया कि जसलपुर गांव में एक फैक्टरी के लिए भूमिगत टैंक बनाने के लिए कई मजदूर गड्ढा खोद रहे थे, तभी मिट्टी धंस गई और दब गए। उन्होंने बताया कि पांच शव बरामद कर लिए हैं और तीन से चार अन्य मजदूरों के दबे होने की आशंका है। बचाव अभियान जारी है। फिलहाल जेसीबी की मदद से मिट्टी हटाने का काम किया जा रहा है।

# आतंकवादियों की पार्टी है भाजपा: खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**पीएम** नरेंद्र मोदी की तरफ से कांग्रेस को अर्बन नक्सल की पार्टी कहे जाने पर अब कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बोल बिगाड़ते हुए बीजेपी को आतंकियों की पार्टी कह दिया है। खड़गे ने कहा कि जो लोग अल्पसंख्यकों को धमकाते आदिवासियों का रेप करते हैं और लिंचिंग करते हैं, पीएम मोदी उनका समर्थन करते हैं। खड़गे ने बीजेपी और पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वे देश की बात नहीं करते। बुद्धिजीवी को पीएम अर्बन नक्सल कहते हैं। जहां भी बीजेपी की सरकार है, वहां अनुसूचित जाति पर अत्याचार होता है, आदिवासियों पर भी अत्याचार होता है। सरकार तुम्हारी है। तुम कंट्रोल कर सकते हो, लेकिन पीएम मोदी की आदत है, ऐसा बोलने की। उन्होंने कहा कि देश और लोगों के बारे में कम बोलते हैं और पार्टी के बारे में ज्यादा बोलते हैं।खड़गे ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के बयान पर भी निशाना साधा। उन्होंन कहा कि किसी देश को अत्याचार नहीं करना चाहिए। जैसे हम अल्पसंख्यकों की रक्षा करते हैं, वैसे ही उनकी भी जिम्मेदारी है।

### दुष्कर्म मामला : एसआईटी ने की सिद्दीकी से पूछताछ

तिरुवनंतपुरम। मलयालम फिल्म अभिनेता सिद्दीकी से उनके खिलाफ दर्ज दुष्कर्म के एक मामले की जांच के सिलसिले में विशेष जांच दल(एसआईटी) ने शनिवार को फिर से पूछताछ की। युवा अभिनेत्री की ओर से दर्ज कराए गए मामले की जांच के सिलसिले में अभिनेता सिद्दीकी से दूसरी बार पूछताछ की गई है। सिद्दीकी से करीब दो घंटे तक पूछताछ की।

# इसराइल का जबालिया रिफ्यूजी कैंप पर हमला, 20 की मौत

**एजेंसी, गाजा**

**जबालिया** रिफ्यूजी कैंप पर इसराइल ने हवाई हमला किया। इस हमले में कम से कम 20 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई घायल हुए हैं। हमास संचालित सिविल डिफेंस एजेंसी के प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार रात 9 बजकर 40 मिनट पर हवाई हमला हुआ। उत्तरी गाजा में सिविल डिफेंसी एजेंसी के निदेशक अहमद अल–खालूत ने कहा कि हमलों में 20 लोगों की जान गई है।

वहीं, गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने अस्पतालों में ईंधन के लिए एक 'अर्जेंट कॉल' जारी किया है। इसका मतलब यह है कि गाजा के अस्पतालों को तत्काल ईंधन उपलब्ध कराए जाने की जरूरत है।



### हिज्बुल्लाह ने इसराइल पर दागीं 230 मिसाइलें, हाइफा को बनाया निशाना

**ईरान**-समर्थित लेबनानी आतंकवादी समूह हिज्बुल्लाह ने हाइफा के दक्षिण में मिसाइलें दागी हैं। इसराइली रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि हिज्बुल्लाह के दागे गए लगभग 230 प्रोजेक्टाइल लेबनान से इसराइल में प्रवेश किए हैं। आईडीएफ का कहना है कि वे अपनी सीमा की रक्षा के लिए सतर्क हैं। इसराइल में बुधवार को भी हमले किए गए, लेकिन इस हमले के दौरान कोई सायरन नहीं बजे, जिससे हमले के दावों की पुष्टि नहीं हुई।

### रूस ने मार गिराए 92 यूक्रेनी ड्रोन

**रूस** की सेना ने एक ही रात में 92 यूक्रेनी ड्रोन मार गिराए। रूस के रक्षा मंत्रालय की तरफ से इस बारे में जानकारी दी गई। रूस ने 47 ड्रोन्स क्रास्नोडार में, आजोव सागर के ऊपर 15 ड्रोन्स, 12 ड्रोन्स कुर्स्क में और 18 ड्रोन्स बॉर्डर से सटे अन्य इलाकों में मार गिराए। यूक्रेन ने रूस पर एक बार फिर ड्रोन अटैक किया। यूक्रेनी सेना ने रूस की एनर्जी साइट्स को निशाना बनाते हुए ड्रोन्स से हमला किया।

# देश के संकल्प की परीक्षा ले रहीं भयावह साजिशें : भागवत

**एजेंसी, नागपुर (महाराष्ट्र)**



**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत अधिक सशक्त हुआ है तथा विश्व में उसकी साख भी बढ़ी है, लेकिन भयावह साजिशें देश के संकल्प की परीक्षा ले रही हैं।

भागवत ने बांग्लादेश की स्थिति के संदर्भ में कहा कि बांग्लादेश में यह बात फैलाई जा रही है कि भारत एक खतरा है और उन्हें बचाव के लिए पाकिस्तान से हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत और राष्ट्रीय चरित्र की दृढ़ता धर्म की विजय के लिए शक्ति का आधार बनती है, चाहे स्थिति अनुकूल हो या नहीं। उन्होंने नागपुर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक विजया दशमी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हर किसी को लगता है कि पिछले कुछ वर्षों में भारत अधिक सशक्त हुआ है और विश्व में उसकी साख भी बढ़ी है। कोई भी देश लोगों के राष्ट्रीय चरित्र से महान बनता है। संघ के शताब्दी वर्ष में कदम रखने के कारण यह साल महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि भारत में आशाओं और आकांक्षाओं के अलावा चुनौतियां और समस्याएं भी मौजूद हैं।

महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप

## 'करो या मरो' के मुकाबले में भारत को जीत के साथ सुधारना होगा रन रेट

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बड़ी जीत की दरकार

**एजेंसी, शारजाह**

आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय टीम महिला ट्वेंटी-20 विश्व कप में रविवार को 'करो या मरो' के मुकाबले में चोटों से प्रभावित ऑस्ट्रेलिया को बड़े अंतर से हराकर अपना नेट रनरेट बेहतर करना चाहेगी। श्रीलंका पर बड़े अंतर से जीत दर्ज करके भारत ने सेमीफाइनल में प्रवेश की संभावना प्रबल कर ली है। दूसरी ओर ऑस्ट्रेलिया के तीन मैचों में छह अंक है और उसका नेट रनरेट प्लस 2.786 है। ऑस्ट्रेलिया ने सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया है जबकि बाकी स्थान के लिए भारत, न्यूजीलैंड और पाकिस्तान दौड़ में है।

गत चैंपियन ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को पाकिस्तान को हराया, लेकिन कप्तान एलिसा हीली फील्डिंग के दौरान पैर में चोट लगा बैठी और तेज गेंदबाज टायला व्लाएमिंक के कंधे की हड्डी खिसक गई।

भारत ने श्रीलंका को 82 रन से हराया जो टूर्नामेंट के इतिहास में उसकी सबसे बड़ी जीत है। इससे भारत का रनरेट भी नेगेटिव से पॉजीटिव हो गया और अंतिम-4 में पहुंचने की संभावना भी प्रबल हुई। इस जीत से भारत ग्रुप-ए में दूसरे स्थान पर है जबकि ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर है । भारत के चार अंक है और उसे नॉकआउट में प्रवेश के लिए जीत की जरूरत है क्योंकि न्यूजीलैंड को अभी एक मैच और खेलना है और वह छह अंक लेकर अंतिम चार में पहुंच सकता है। ऐसे में बात नेट रनरेट पर जाएगी।

भारत का नेट रनरेट इस समय प्लस 0.567 है जबकि न्यूजीलैंड का प्लस 0.282 है। पाकिस्तान के तीन मैचों में दो अंक हैं। अगर वे आखिरी मैच में न्यूजीलैंड को हरा देते हैं और भारत ऑस्ट्रेलिया से हार जाता है तो सभी टीमों के चार चार अंक होंगे और तब भी नेट रनरेट पर बात आएगी। इसलिए भारतीय टीम को न सिर्फ जीतना है बल्कि बड़े अंतर से भी जीतना है।




**7 :30 बजे शुरू होगा मैच**

### संभावित टीमें

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रौड्रिग्स, रिचा घोष, यास्तिका भाटिया, पूजा वस्त्राकर, अरूंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, डायलान हेमलता, आशा शोभना, राधा यादव, श्रेयांका पाटिल, साजना सजीवन।

**ऑस्ट्रेलिया ।** एलिसा हीली (कप्तान ), डार्सी ब्राउन, एश गार्डनर, किम गार्थ, ग्रेस हैरिस, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहलिया मैकग्रा, सोफी मोलिनू, बेथ मूनी, एलिसे पेरी, मेगान शट, अनाबेल सदरलैंड, टायला व्लाएमिंग, जॉर्जिया वेयरहैम।

## तीसरा ट्वेंटी-20 : सैमसन ने 40 गेंदों में लगाया शतक



**हैदराबाद।** विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन (111 रन) ने 40 गेंदों में शतक पूरा किया, जिससे भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के तीसरे ट्वेंटी-20 में 17 ओवर तक 3 विकेट खोकर 252 रन बना लिए थे। सैमसन ने कप्तान सूर्यकुमार यादव (75 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 173 रनों की साझेदारी की। भारत ने अपनी टीम में एक बदलाव करके तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जगह स्पिनर रवि बिश्नोई को अंतिम एकादश में शामिल किया है।

**स्पोर्ट्स विंडो**

### हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस में भारत की कप्तानी करेंगे उथप्पा

**नई दिल्ली।** विश्व कप विजेता विकेटकीपर बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा अगले महीने हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करेंगे। आयोजकों ने शनिवार को यह जानकारी दी। भारतीय टीम में केदार जाधव, स्टुअर्ट बिन्नी, मनोज तिवारी और शाहबाज नदीम भी हैं। बल्लेबाज भरत छपली और विकेटकीपर श्रीवत्स गोस्वामी भी भारत के लिए खेलेंगे। छह खिलाड़ियों की टीम वाले इस क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन एक से तीन नवंबर तक किया जाएगा। हांगकांग क्रिकेट सिक्सेस सात साल बाद आयोजित किया जा रहा है। इस साल ऑस्ट्रेलिया, पाकिस्तान, इंग्लैंड और न्यूजीलैंड समेत 12 टीमें भाग लेंगी। दक्षिण अफ्रीका गत चैंपियन है। भारत का पहला मैच एक नवंबर को पाकिस्तान से होगा जिसके एक दिन बाद यूएई से खेलना है।



### गोल्फर एसएसपी चौरसिया मकाऊ ओपन में संयुक्त 33वें स्थान पर

**मकाऊ।** अनुभवी गोल्फर एसएसपी चौरसिया यहां संयुक्त 33वें स्थान से एसजेएम मकाऊ ओपन में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर काबिज भारतीय रहे। पांच अन्य भारतीयों ने कट में जगह बनाई। चौरसिया ने एक अंडर 69 का कार्ड खेला जिससे वह दो दिन में तीन अंडर पर रहे। कट हासिल करने वाले अन्य भारतीय सप्ताक तलवार, अजीतेश संधू और युवराज संधू, खालिन जोशी और एस चिक्कारंगप्पा रहे।

### खूबसूरती को लेकर सुर्खियों में लॉरेन बेल

**नई दिल्ली ।** इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम की तेज गेंदबाज लॉरेन बेल की खूबसूरती का कोई जवाब नहीं है। अपने प्रदर्शन के अलावा लॉरेन अपनी खूबसूरती से सुर्खियां बटोरती हैं। सोशल मीडिया पर भी लॉरेन काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उन्हें 4 लाख से ज्याद लोग फॉलो करते हैं। यहां वह अपनी तस्वीरें और वीडियो फैंस के लिए शेयर करती रहती हैं।



### नीदरलैंड के पॉल वान आस बने यूपी रूद्रास टीम के मुख्य कोच

**लखनऊ।** हॉकी इंडिया लीग की लखनऊ टीम यूपी रूद्रास ने नीदरलैंड के पॉल वान आस को टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया। नीदरलैंड को पेरिस ओलंपिक महिला हॉकी का स्वर्ण पदक दिलाने वाले पॉल सहायक कोच थॉमस टिचेलमैन और तकनीकी निदेशक सेड्रिक डिसूजा के साथ काम करेंगे। पॉल ने कहा ,''भारत के पास हॉकी प्रतिभाओं का शानदार पूल है और पेरिस ओलंपिक में भारत के प्रदर्शन से यह साबित भी हुआ। मैं यूपी रूद्रास टीम का हिस्सा बनकर काफी रोमांचित हूं। हमारा लक्ष्य ऐसा माहौल बनाना है जिसमें युवा प्रतिभाएं राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी चमक बिखेर सकें।'' फ्रेंचाइजी के मालिक यदु स्पोर्ट्स ने कहा कि वे मेजर ध्यानचंद , केडी सिंह बाबू जैसे लीजैंड देने वाले प्रदेश की हॉकी में योगदान देना चाहते हैं।

### शीर्ष वरीय रश्मिका आईटीएफ मैसूर ओपन के सेमीफाइनल में

**बेंगलुरु।** भारत की शीर्ष वरीयता प्राप्त श्रीवल्ली रश्मिका भामिदिपति ने हमवतन आकांक्षा निटूरे को हराकर आईटीएफ मैसूर ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। विश्व की 318वें नंबर की खिलाड़ी रश्मिका ने आकांक्षा को 6-2, 6-3 से हराया और अब उनका सामना चौथी वरीयता प्राप्त रिया भाटिया से होगा जिन्होंने अंतिम चार में स्मृति भसीन को 0-6, 6-3, 7-5 से शिकस्त दी। दूसरे सेमीफाइनल में अमेरिका की दूसरी वरीयता प्राप्त जेसी एनी का मुकाबला क्वालिफायर लक्ष्मीप्रभा अरुणकुमार से होगा। एनी ने पूजा इंगलेको 6-4, 6-0 से हराया। लक्ष्मी के खिलफ एलेना अस्वस्थ होने के कारण दूसरे सेट में हट गई थीं। लक्ष्मी ने पहला सेट 6-4 से अपने नाम किया था और दूसरे सेट में वह 2-1 से आगे थी।

## नेत्रहीन टी-20 विश्व कप से पहले 26 संभावित घोषित

**एजेंसी, बेंगलुरु**

**पाकिस्तान में नवंबर दिसंबर में होगा ट्वेंटी-20 विश्व कप का आयोजन**

भारतीय नेत्रहीन क्रिकेट संघ (सीएबीआई) ने पाकिस्तान में नवंबर-दिसंबर में होने वाले टी-20 विश्व कप से पहले राष्ट्रीय शिविर के लिए 26 संभावित खिलाड़ियों के नाम का ऐलान किया है। खेल मंत्रालय और भारत सरकार से अनापत्ति प्रमाण पत्र मिलने पर ही भारतीय टीम पाकिस्तान में यह टूर्नामेंट खेलेगी।

सीएबीआई के अध्यक्ष जी महंतेश ने कहा ,'' नेत्रहीन क्रिकेटरों के लिए अपना कौशल दिखाने को विश्व कप सबसे बड़ा मंच है। पाकिस्तान में विश्व कप खेलना और अपने देश का प्रतिनिधित्व करना बड़ा मौका है। विश्व कप जीत से हमें नेत्रहीन क्रिकेट को बढ़ावा देने में मदद मिलती है और खिलाड़ियों को पुरस्कार तथा पहचान भी।''

उन्होंने कहा ,'' हमें उम्मीद है कि भारत सरकार जल्दी से जल्दी हमें एनओसी देगी ताकि हम टीम की तैयारी कर सकें।''



**संभावित खिलाड़ी।** अजय कुमार रेड्डी, देबराज बहेड़ा, जी एस अराकेरी, महाराजा शिवसुब्रमण्यन, नरेशभाई तुम्डा, नीलेश यादव, संजय कुमार शाह, शौकत अली, प्रवीण कुमार शर्मा, जिबिन प्रकाश, वेंकटेश्वरा राव डुन्ना, पंकज भुइ, लोकेश, रामबीर सिंह, नकुल बडनायक, इरफान दीवान, सोनू सिंह रावत, दुर्गा राव टोम्पाकी, सुनील रमेश, सुखराम मांझी, रवि अमिति, डी गोपू, दिनेशभाई राठवा, घेवर रेबाडी, गंभीर सिंह चौहान, निखिल बाथुला।

## न्यूजीलैंड ने श्रीलंका को आठ विकेट से हराया

**एजेंसी, शारजाह**

सलामी बल्लेबाज जॉर्जिया पिलमर के अर्धशतक और एमेलिया केर के ऑलराउंड प्रदर्शन से न्यूजीलैंड ने महिला टी-20 विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के ग्रुप ए के मैच में शनिवार को यहां श्रीलंका को आठ विकेट से हराकर भारत पर दबाव बढ़ा दिया।

श्रीलंका की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट पर 115 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड ने 17.3 ओवर में दो विकेट पर 118 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की।

न्यूजीलैंड ने इससे पहले भारत को हराया था तथा ग्रुप-ए से सेमीफाइनल में जगह बनाने की दौड़ में इन दोनों टीमों के बीच मुकाबला रोमांचक बन गया है। ऑस्ट्रेलिया के छह अंक है और उसका नेट रन रेट 2.78 है। उसका ग्रुप में चोटी पर रहना लगभग तय है।

भारत लीग चरण में अपना अंतिम मैच रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलेगा जबकि न्यूजीलैंड सोमवार को पाकिस्तान का सामना करेगा।

भारत और न्यूजीलैंड दोनों के चार-चार अंक हैं। भारत का नेट रन रेट 0.576 और न्यूजीलैंड का 0.282 है। एशिया कप चैंपियन श्रीलंका ने फिर से लचर प्रदर्शन किया और उसे लगातार चौथी हार का सामना करना पड़ा। न्यूजीलैंड ने छोटे लक्ष्य के सामने किसी तरह की जल्दबाजी नहीं दिखाई। सलामी बल्लेबाज पिलमर ने 44 गेंद पर चार चौकों की मदद से 53 रन बनाकर सूत्रधार की भूमिका निभाई। उनके आउट होने के बाद कप्तान सूफी डिवाइन (नाबाद 13) और केर (31 गेंद पर नाबाद 34) ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचाया। डिवाइन ने छक्का जड़कर टीम को जीत दिलाई।

इससे पहले श्रीलंका की तरफ से कप्तान चमारी अटापट्टू ने 41 गेंद पर 35 रन बनाए जिसमें पांच चौके शामिल हैं।



श्रीलंका के खिलाफ विकेट लेने के बाद खुशी मनातीं न्यूजीलैंड की खिलाड़ी।

## अयहिका, सुतीर्था ने महिला युगल में भारत का पहला पदक पक्का किया

**एजेंसी, अस्ताना**

भारत की अयहिका मुखर्जी और सुतीर्था मुखर्जी ने एशियाई टेबल टेनिस चैंपियनशिप महिला युगल वर्ग में भारत का पहला पदक पक्का कर लिया। पिछले साल एशियाई खेलों में चीन की विश्व चैंपियन टीम को हराकर कांस्य जीतने वाली मुखर्जी बहनों ने दक्षिण कोरिया की किम नायोंग और ली युन्ही को 10-12, 11-7, 11-9, 11-8 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

अब उनका सामना जापान की मीवा हारिमोतो और मियू किशारा से होगा। पुरुष एकल में मानव ठक्कर और मानुष शाह ने प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। 60वीं रैंकिंग वाले मानव ने दुनिया के 14वें नंबर के खिलाफ दक्षिण कोरिया के जांग वूजिन को 5-11, 11-9, 5-11, 11-9, 11-7 से हराया।

वहीं मानुष ने 23वीं रैंकिंग वाले दक्षिण कोरिया के अन जेह्यून को 11-9, 11-5, 11-6 से हराया। हरमीत देसाई अंतिम-32 में 30वीं रैंकिंग वाले लिम जोंगहुन से हार गए। भारत के अनुभवी खिलाड़ी अचंत शरत कमल को 506वीं रैंकिंग वाले मोहम्मद अल्कासाब ने शुक्रवार को हरा दिया था।



## पेरू ने जीत का स्वाद चखा

**लीमा ( पेरू )।** पेरू ने उरूग्वे को 1-0 से हराकर विश्व कप फुटबॉल दक्षिण अमेरिकी क्वालीफाइंग दौर में पहली जीत दर्ज की। पेरू के लिए एकमात्र गोल मिगुल अराउजो ने 88वें मिनट में हेडर पर किया। क्वालीफाइंग दौर में आठ मैचों में एक भी जीत दर्ज नहीं कर सकी पेरू की टीम ने 2017 के बाद पहली बार क्वालीफायर में उरूग्वे को हराया है ।

अब पेरू नीचे से एक स्थान ऊपर आ गया है जबकि चिली आखिरी स्थान पर है। उरूग्वे तीसरे स्थान पर है जबकि अर्जेंटीना शीर्ष पर और कोलंबिया दूसरे स्थान पर है। शीर्ष-6 टीमें 2026 में उत्तरी अमेरिका और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में खेलेंगी। उरूग्वे का सामना अब मंगलवार को इक्वाडोर से होगा।

## पीतली ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता



**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजगढ़ के नेहरु मैदान में आयोजित दो दिवसीय वॉलीबाल प्रतियोगिता आज संपन हो गई। उड़ान वैलफेयर सोसायटी राजगढ़ द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय प्रतियोगिता में वालीबाल की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का समापन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव अरुण मेहता ने किया।

पहला सेमीफाइनल लानाचेता व चाम्बीधार के बीच खेला गया, जिसमें लानाचेता की टीम विजयी रही। दूसरा सेमीफाइनल पीतली व बोगधार की टीम के बीच खेला गया, जिसमें पीतली की टीम विजयी रही।

फाइनल मुकाबला लानाचेता व पीतली की टीम के बीच खेला गया जिसमें पीतली की टीम विजय रही। आयोजन समिति द्वारा विजेता टीम को 41 हजार रुपए, ट्राफी व उपविजेता टीम को 21 हजार व ट्राफी देकर सम्मानित किया गया।

### न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में बुमराह उपकप्तान

**नई दिल्ली।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को न्यूजीलैंड के खिलाफ आगामी तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भारत की 15 सदस्यीय टीम का उपकप्तान बनाया गया जो बुधवार से बेंगलुरु में शुरू हो रही है।



इस कदम से संकेत मिलता है कि बुमराह को रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व करने के लिए तैयार किया जा रहा है, क्योंकि हाल ही में बांग्लादेश के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान कोई उपकप्तान नहीं था। टीम को घटाकर 15 कर दिया गया है जिसमें 'अनकैप्ड' बाएं हाथ के तेज गेंदबाज यश दयाल लखनऊ में बंगाल के खिलाफ उत्तर प्रदेश के रणजी ट्रॉफी मैच के दौरान कंधे में चोट लगने के बाद बाहर हो गए।

**भारत की टीम।** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप।

**शतरंज**

### किंग्स की वालेंटिना गुनिना ने एसजी पाइपर्स की कैटरीना लागनो को दी मात

# पाइपर्स को हराकर कांटिनेंटल किंग्स फाइनल में

**एजेंसी, लंदन**

गत चैंपियन त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स ने अल्पाइन एसजी पाइपर्स को 9-7 से हराकर लगातार दूसरी बार टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीएल) के फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब कांटिनेंटल किंग्स का सामना पीबीजी अलास्कन नाइट्स से शनिवार को होगा।

इस मुकाबले से पहले एसजी पाइजर्स के 18 मैच प्वाइंट और 81 गेम प्वाइंट थे जबकि किंग्स के 15 मैच प्वाइंट और 90 गेम प्वाइंट थे। पहले बोर्ड पर किंग्स के अलीरजा फिरोजा का सामना पाइपर्स के मैग्नस कार्लसन से था।

पाइपर्स की शुरुआत शानदार रही, लेकिन तीसरे बोर्ड पर तैमूर रादजाबोव ने रिचर्ड रैपोर्ट से ड्रॉ खेला। इस समय लग रहा था कि पाइपर्स जीत जाएंगे। इसके बाद किंग्स की वालेंटिना गुनिना ने कैटरीना लागनो को हराया जबकि कार्लसन ने फिरोजा को मात दी। वेइ यि ने आर प्रज्ञानानंदा से ड्रा खेला और कोस्तियुनिक ने होउ यिफान को ड्रॉ पर रोका। निर्णायक मुकाबले में किंग्स के जावोखिर सिंदारोव ने डेनियल डी को हराया।




मुकाबले के दौरान त्रिवेणी कांटिनेंटल किंग्स के जावोखिर सिंदारोव और डेनियल डी।

### ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता वंतिका की नजरें ग्रैंडमास्टर खिताब पर

**लंदन।** शतरंज ओलंपियाड स्वर्ण पदक विजेता वंतिका अग्रवाल की नजरें अब ग्रैंडमास्टर बनने पर है और उनका यह सपना अगले साल की शुरूआत में पूरा हो सकता है। उत्तर प्रदेश के नोएडा की रहने वाली वंतिका की अब तक की राह आसान नहीं थी, लेकिन उनके कैरियर में उनकी मां का बड़ा योगदान रहा है। उन्होंने वंतिका को हर चुनौती का सामना करके दक्षिण भारत के दबदबे वाले इस खेल में अपनी छाप छोड़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बहुराष्ट्रीय कंपनी की अपनी नौकरी छोड़कर बेटी के सपने पूरे किए। वंतिका ने हाल ही में बुडापेस्ट में शतरंज ओलंपियाड में टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। टेक महिंद्रा ग्लोबल शतरंज लीग की ब्रांड दूत 21 वर्ष की वंतिका ने कहा ,''इस स्तर तक पहुंचना आसान नहीं था क्योंकि उत्तर भारत में पढाई पर ज्यादा जोर रहता है। अगर आप शतरंज या कोई भी खेल खेलते हैं तो अतिरिक्त समय देना होता है।''

